= 220000 + 33700 = 253700

## Multiplication Based

**TRICK- ( 7 ):** अगर किसी संख्या को 5 से गुणा करना रहे तो संख्या पर एक zero डालकर उसमें 2 से भाग दे दें।

Example- 767 × 5 = ?

Tricky Sol : अभीष्ट हल = $\frac{7670}{2}$ = 3835

**TRICK-( 8 ) :** अगर किसी संख्या को 25 से गुणा करना रहे तो संख्या पर दो zero डालकर उसमें 4 से भाग दे दें।

Example- 5776 × 25 = ?

Tricky Sol : अभीष्ट हल = $\frac{577600}{4}$ = 144400

**TRICKY-9:** अगर किसी संख्या को 125 से गुणा करना रहे तो संख्या पर तीन zero डालकर उसमें 8 से भाग दे दें।

Example- 1735 × 125 = ?

Tricky Sol: अभीष्ट हल = $\frac{1735000}{8}$ = 216875

**TRICK-10-** अगर किसी संख्या को 9 के दुहराव वाले अंक से गुणा करना हो, तो संख्या के ऊपर उतना ही zero डाल दें, जितना 9 है और उसमें से संख्या को घटा दें।

Example : 48725 × 9999

= 487250000

 - 48725

487201275

**TRICK-11:** अगर किसी संख्या के अन्त में "0" की महत्ता रहे तो-

Example- 44000 × 502000 = ?

(44 x 502) पर 6 zero डालें (सभी बाद के zero को जोड़ कर)

## Divisios & Divisibility Based

**TRICK-( 12 ) :** यदि किसी संख्या में 5 से भाग देना हो, तो उसे 2 से गुणा कर 10 से भाग दें।

Example- $\frac{995+95}{5}$ = ?

Tricky Sol : = $\frac{1090}{5} = \frac{1090\times2}{10}$ = 109 × 2 = 218

**Trick-13:** यदि किसी संख्या में 25 से भाग देना हो, तो उसे 4 से गुणा कर 100 से भाग दें।

Example- 7775 ÷ 25 = ?

Tricky Sol : अभीष्ट हल = $\frac{7775\times4}{100} = \frac{31100}{100}$ = 311

**TRICK-14:** यदि किसी संख्या में 125 से भाग देना हो, तो उसे 8 से गुणा कर 1000 से भाग दें।

Example- (3692 + 1863 + 2410) ÷ 125 = ?

Sol : (3692 + 1863 + 2410) ÷ 125 = 7965 ÷ 125 = 63.72

Tricky Sol : (3692 + 1863 + 2410) ÷ 125

7965 ÷ 125 = $\frac{7965\times8}{1000} = \frac{63720}{1000}$ = 63.72

**Trick-15:** यदि भाग की क्रिया इस प्रकार रहे कि a ÷ b ÷ c ÷ d ÷ e ÷ f ÷ ............. तो इसे निम्न प्रकार से करें।

परिणाम = $\frac{a}{b\times c\times d\times e\times f\times ..........}$

Example- 360 ÷ 6 ÷ 5 ÷ 4 ÷ 3 ÷ 2 ÷ 1 = ?

Tricky Sol : अभीष्ट हल = $\frac{360}{6\times5\times4\times3\times2\times1} = \frac{360}{720} = \frac{1}{2}$

**Tricky-16:** यदि किसी संख्या में अंत से Zero की महत्ता वाली संख्या से भाग देना रहे, तो-

Example- 149888 ÷ 2000

संख्या में अंक से भाग दे दें और भाजक में जितना zero हो, दाएँ से उतना अंक पूर्व दशमलव डाल दें।

$\frac{149888}{2}$ = 74944

∵ भाजक में Zero की संख्या तीन है अतः अभीष्ट परिणाम दाएँ से तीन अंक पूर्व दशमलव पड़ने पर आएगा।

∴ अभीष्ट परिणाम = 74.944

**TRICKY-17:** 1 से a तक x से विभाज्य

कुल संख्या = $\frac{a}{x}$ का पूर्णांक

Example- 725 तक की प्राकृत संख्या में से कितनी ऐसी संख्या है, जो 3 से विभाज्य है?

Tricky Sol: अभीष्ट संख्या = $\frac{725}{3} = 241\frac{2}{3}$

का पूर्णांक = 241

KOTHARI INSTITUTE

**Trick-18:** 1 से a तक x एवं y से विभाज्य कुल संख्या

$$\left(\frac{a}{\text{x और y का ल.स.}}\right) \text{ का पूर्णांक}$$

Example- 1 से 200 तक के अंकों में 2 और 3 से विभाजित होने वाली कितनी संख्याएँ होगी?

Tricky Sol : अभीष्ट संख्याओं की संख्या

$$= \left(\frac{200}{\text{2 और 3 का ल.स.}}\right) \text{ का पूर्णांक}$$

$$= \frac{200}{6} \text{ का पूर्णांक} = 33\frac{2}{6} \text{ का पूर्णांक} = 33$$

**Tricky-19:** 1 से a तक x या y से विभाज्य कुल संख्या

$$\left(\frac{a}{x} \text{ का पूर्णांक} + \frac{a}{y} \text{ का पूर्णांक}\right)$$

Example- 80 तक 2 या 3 से विभाज्य कुल कितनी संख्या है?

Tricky Sol: $= \left(\frac{80}{2} \text{ का पूर्णांक} + \frac{80}{3} \text{ का पूर्णांक}\right) - \left(\frac{80}{\text{2.3 का ल.स.}}\right)$

का पूर्णांक = 40 + 26 - 13 = 40 + 13 = 53

**Trick-20:** a से b तक x से विभाज्य कुल संख्या

$$= \left(\frac{b}{x} \text{ का पूर्णांक}\right) - \left(\frac{a}{x} \text{ का पूर्णांक}\right)$$

Example- 5 अंक की 11 से विभाज्य कुल कितनी संख्या है।

Tricky Sol: 5 अंकों की 11 से विभाज्य कुल संख्या

$$= \frac{99999}{11} \text{ का पूर्णांक } \frac{10000}{11} \text{ का पूर्णांक}$$

$$= 9090\frac{9}{11} \text{ का पूर्णांक } -909\frac{1}{11} \text{ का पूर्णांक}$$

= 9090 - 909 = 8181

**Trick-21 :** a से b तक x एवं y से विभाज्य कुल संख्या

$$= \left(\frac{b}{\text{x और y का ल.स.}}\right) \text{ का पूर्णांक}$$

$$- = \left(\frac{a}{\text{x और y का ल.स.}}\right) \text{ का पूर्णांक}$$

Example- 14 से 44 तक 2 एवं 3 से विभाज्य कुल कितनी संख्या है?

**Tricky Sol:** अभीष्ट हल $= \frac{44}{6}$ का पूर्णांक $- \frac{14}{6}$ का पूर्णांक

= 7 - 2 = 5

**Note-** a से b तक वाले Trick में शर्त के हिसाब से a और b के मान को ध्यान में रखें। अन्यथा हल के मान में 1 की कमी या वृद्धि आ सकती है।

**Trick-22:** 1 से a तक x, y, और z से विभाज्य कुल संख्या

$$\left(\frac{a}{\text{x, y और z का ल.स.}}\right) \text{ का पूर्णांक}$$

Example- 70 तक 2, 3 एवं 4 से विभाज्य कुल संख्या = ?

Tricky Sol: अभीष्ट हल $= \frac{70}{12}$ का पूर्णांक = 5

## EXERCISE

1. 117, 119 और 143 में कौन-सी अभाज्य संख्या है?
   (A) 117 (B) 119
   (C) 143 (D) इनमें से कोई नहीं
2. 17440 में 7 के स्थानीय मान और अंकित मान का अंतर क्या होगा?
   (A) 6993 (B) 69993 (C) 70000 (D) 6999.
3. 0, 4, -2, 3 और $1\frac{1}{4}$ सभी किस संख्या की श्रेणी में आएंगी?
   (A) परिमेय (B) अपरिमेय (C) प्रकृत (D) पूर्ण
4. 564.465 में दोनों 4 के स्थानीय मान का योगफल बतावें।
   (A) 8 (B) 0.4 (C) 4.4 (D) 0.8
5. 4264 में 6 के स्थानिक मान और नैज मान का योगफल बतावें।
   (A) 60 (B) 120 (C) 66 (D) 54
6. रामानुजन संख्या के अंकों का एकल योग बतावें।
   (A) 1 (B) 2 (C) 3 (D) 10
7. निम्न में से कौन-सा जुड़वाँ अभाज्य संख्या है।
   (A) (1, 2) (B) (2, 3) (C) (3, 5) (D) (5, 6)
8. 3 अंकों की बड़ी संख्या और 3 अंकों की छोटी संख्या का योगफल एवं अन्तरफल के बीच का अन्तर बतावें।
   (A) 1 (B) 899 (C) 200 (D) 1998
9. यदि 1 + 2 + 3 + ....... + 8 = 36, तो 11 + 12 + ....... + 18 = ?
   (A) 116 (B) 46 (C) 106 (D) 96
10. सात क्रमागत पूर्ण संख्याओं का योगफल 133 है, तो न्यूनतम विषम पूर्ण संख्या है-
    (A) 17 (B) 13 (C) 11 (D) 19.

## ANSWERS

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1.(D) | 2.(A) | 3.(A) | 4.(C) | 5.(C) |
| 6.(A) | 7.(C) | 8.(C) | 9.(A) | 10.(A) |

KOTHARI INSTITUTE

# लघुत्तम समापवर्त्य एवं म.स. (L.C.M. & H.C.F.)

**<u>लघुत्तम समापवर्त्य ( Lowest Common Multiple )</u>-** किसी संख्या श्रेणी के प्रत्येक संख्या से पूर्णतया विभाज्य होने वाली सबसे छोटी संख्या उस संख्या श्रेणी का लघुत्तम समापर्वत्य (L.C.M. या ल.स.) कहलाती है।

**Example-** 3, 4, 5 और 6 का ल.स.

60 ऐसी सबसे छोटी संख्या है जो 3, 4, 5 और 6 सभी से पूर्णतया विभाज्य है। अतः 3, 4, 5 और 6 का ल.स. (L.C.M.) 60 होगा।

**ल.स. ज्ञात करने की विधि-**

## (i) भाग विधि (Division Method)-

**Example-** 6, 9, 15 और 20 का ल.स. ज्ञात करें।

**Step.I.** सभी संख्याओं को अलग-अलग लिख कर निम्न प्रकार से सजा लें।

$$\left|\,\underline{6,9,15,20}\right.$$

**Step.II-** अब वैसी सबसे छोटी संख्या चुनें (1 से बड़ी) जिससे कम-से-कम दो संख्या पूर्णतया विभाज्य हो। भाजक को बगल में तथा भागफल को ठीक नीचे लिखें।

$$\begin{array}{r|l} 2 & \underline{6,9,15,20} \\ & 3,9,15,10 \end{array}$$

**Note-** जिस संख्या में भाजक से पूरा-पूरा भाग नहीं लगे, उसे अपने रूप में ही भागफल की जगह लिख दें।

**Step.III-** पुनः नये भागफल के साथ Step-II की क्रिया तब तक करें जब तक की कम-से-कम दो अंक किसी एक संख्या से विभाज्य होना बंद न हो जाए।

$$\begin{array}{r|l} 2 & \underline{6,\ 9,\ 15,\ 20} \\ 3 & \underline{3,\ 9,\ 15,\ 10} \\ 5 & \underline{1,\ 3,\ 5,\ \ 10} \\ & 1,\ 3,\ 1,\ \ 2 \end{array}$$

**Step-IV-** अब सभी भाजक और अन्त में प्राप्त भागफल को आपस में गुणा कर लिखें-

$= 2 \times 3 \times 5 \times 1 \times 3 \times 1 \times 2 = 180$

**Step.V-** प्राप्त परिणाम ही दी गई संख्याओं का ल.स. (L.C.M.) होगा।

**अतः** 6, 9, 15 और 20 का ल.स. (L.C.M.) = 180 है।

**Note-** अगर दी गई संख्या श्रेणी का कोई भी दो संख्या किसी निश्चित संख्या से विभाज्य न हो, तो ऐसी स्थिति में सभी संख्याओं को आपस में गुणा करने पर प्राप्त परिणाम ही, उन संख्याओं का ल.स. होगा।

**Example-** 2, 3, 5 और 7 का ल.स. ज्ञात करें।

अभीष्ठ ल.स. $= 2 \times 3 \times 5 \times 7 = 210$

[∵ कोई भी दो संख्या एक निश्चित संख्या से विभाज्य नहीं है।]

## (ii) गुणनखंड विधि (Factor Method)-

**Step.I-** सर्वप्रथम संख्याओं का गुणनखण्ड ज्ञात करें।

$14 \rightarrow 2 \times 7$

$16 \rightarrow 2 \times 2 \times 2 \times 2$

**Step.II-** अब उभयनिष्ठ गुणनखण्ड को लिखकर शेष सभी गुणनखण्डों को गुणा के रूप में लिखें।

$2 \times 7 \times 2 \times 2 \times 2 = 112$

**Step.III-** इनको गुणा करने पर जो परिणाम प्राप्त होता है वही परिणाम दी गई संख्याओं का ल.स. (L.C.M.) होता है।

∴ 14 और 16 का ल.स. = 112

**अपर्वत्य या गुणज-** किसी संख्या का गुणात्मक रूप ही उसका अवर्पत्य कहलाता है।

**Example-** 6. का अपर्वत्य = 6, 12, 18, 24, 30, ...

**Note-** किसी भी संख्या के अपर्वत्य की संख्या अनन्त होती है।

**अपवर्तक या गुणक-** कोई भी संख्या जिन-जिन संख्याओं से विभाज्य (पूर्णतया) हो जाए वह सभी संख्या दी गई संख्या का अपर्त्तक है।

**Example- 15** का अपवर्तक = 1, 3, 5, 15

### Some Important POINTS

(i) किसी एकल संख्या का ल.स. वह संख्या खुद ही होता है।

**Example-** 14 का ल.स. = 14 आदि।

(ii) अगर ल.स. (L.C.M.) ज्ञात करने में "0" अथवा कोई ऋणात्मक संख्या आ जाए तो उसका मान ज्ञात करना संभव नहीं है।

(iii) किसी भी संख्या के अपर्वत्य की संख्या अनन्त होती है।

**<u>महत्तम समापवर्तक ( Highest Common Factor )</u>-** वैसी बड़ी-से-बड़ी संख्या जिससे दी गई संख्या श्रेणी (जिनका म.स. ज्ञात करना रहे) की प्रत्येक संख्या पूर्णतया विभाज्य हो जाए, उस संख्या श्रेणी का महत्तम समापवर्त्तक (H.C.F. या म.स.) होगी।

**Example-** 4 और 14 का म.स. = 2

∵ 2 ही ऐसी सबसे बड़ी संख्या है जिससे 4 और 14 दोनों विभाज्य है।

**म.स. ज्ञात करने की विधि-**

## (i) भाग विधि (Division Method)-

13 और 29 का म.स. ज्ञात करें?

**Step.1-** दी गई संख्याओं में से बड़ी संख्या को बीच में और छोटी संख्या को उससे बाएँ रखें।

KOTHARI INSTITUTE

$3)29($

**Step.II-** अब छोटी संख्या से बड़ी संख्या में भाग दें। भागफल को दाएँ लिखें तथा परिणाम को बड़ी संख्या के नीचे लिख कर हटा लें।

$$13)\frac{29}{26}(2$$

$$3)13($$

**Step.III-** अब शेषफल को भाजक और पूर्व के भाजक को भाज्य के स्थान पर सजा कर Step-II की क्रिया तब तक जारी रखें जब तक की शेषफल Zero (शून्य) ना आ जाए।

$$13)\frac{29}{26}(2$$

$$3)\frac{13}{12}(4$$

$$1)\frac{3}{3}(3$$

$$\boxed{\times}$$

**Step.IV-** प्राप्त अंतिम भाजक ही उन दोनों संख्याओं का म.स. होगा।

$\therefore$ 13 और 29 का म.स. = 1

**Note-** अगर दो से अधिक संख्याओं का म.स. ज्ञात करना रहे, तो पहली दो संख्याओं का म.स. ऊपर की विधि से ज्ञात कर लें। फिर प्राप्त म.स. को भाजक के स्थान पर रख कर तीसरी संख्या को भाज्य बनाकर म.स. ज्ञात करें। इस प्रकार प्राप्त म.स. का चौथी सं. के साथ, पुनः प्राप्त म.स. का 5वीं संख्या के साथ.... क्रिया करें। अंतिम म.स. ही उन संख्याओं का अभीष्ट म. स. होगा।

## (ii) गुणनखण्ड विधि (Factor Method)-

**Example-** 4, 8, 16 का म.स. ज्ञात करें।

**Step.I-** सर्वप्रथम दी गई संख्याओं का अपवर्तक निकाल लें।

$4 \rightarrow 1, 2, 4$

$8 \rightarrow 1, 2, 4, 8$

$16 \rightarrow 1, 2, 4, 8, 16$

**Step.II-** अब इन अपवर्तकों में से उभयनिष्ठ अपवर्तक चुनें।

1, 2, 4 (उभयनिष्ठ अपवर्तक है)

Step.III- उभयनिष्ठ अपवर्तकों में जो सबसे बड़ा होता है, वही दी गई संख्याओं का म.स. होता है।

$\therefore$ 4, 8, 16 का म.स. = 4

**अगर दो संख्याओं का ल.स. या म.स. में से कोई एक दिया रहे तो-**

पहली संख्या × दूसरी संख्या = ल.स. × म.स.

**Example-** यदि दो संख्याओं का ल.स. 8 और म.स. 4 हो, इनमें से पहली संख्या 4 हो, तो दूसरी संख्या बतावें।

Sol.- $\because$ पहली संख्या × दूसरी संख्या = ल. स. × म.स.

$\Rightarrow$ 4 × दूसरी संख्या = 4 × 8

$\therefore$ दूसरी संख्या $= \frac{4 \times 8}{4} = 8$ है।

**जब संख्या भिन्न के रूप में रहे-**

(1) संख्याओं का L.C.M. $= \frac{\text{अंशों का ल.स.}}{\text{हरों का म.स.}}$

**Example-** $\frac{4}{15}, \frac{2}{15}, \frac{3}{15}$ का ल.स. ज्ञात करें।

$$= \frac{(4, 2, 3) \text{ का ल.स.}}{(15, 15, 15) \text{ का म.स.}} = \frac{12}{5}$$

(2) संख्याओं का H.C.H. $= \frac{\text{अंशों का H.C.F.}}{\text{हरों का L.C.M.}}$

**Example-** $\frac{3}{4}, \frac{6}{5}, \frac{9}{4}$ का म.स. ज्ञात करें।

$$= \frac{3, 6, 9 \text{ का म.स.}}{4, 5, 4 \text{ का ल.स.}} = \frac{3}{20}$$

(3) जब भिन्न दशमलव भिन्न के रूप में रहे तो इसे साधारण भिन्न में बदल लें, पुनः METHOD (1) या (2) की सहायता से ल.स. या म.स. ज्ञात करें।

**Example-** 4.5, 2.25, 3.75 का म.स. ज्ञात करें।

$$4.5\ \frac{45}{10}, 2.25 = \frac{225}{100}, 3.75 = \frac{375}{100}$$

$\therefore$ इनका म.स. $= \frac{45, 225, 375 \text{ का म.स.}}{10, 100, 100 \text{ का ल.स.}} = \frac{15}{100} = 0.15$

# SOME IMPORTANT TRICKS

## BASED ON L.C.M.

**Trick ( 1 )-** दी गई संख्या श्रेणी की सबसे बड़ी संख्या अगर शेष सभी संख्या से पूर्ण विभाज्य हो, तो बड़ी संख्या ही उस संख्या श्रेणी का ल.स. (L.C.M.) होती है।

**Example-** 4, 6, 12, 36 का ल.स. = 36

$\because$ 36, (4, 6 और 12) से विभाज्य है।

**Trick ( 2 )-** यदि समान आधार की संख्याओं पर भिन्न-भिन्न घात रहे तो जिस पर घात सबसे ज्यादा होगा, वही उस सभी संख्याओं का

ल.स. होगा।

**Example-** (2)4, (2)9, (2)3, (2)0 का ल.स. = (2)9

∵ सबसे बड़ी घात वाली संख्या (2)9 है।

**Note-** अगर समान आधार वाली किसी संख्या पर घात त्र+णात्मक रहे तो इस Trick का प्रयोग गलत होगा।

**Trick-( 3 )-** यदि संख्या

$(x)^a \times (y)^b$, $(x)^c \times (y)^d$, $(x)^e \times (y)^f$ ... के रूप में रहे तो $(x)^{a,c,e}$... में से a,c,e, ... में सबसे बड़ी संख्या को (x) पर घात के रूप में चुन लें और y वाले के साथ भी यही क्रिया करें। प्राप्त परिणाम ही इन संख्याओं का ल.स. होगा।

**Example-** $(2)^3 \times (3)^5$, $(2)^3 \times (3)^6$, $(2)^7 \times (3)^9$ का ल.स.

= 2 पर महत्तम घास x 3 पर महत्तम घात

$= (2)^7 \times (3)^9$ होगा।

## BASED ON H.C.F.

**Trick ( 4 )-** दी गई संख्या श्रेणी (जिनका म.स. ज्ञात करना हो) में अगर सबसे छोटी संख्या से शेष सभी संख्या विभाज्य हो, तो उन संख्याओं का म.स. सबसे छोटी संख्या होगी।

**Example-** 4, 12, 24 का म.स. = 4

∵ 12, और 24, 4 से विभाज्य है।

**Trick ( 5 )-** अगर संख्या समान आधार पर भिन्न-भिन्न घात के रूप में रहे तो उनका म.स. वह संख्या होगी, जिस पर घात सबसे कम होगा।

**Example-** $(3)^5, (3)^7, (3)^2, (3)^0, (3)^9$ का.म.स.

$= (3)^0 = 1$

∴ 3 पर न्यूनतम घात "0" है। जिसका मान 1 होता है।

**Note-** अगर समान आधार पर किसी में घात ऋणात्मक हो, तो इस Trick का प्रयोग गलत होगा।

## BASED ON L.CM. & H.C.F

**Trick (6)-** दशमलव भिन्न का ल.स. या म.स. ज्ञात करने के लिए इस साधारण भिन्न में बदब ले। पुनः Formula से इनका ल.स. या म.स. ज्ञात करें।

**Example-** 0.4, 0.24, 0.3 का ल.स. ज्ञात करें।

$$0.4 = \frac{4}{10} = \frac{2}{5}, 0.24 = \frac{24}{100} = \frac{6}{25}, 0.3 = \frac{3}{10}$$

अब $\frac{2}{5}, \frac{6}{25}$ और $\frac{3}{10}$ का ल.स. ज्ञात करें।

**Trick ( 7 )-** अगर समान आधार वाली किसी संख्या पर घात त्र+णात्मक रहे, तो इसे भिन्न में बदलकर ल.स. या म.स. ज्ञात करें।

**Example-** $(2)^2, (2)^{-2}, (2)^3, (2)^0$ का म.स. ज्ञात करें।

$$2^2 = \frac{4}{1}, (2)^{-2} = \frac{1}{4}, (2)^3 = \frac{8}{1}, (2)^0 = \frac{1}{1}$$

अब $\frac{4}{1}, \frac{1}{4}, \frac{8}{1}, \frac{1}{1}$ का म.स. ज्ञात करें।

## EXERCISE

1. 4,5,6 से विभाज्य सबसे छोटी घन संख्या बतावें?
   (A) 27000 (B) 27 (C) 60 (D) 3600
2. वह संख्या जो 12, 15, 20 से विभाज्य पूर्ण वर्ग हो, न्यूनतम होगी?
   (A) 900 (B) 600 (C) 1200 (D) 1600
3. वैसी छोटी-से-छोटी संख्या ज्ञात करें जिसमें 12, 14 और 16 से भाग देने पर प्रत्येक स्थिति में शेष 4 बचे। परन्तु 4 से भाग देने पर वह पूरी-पूरी विभाज्य हो जाती हो?
   (A) 430 (B) 340 (C) 360 (D) 380
4. वह छोटी-से-छोटी संख्या बतावें जिसको 1472 में घटाने पर वह 2, 3 और 4 से पूरा-पूरा विभाज्य हो जाए।
   (A) 1 (B) 2 (C) 4 (D) 8
5. 4 घंटियाँ क्रमशः 3, 6, 9 और 12 sec के अन्तराल पर बजती है। यदि यह सभी घंटियाँ 01 : 00 बजे साथ बजी हों, तो कितने बजे यह पुनः साथ बजेंगी?
   (A) 01 : 06 (B) 01 : 01
   (C) 01 : 02 (D) 01 : 01 : 01
6. उस न्यूनतम अंक को बतावें जो 3, 5, 7 से पूर्णतया विभाज्य वर्ग संख्या है?
   (A) 1225 (B) 11025 (C) 1125 (D) 12025
7. वैसी छोटी-से-छोटी संख्या बतावें जिसमें 4, 5 और 6 से भाग देने पर क्रमशः 2, 3 और 4 शेष बचे।
   (A) 62 (B) 58 (C) 56 (D) 48
8. 13 का वह सबसे छोटा गुणज, जिसे 4, 5, 6, 7 और 8 से भाग देने पर प्रत्येक दशा में 2 शेष रहता हो, होगा-
   (A) 2520 (B) 842 (C) 2522 (D) 840
9. ऐसा न्यूनतम अंक खोजें जिसे 9, 12, 15 या 20 से विभाजित करने पर उसका शेषफल 3 हो।
   (A) 63 (B) 123 (C) 183 (D) 263
10. सबसे छोटी-से-छोटी संख्या कौन सी है, जिसमें जब 4 जोड़ दिया जाए, तो वह 27, 35, 25 तथा 21 से विभाजित हो जाती है?
    (A) 4723 (B) 4721 (C) 4272 (D) 4273

## ANSWERS

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1.(A) | 2.(A) | 3.(B) | 4.(D) | 5.(A) |
| 6.(B) | 7.(B) | 8.(C) | 9.(C) | 10.(B) |

KOTHARI INSTITUTE

# सरलीकरण Simplification

**जब किसी व्यंजक में जोड़ (+), घटाव (-), गुणा (x), भाग (÷), का (of), कोष्ठ (Bracket) आदि की क्रियाओं में से कुछ या प्रत्येक क्रिया को साथ रख दिया जाए, तो उसे सरल करने के लिए "VBODMAS" नियम को प्रयोग में लाया जाता।**

**VBODMAS नियम विधि-**

V → रेखा कोष्ठ (Vinculum or Bar Bracket)
B → कोष्ठक (Bracket)
O → का (of)
D → भाग (Division)
M → गुणा (Multiplication)
A → जोड़ (Addition)
S → घटाव (Substraction)

**कोष्ठक के प्रकार (Typers of Bracket)**

(i) रेखा कोष्ठ (Bar Bracket) → "_"
(ii) छोटी कोष्ठ (Small Bracket) → ( )
(iii) मध्य कोष्ठ (Curly Bracket) → { }
(iv) बड़ा कोष्ठ (Square Bracket) → [ ]

**व्यंजकों को हल करने में क्रमशः प्रयोग करें -**

(i) रेखा कोष्ठ (ii) छोटी कोष्ठ (iii) मध्य कोष्ठ (iv) बड़ा कोष के अन्दर की क्रिया निम्न प्रकार से करें।
(i) of की क्रिया (ii) भाग की क्रिया (iii) गुणा की क्रिया (iv) जोड़ की क्रिया (v) घटाव की क्रिया

**नोट- कोष्ठ के अन्दर की क्रिया किसी भी कोष्ठ को हटाने के पूर्व करें।**

♦ **चिन्हों का गुणा-भाग (Multiplication & Division of Signs)-**

(1) (+) x (+) = (+), (+) x (-) = (-),
(-) x (+) = (-), (-) x (-) = (+)
(2) (+) ÷ (+) = (+), (+) ÷ (-) = (-),
(-) ÷ (+) = (-), (-) ÷ (-) = (+)

## Some Important POINTS

♦ "का" की क्रिया करने के लिए जिन दो संख्याओं के बीच "का" का चिन्ह रहे उसे आपस में गुणा कर लें।

Example - 2 का $\frac{5}{4} = 2 \text{x} \frac{5}{4} = \frac{5}{2}$ आदि ।

♦ भाग (÷) की क्रिया करने के लिए, जिन दो संख्याओं के बीच भाग का चिन्ह रहे, उसमें दाएं की संख्या को पलटकर लिखें एवं भाग के चिन्ह को गुणा में बदल लें।

**Example** - $6 \div 2 = 6 \text{ X } \frac{1}{2} = 3$ आदि।

## EXERCISE

1. $(45)^2 - (41)^2 = ? \text{ X } 4$
(a) 4 (b) 86 (c) 344 (d) 1376

2 $2 \text{ X } [3 \div 4\{5\text{x}6 \div (7\text{x}8)\} \text{x} (4 + \overline{3+2})]$
(a) $40\frac{56}{45}$ (b) $45\frac{40}{56}$ (c) $40\frac{45}{56}$ (d) $40\frac{1}{40}$

3. $\dfrac{(3+4) \text{ X } 6 + 7 \div \frac{1}{4}}{2 + 3 \text{ X } 4 \div \frac{5}{6}} = ?$
(a) $9\frac{7}{37}$ (b) $7\frac{9}{37}$ (c) $4\frac{11}{41}$ (d) $9\frac{17}{37}$

4. $4 \text{x} 5 - [6 - \{7 \text{ x } \overline{3 \text{x} 2} - (5-3) + 7$ का $\frac{1}{2}\}] = ?$
(a) 101 (b) $51\frac{1}{2}$ (c) $101\frac{1}{2}$ (d) $57\frac{1}{2}$

5. $\dfrac{(0.03)^4 - (0.2)^4}{(0.2)^2 - (0.03)^2} = ?$
(a) 0.391 (b) 0.0391
(c) - 0.391 (d) -0.0391

6. यदि 2 = 2b, b = 2c, c = 2d, तो d के रूप में 2a + 3b - 4c + 5d = ?
(a) 20 d (b) 10 d (c) 4 d (d) 25 d

7. $\dfrac{(0.3)^4 - (0.2)^4}{(0.3)^2 - (0.2)^2} = ?$
(a) 0.03 (b) 0.3 (c) 0.13 (d) 0.32

8. दिया गया है कि $\sqrt{3} = 1.732$ $\dfrac{4+3\sqrt{3}}{\sqrt{7+4\sqrt{3}}}$ का दशमलव के तीन अंकों का सही मान है-
(a) 0.023 (b) 0.464 (c) 2.464 (d) 3.023

9. $\frac{3}{4} \div 2\frac{1}{4}$ का $\frac{2}{3} - \dfrac{\frac{1}{2}-\frac{1}{3}}{\frac{1}{2}+\frac{1}{3}} \text{ X } 3\frac{1}{3} + \frac{5}{6} = ?$

KOTHARI INSTITUTE

(a) $\frac{7}{8}$ (b) $\frac{49}{54}$ (c) $\frac{2}{3}$ (d) $\frac{1}{6}$

10. $(15)^2 + (18)^2 - 20 = \sqrt{(?)}$

(a) 279841 (b) 23 (c) 22 (d) 529

11. $\frac{1}{\sqrt{3+\sqrt{4}}}+\frac{1}{\sqrt{4+\sqrt{5}}}+\frac{1}{\sqrt{5+\sqrt{6}}}+\frac{1}{\sqrt{6+\sqrt{7}}}+\frac{1+}{\sqrt{7+\sqrt{8}}}+\frac{1+}{\sqrt{8+\sqrt{9}}}=?$

(a) $\sqrt{3}$ (b) $3\sqrt{3}$ (c) $3-\sqrt{3}$ (d) $5-\sqrt{3}$

12. $15 - 10 + 5 \times 2 \div 5 = ?$

(a) 70 (b) 4 (c) 5 (d) 7

13. $\frac{2}{3}\div[\frac{3}{4}-\{\frac{5}{4}x(\frac{5}{2}$ का $\overline{\frac{3}{2}+\frac{4}{2}})\div\frac{3}{5}\}]=?$

(a) $\frac{-32}{839}$ (b) $\frac{32}{839}$ (c) $\frac{23}{839}$ (d) $\frac{-23}{839}$

14. $\frac{14-2x3+4}{5x3+2\div\frac{1}{2} \quad \frac{1}{2}-3}=?$

(a) (b) $\frac{3}{7}$ (c) $\frac{3}{5}$ (d) $\frac{2}{5}$

15. $\frac{\frac{1}{3}\div\frac{1}{3} \quad \frac{1}{3}}{\frac{1}{3}+\frac{1}{3} \quad \frac{1}{3}}=?$

(a) $5\frac{3}{4}$ (b) $6\frac{3}{4}$ (c) $3\frac{1}{3}$ (d) $6\frac{1}{3}$

16. 72 का $[\frac{3}{4}+[\frac{2\frac{1}{2}-1\frac{1}{2}}{3\frac{1}{2}+4\frac{1}{2}}]=?$

(a) 63 (b) 36 (c) 72 (d) 53

17. $\frac{341x341x341-301x301x301}{341x341+341x301+301x301}=?$

(a) 40 (b) 41 (c) 42 (d) 50

18. $\frac{143x143+144x143+144x144}{143x143x143-144x144x144}=?$

(a) 1 (b) 143 (c) 144 (d) -1

19. $1\frac{1}{2}-\left[-2\frac{1}{2}+\{3\frac{1}{3}-(4\frac{1}{4})\}\right]=?$

(a) $10\frac{1}{2}$ (b) $-4\frac{11}{12}$ (c) $4\frac{11}{12}$ (d) $4\frac{1}{4}$

20. $\frac{1}{2}+\left[\frac{-3}{4}x\frac{4}{5}\div\frac{5}{6}$ का $\frac{6}{7}-\overline{\frac{7}{8}+\frac{1}{8}}\right]=?$

(a) $-\frac{21}{50}$ (b) $\frac{1}{50}$ (c) $\frac{21}{5}$ (d) $\pm\frac{21}{50}$

21. $\frac{0.07x0.07-2x0.07x0.05+0.05x0.05}{0.07x0.07+2x0.07x0.05+0.05x0.05}=?$

(a) 0.002 (b) 0.02 (c) 0.2 (d) 0.0002

22. $\frac{0.76x0.76-0.76x0.24x2+0.24x0.24}{0.76-0.24}=?$

(a) 1 का (b) 1.52 (c) 0.74 (d) 1.25

23. $\frac{(6.25)^{\frac{1}{2}}x(0.0144)^{\frac{1}{2}}+1}{(0.027)^{\frac{1}{3}}x(81)^{\frac{1}{4}}}$ का सरलीकृत है-

(a) 0.14 (b) 1.4 (c) 1 (d) $1.\overline{4}$

24. $\sqrt[3]{\frac{0.2x0.2x0.2+0.04x0.04x0.04}{0.4x0.4x0.4+0.08x0.08x0.08}}$ का मान है-

(a) 0.5 (b) 0.25 (c) 0.75 (d) 1.125

25. $a=\frac{\sqrt{5+}\ 1}{\sqrt{5}-1}$ और b $\frac{\sqrt{5+}\ 1}{\sqrt{5}-1}$ हो तो $\frac{a^2+ab+b^2}{a^2-ab+b^2}$ का मान होगा-

(a) $\frac{3}{4}$ (b) $\frac{4}{3}$ (c) $\frac{3}{5}$ (d) $\frac{5}{3}$

## ANSWERS

1. (B) 2. (C) 3. (C) 4. (D) 5. (D) 6. (D)
7. (C) 8. (C) 9 (C) 10. (A) 11. (C) 12. (D)
13. (A) 14. (C) 15. (B) 16. (A) 17. (A) 18. (D)
19. (C) 20. (A) 21. (B) 22. (C) 23. (D) 24. (A)
25. (B)

# बीजगणित सक्रिय (Algebric Probleros)

**बीजगणित की वह शाखा है जिसमें संख्याओं के स्थान पर चिन्हों का प्रयोग किया जाता है।**

- बीजगणित चर तथा अचर राशियों के समीकरण को हल करने तथा चर राशियों के मान निकालने पर आधारित है।
- बीजगणित के विकास के फलस्वरूप निर्देशांक ज्यामिति व कैलकुलस का विकास हुआ जिसमें गणित की उपयोगिता बहुत बढ़ गयी। इससे विज्ञान और तकनीकी के विकास को गति मिली।
- बीजगणित में केवल समीकरणों का ही समावेश नहीं होता इसमें बहुपद, सतत, भिन्न, गुणनफल, संख्या अनुक्रम, रूप, सारणिक, श्रेविक आदि अनेक प्रकरणों का अध्ययन किया जाता है।

**बहुपद-** प्रारंभिक बीजगणित में धन (+) और ऋण (–) चिन्हों से संबद्ध कई पदों के व्यंजक (Expression) को बहुपद कहते हैं।

**यथा** $(3a + 2b - 5b)$

- पदों की संख्या के अनुसार इसके विशिष्ट उपनाम 'एकपद' (Monomial), द्विपद (Binomial) आदि आते हैं।
- उच्चतर गणित में बहुपद का विशिष्ट उपयोग ऐसे वयंजक के लिए होता है जिसमें पदों में किसी एक चर राशि या एक से अधिक चर राशियों के शून्य अथवा धन पूर्णांक घात आरोह या अवरोह क्रम में हों, यथा

$3x + x^2 - x^4$.................. (1)

$-6x^6 y + 5px^2 - ax$ .................. (2)

- व्यंजक (1) $(x)$ का बहुपद है और (2) $x$, y, z का तथा उसमें (a) अचर (Constant) है।

यदि $(x)$ के स्थान में सर्वत्र कोई अन्य व्यंजक मान लें, Log $x$ रख दिया जाए तो नया व्यंजक Log $x$ व्यंजक कहलाएगा।

- पदों के घातों में से महत्तम को बहुपद का घात (डिग्री) कहते हैं।
- यदि एक से अधिक चर राशियाँ हो, तो विभिन्न पदों में चर राशियों के घातों के योगफलों में से महत्तम को बहुपद का घात कहते हैं।
- इस प्रकार बहुपद (1) का घात 4 है और (2) का 71 ऐसा भी कहा जाता है कि बहुपद (2) $(x)$ में छदे घात का और (y) में द्वितीय घात का है।
- दो बहुपदों का योगफल, अंतर और गुणनफल बहुपद ही होता है, किन्तु उनका भागफल बहुपद नहीं होता।
- दो बहुपदों के भागफल को, जिनमें एक संख्या भाग भी हो सकता है, परिमेय फलन (Rational Function) कहते हैं। चर $(x)$ में घात (m) का व्यापक रूप है -

$a0x^m + a1x^{m-1} + ............ + am$ अर्थात् a0 शुन्य है।

## सतत भिन्न (Continued Fraction)

गणित में निम्नलिखित प्रकार के व्यंजक (Expression) को सतत् भिन्न कहते हैं।

**Example:**

$$x = a0 + \cfrac{1}{a1 + \cfrac{1}{a2 + \cfrac{1}{a3 + \cfrac{1}{\cfrac{1}{.........}}}}}$$

- यह a0 एक पूर्णांक है तथा अन्य सभी ai $(i \neq 0)$ घनात्मक पूर्णांक है। यदि उपरोक्त सतत भिन्न में अंश व हर का मान कुछ भी होने की स्वतन्त्रता दे दी जाये (जैसे फलन होने की छूट) तो इसे सामान्यीयकृत सतत भिन्न कह सकते हैं।

## सारणिक (Determinant)

**सारणिक (Determinant) एक विशिष्ट प्रकार का बीजीक व्यंजक है जिसमें प्रयुक्त की गई राशियों अथवा अवययों की संख्या (पूर्ण) वर्ग रहती है।**

- इन राशियों को प्राय: एक वर्गाकार विन्यास में लिखकर उसे अलग-बगल दो ऊर्ध्वाधर सीधी रेखाएँ खींच दी जाती हैं, n अवयवों वाले सारणिक को nवें क्रम का सारणिक कहते हैं।
- मैट्रिक्स A के सारणिक को det (A), det A, या IAI से निरूपित करते हैं, जहाँ मैट्रिक्स के अवयव पूर्णत: लिखे हो, तो संगत सारणिक को दिखने के लिए बड़ा कोष्ठक या पैरेन्थेसेस के स्थान पर दो ऊर्ध्व रेखाओं से घेर दिया जाता है।

**Example:**

$$\begin{bmatrix} a & b & c \\ d & e & f \\ g & h & i \end{bmatrix}$$ का सारणिक इस प्रकार लिखा जाता है:

$$\begin{vmatrix} a & b & c \\ d & e & f \\ g & h & i \end{vmatrix}$$

और इसका मान $aei + bfg + cdh + ceg - bdi - afh$ है।

**सूत्र-**

- $(a+b)^2 = a^2 + b^2 + 2ab$
- $(a-b)^2 = a^2 + b^2 - 2ab$

- $a^2 - b^2 = (a+b)(a-b)$
- $(a-b)^2 = 2(a^2 + b^2)$
- $(a+b)^2 - (a-b)^2 = 4ab$
- $a^3 + b^3 = (a+b)(a^2 - ab + b^2)$
- $(a+b)^3 = a^3 + b^3 + 3ab(a+b)$
- $a^3 - b^3 = (a-b)(a^2 + ab + b^2)$
- $(a-b)^3 = a^3 - b^3 - 3ab(a-b)$
- $(a+b+c)^2 = a^2 + b^2 + c^2 + 2ab + 2ac + 2bc$
- $(a+b+c)^3 = a^3 + b^3 + c^3 + 3(a+b)(b+c)(a+c)$
- $a^3 + b^3 + c^3 - 3abc$

  $= (a+b+c)(a^2 + b^2 + c^2 - ab - bc - ac)$

  यदि $a + b + c = 0$ हो तो $a^3 + b^3 + c^3 - 3abc = 0$

  या $a^3 + b^3 + c^3 - 3abc$

## EXERCISE

**Q. 1570 × 87 + 1570 × 13 को ज्ञात करो।**

(a) 147000 (b) 134000

(c) 167000 (d) 157000 -Ans

**व्याख्या-** चूँकि ab + ac, a (b+c)

अर्थात् 1570 (87+13) यहाँ 1570 कॉमन ले लेते हैं ।

$1570 \times 100 = 157000$ Ans

Q. $447 \times 447 + 553 \times 553 + 2 \times 447 \times 553$

(a) 1000000 -**Ans** (b) 10000000

(c) 1000000 (d) 10000

$a^2 + b^2 + 2ab = (a+b)^2$

$(447)^2 + (553)^2 + 2 \times 447 \times 553$

$(447 + 553)^2 = 1000000$ Ans

Q. यदि $x + \frac{1}{4x} = \frac{3}{2}$ हो, तो $8x^3 + \frac{1}{8x^3}$ का मान कितना होगा।

व्याख्या: यदि $x + \frac{1}{4x} = \frac{3}{2}$ हो, तो

दोनों पक्षों में 2 से गुणा करने पर

$2x + \frac{1}{2x} = 3$

$8x^3 + \frac{1}{8x^3} = (\text{संख्या})^3 - 3(\text{संख्या})$

$= (3)^3 - 3 \times 3$

$= 27 - 9 = 18$ Ans

**Q. यदि** $3x + \frac{1}{2x} = 5$ **हो, तो** $8x^3 + \frac{1}{27x^3}$ **का मान कितना होगा?**

(a) $118\frac{1}{2}$ (b) $30\frac{10}{27}$ - **Ans**

(c) 0 (d) 1

**व्याख्या-**

$3x + \frac{1}{2x} = 5$ हो तो दोनों पक्षों में $\frac{2}{3}$ शे गुणा करने पर,

$2x + \frac{1}{3x} = \frac{10}{3}$

दोनों पक्षों का घन करने पर

$8x^3 + \frac{1}{27x^3} + 3 \times 2x \times \frac{1}{3x}$

$\left(2x + \frac{1}{3x}\right) = \frac{1000}{27}$

$8x^3 + \frac{1}{27x^3} + 2 \times \frac{10}{3} = \frac{1000}{27}$

$8x^3 + \frac{1}{27x^3} + = \frac{1000}{27} - \frac{20}{3} = \frac{820}{27}$

$30\frac{10}{27}$ Ans

●●●●●

KOTHARI INSTITUTE

# औसत (Average)

**औसत या मध्यमान (Average)- समान राशियों के योगफल में राशियों की संख्या से भाग देने पर जो परिणाम प्राप्त होता है। उन राशियों का औसत यह मध्यमान कहलाता है।**

**Example :** 10, 12, 15, 22, 11 का औसत ज्ञात करें।

**Sol$^n$. :** औसत $= \frac{10+12+15+22+11}{5} = \frac{70}{5} = 14$

**नोट - यहाँ पदों की कुल संख्या 5 है। अतः भाजक 5 होगा।**

भारती औसत (Weighted Average)- जब प्रश्न भार से संबंधित रहता है, तो ऐसे प्रश्नों का औसत भारती औसत कहलाता है।

**Example:** 20 रु. / किग्रा. की दर से 10 किग्रा. आम, 10 रु. / कि.ग्राम की दर से 12 किग्रा. सेव तथा 15 रु. / किग्रा. की दर से 5 किग्रा. लीची खरीदी जाती है, तो इनका औसत क्रय मूल्य बतावें।

**Sol$^n$. :** अभीष्ट औसत $= \frac{20\times10+10\times12+15\times5}{10+12+5}$

$= \frac{200+120+75}{27} = \frac{395}{27} = 14.63$

$\therefore$ इनका औसत क्रय मूल्य = 14.63 रु. / किग्रा. होगा।

## Some Important POINTS

i. औसत की इकाई वही होती है, जो इकाई राशियों की होती है

**Example:** 2kg. 4kg और 3kg का औसत

$= \frac{4+2+3}{3} = \frac{9}{3} = 3kg$

ii. किन्हीं दी गई राशियों का औसत सबसे बड़ी संख्याओं से कम तथा सबसे छोटी संख्या से अधिक होता है।

**Example:** 2, 4, 9, 3, 7 का औसत 2 से बड़ा तथा 9 से छोटा होगा।

$= \frac{2+4+9+3+7}{5} = \frac{25}{5} = 5$

iii. औसत ज्ञात करते समय यदि किसी राशि का मान "0" होता है, तो उसे भी गिन लिया जाता है।

**Example:** 2, 4, 0, 7, 17 का औसत

$= \frac{2+4+0+7+17}{5} = \frac{30}{5} = 6$

iv. औसत ज्ञात करते समय यदि किसी राशि का मान ऋणात्मक हो तो उसे उसके चिन्ह के साथ लिख लिया जाता है और उसकी भी गिनती की जाती है।

**Example:** 3, 6, 9, - का औसत $= \frac{3+6+9-2}{4} = \frac{16}{4} = 4$

औसत चाल या मध्य चाल (Average Speed)- तय की गई कुल दूरी और पूरी दूरी तय करने में लगे समय के अनुपात को औसत चाल कहते हैं।

**Example:** यदि राम पहला 4km, 2 घंटे में, फिर 6km, 3 घंटे में और अंतिम 5km, $2\frac{1}{2}$ घंटे में तय करता है, तो राम की औसत चाल

$= \frac{4+6+5}{2+3+2\frac{1}{2}} = \frac{15}{7\frac{1}{2}} = \frac{15\times2}{15} = 2km/h$

## Some Important FORMULAE

1. राशियों का औसत $= \frac{\text{राशियों का योग}}{\text{राशियों की संख्या}}$

(a) राशियों की संख्या $= \frac{\text{राशियों का योग}}{\text{राशियों की औसत}}$

(b)राशियों का योग= राशियों का औसत x राशियों की संख्या

2. औसत चाल $= \frac{\text{कुल तय दूरी}}{\text{कुल समय लगा}}$

3. प्रथम n प्राकृत संख्याओं का औसत $= \frac{n+1}{2}$

4. प्रथम n प्राकृत सम-संख्याओं का औसत = n + 1

5. प्रथम n प्राकृत विषम - संख्याओं का औसत = n

6. प्रथम n प्राकृत संख्या के वर्गों का औसत $= \frac{(n+1)\,(2n+1)}{6}$

7. प्रथम n प्राकृत संख्या के घनों का औसत $= \frac{n(n+1)^2}{4}$

8. किसी संख्या के प्रथम n गुणज का औसत = संख्या x $\left(\frac{n+1}{2}\right)$

KOTHARI INSTITUTE

## Some Important TRICKS

**Trick-(1):** लगातार सम-संख्याओं या लगातार विषम संख्याओं या लगातार संख्याओं का औसत

$$= \frac{\text{बड़ी संख्या} + \text{छोटी संख्या}}{2}$$

Example: 100 तक की सभी विषम संख्याओं का औसत क्या है?

$$\text{इनका औसत} = \frac{1+99}{2} = \frac{100}{2} = 50$$

**Trick-(2):** यदि a का परिणाम का औसत x और b का परिणाम औसत y है, तो सभी परिणामों को मिलाने पर औसत

$$= \frac{ax+by}{a+b}$$

**Example-** भाग A से 45 विद्यार्थियों द्वारा इतिहास में प्राप्त औसत अंक 75 तथा भाग B से 40 विद्यार्थियों द्वारा इसी विषय में प्राप्त औसत अंक 78 हैं। तो दोनों भागों से विद्यार्थियों द्वारा इतिहास में प्राप्त संपूर्ण औसत अंक क्या है?

Trick Sol$^n$.: संपूर्ण औसत अंक

$$= \frac{45\times 75+40\times 78}{45+40} = \frac{6495}{85} = 76.41$$

**Trick (5).** x व्यक्ति के समूह की औसत आयु या वजन y है। यदि किसी व्यक्ति के आ जाने या चले जाने से औसत में k वृद्धि या कमी हो जाती है, तो-

आने या जाने वाले व्यक्ति की उम्र या वजन

$= Y \pm k\,(x + 1)$

नोट- आने पर (+) और जाने पर (-) चिन्ह का प्रयोग करें।

Example-10 व्यक्ति का औसत वजन 40 kg है।

10 व्यक्ति का औसत वजन 40 kg है। यदि 1 नए व्यक्ति के आने से औसत वजन 2 kg घट जाता है, तो आने वाले व्यक्ति की उम्र बताएँ।

Trick Sol$^n$.: आने वाले की वजन = 48 - 2 (10+1) = 48 - 22 = 26 वर्ष

**Trick 6 :** aवीं पारी में x रन बनाने के बाद किसी बल्लेबाज का औसत b बढ़ जाता है, तो aवीं पारी के बाद उसका औसत

$= (x + a - ab)$

**Example-** एक बल्लेबाज अपनी 15वीं पारी में 76 रन बनाता है, जिससे उसका औसत 2 बढ़ जाता है। 15वीं पारी के बाद उसका औसत स्कोर क्या है?

**Trick Sol$^n$.:**

15वीं पारी बाद बल्लेबाज का औसत = (76+2) - 2 x 15

= 78 - 30 = 48 रन

## EXERCISE

1. तीन संख्याओं का औसत 12 है, जिनमें सबसे बड़ी संख्या 16 है। यदि सबसे छोटी संख्या, सबसे बड़ी संख्या से आधी है, तो तीसरी संख्या क्या होगी?
   (a) 10 (b) 11 (c) 12 (d) 13
2. 80km की यात्रा में एक रेलगाड़ी प्रथम 60 किमी. तक 40 किमी. घंटे की चाल से तय करती है तथा शेष दूरी 20 कि.मी. / घं. की चाल से तय करती है। सम्पूर्ण यात्रा की औसत चाल ज्ञात करें।
   (a) 23km/h (b) 32km/h (c) 36km/h (d) 42km/h
3. A, B व C का औसत भार 45 किग्रा. है, A और B का औसत भार 40 किग्रा. है तथा B और C का औसत भार 43 किग्रा. है। B का भार किग्रा. में क्या है?
   (a) 32kg (b) 36kg (c) 38kg (d) 31kg
4. यदि 6, 7, 11, 8, x, 3, 14 का समानान्तर माध्य 8 है, तो x का मान है-
   (a) 6 (b) 7 (c) 8 (d) 9
5. किसी कक्षा के 100 छात्रों के अंकों का माध्य 72 था। लड़कों के अंकों का माध्य 75 था, और उनकी कुल संख्या 70 थी। लड़कियों के अंकों का माध्य क्या था?
   (a) 65 (b) 55 (c) 45 (d) 75
6. क्रिकेट के 11 खिलाड़ियों की औसत उम्र 20 वर्ष है। यदि एक खिलाड़ी के घायल हो जाने पर 12वें खिलाड़ी को बुलाया जाता है, तो पता चलता है कि औसत उम्र में 2 वर्ष की वृद्धि हो जाती है। 12वें खिलाड़ी का उम्र घायल खिलाड़ी के उम्र से कितना अधिक होगा, यदि घायल खिलाड़ी 30 वर्ष का हो?
   (a) 33 वर्ष (b) 32 वर्ष (c) 12 वर्ष (d) 22 वर्ष
7. चार संख्याओं में प्रथम तीन का औसत 15 तथा अंतिम 3 का औसत 16 है। यदि अंतिम संख्या 19 है, तो प्रथम संख्या क्या है
   (a) 16 (b) 19 (c) 15 (d) 17
8. एक कक्षा में 50 लड़के हैं। एक लड़का जिसका भार 12 kg चला जाता है और उसके जगह नये लड़के के आने से औसत भार 1kg बढ़ जाता है, तो नए लड़के का भार बताएं।
   (a) 26kg (b) 62kg (c) 24kg (d) 42kg

KOTHARI INSTITUTE

9. यदि 6 संख्याओं का औसत 9 है, अब प्रत्येक संख्या में 2 से भाग दे दिया जाए, तो इन संख्याओं का औसत क्या होगा?
(a) 6 (b) 9 (c) 7.5 (d) 4.5

10. यदि 17 संख्याओं में प्रथम 9 का औसत 20 है। इनमें अंतिम 9 संख्याओं का औसत 16 है। सभी संख्याओं का औसत 18 है तो 9वाँ संख्या बताएँ।
(a) 10 (b) 11 (c) 12 (d) 13

11. किसी कक्षा में 20 छात्र हैं, जिनकी औसत आयु 20 वर्ष है, 10 छात्र के आ जाने से औसत 35 वर्ष हो जाता है, तो नए छात्र का औसत आयु बताएं।
(a) 56 वर्ष (b) 64 वर्ष (c) 62 वर्ष (d) 65 वर्ष

12. किसी कक्षा में 10 छात्र है, जिनका औसत वजन 20 kg है, 3 छात्र के चले जाने से औसत वजन 25kg हो जाता है, तो नए छात्रों का औसत वजन बताएँ।
(a) 9kg (b) $8\frac{2}{3}kg$ (c) 8kg (d) $8\frac{1}{3}kg$

13. 10 व्यक्ति के औसत वजन में 2 kg की वृद्धि, तब हो जाती है, जब 40 kg के व्यक्ति की जगह नया व्यक्ति आ जाता है। नए व्यक्ति का वजन क्या होगा?
(a) 20 kg (b) 40kg (c) 60kg (d) 80kg

14. 10 छात्र का औसत वजन 20 kg है। तीन छात्र के चले जाने से औसत वजन 25 kg हो जाता है। तीन छात्रों का औसत वजन क्या था?
(a) $8\frac{1}{3}kg$ (b) $4\frac{2}{3}kg$ (c) $6\frac{1}{3}kg$ (d) $8\frac{2}{3}kg$

15. पाँच विद्यार्थियों के गणित में प्राप्त अंकों का औसत 50 पाया गया। बाद में पता चला कि एक विद्यार्थी का प्राप्तांक 48 के स्थान पर गलती से 84 अंकित हो गया, तो सही औसत क्या होगा?
(a) 48.2 (b) 44.4 (c) 42.2 (d) 42.8

16. तीन संख्याओं में से पहली संख्या दूसरी की दोगुनी तथा दूसरी संख्या तीसरी की तीन गुनी है। यदि तीन संख्याओं का औसत 10 हो, तो सबसे बड़ी संख्या क्या होगी?
(a) 10 (b) 18 (c) 30 (d) 15

17. एक सायकल सवार 50 km/h की गति से कुछ दूरी तय करता है तथा 60km/h की गति से वापस आता है, उसकी औसत गति ज्ञात कीजिए।
(a) 50km/h (b) 111km/h
(c) 55km/h (d) 60km/h

18. किसी कक्षा में 10 छात्रों की औसत आयु 15 वर्ष है। जब 4 छात्र और आ जाते हैं, तो औसत आयु 1 वर्ष बढ़ जाती है। नए छात्रों की कुल आयु क्या है?
(a) 54 वर्ष (b) 74 वर्ष (c) 64 वर्ष (d) 47 वर्ष

19. किसी कक्षा में 10 छात्रों की औसत आयु 15 वर्ष है। जब 10 छात्र और आ जाते हैं, तो औसत आयु 2 वर्ष घट जाती है। नए छात्रों की कुल आयु क्या है?
(a) 55 वर्ष (b) 110 वर्ष (c) 150 वर्ष (d) 47 वर्ष

20. किसी कक्षा में 20 छात्रों की औसत आयु 12 वर्ष है। जब 10 छात्र और आ जाते हैं, तो औसत आयु 2 वर्ष घट जाती है, नए छात्रों की औसत आयु बताएँ।
(a) 8 वर्ष (b) 9 वर्ष (c) 6 वर्ष (d) 4 वर्ष

21. चार धनात्मक पूर्णांकों का औसत 72.5 है। सबसे बड़ा पूर्णांक 117 और सबसे छोटा पूर्णांक 15 है। शेष दो पूर्णांकों के बीच का अन्तर 12 है। इन दो शेष पूर्णांकों में बड़ा पूर्णांक कौनसा है।
(a) 85 (b) 80 (c) 75 (d) 70

22. एक दिवसीय क्रिकेट टीम के कप्तान ने उसी टीम के शेष अन्य 6 बल्लेबाजों के औसत रनों से 30 रन अधिक बनाए। यदि उस टीम के सभी बल्लेबाजों के बनाए गए रनों की संख्या 310 हो, तो कप्तान द्वारा बनाए गए रनों की संख्या कितनी है?
(a) 60 रन (b) 40 रन (c) 70 रन (d) 75 रन

23. 7 संख्याओं में से प्रथम चार का औसत 4 है तथा अंतिम 4 संख्याओं का औसत 3 है। इन सभी संख्याओं का औसत 3 है, तो चौथी संख्या क्या है?
(a) 6 (b) 5 (c) 8 (d) 7

24. 13 संख्याओं का औसत 68 है। पहली 7 संख्याओं का औसत 63 है। अंतिम 7 संख्याओं का औसत 70 है तो 7वीं संख्या क्या है?
(a) 47 (b) 48 (c) 46 (d) 45

25. 6 सदस्यों वाले एक परिवार की औसत आयु 25 वर्ष है। परिवार के 45 वर्ष के एक सदस्य के निधन के बाद परिवार की औसत आयु क्या होगी?
(a) 12 वर्ष (b) 21 वर्ष (c) 22 वर्ष (d) 23 वर्ष

## ANSWERS

1. (C) 2. (B) 3. (D) 4. (B) 5. (A) 6. (D)
7. (A) 8. (B) 9 (D) 10. (D) 11. (D) 12. (D)
13. (C) 14. (A) 15.(D) 16. (B) 17. (C) 18. (B)
19. (B) 20.(*) 21. (C) 22. (D) 23. (A) 24. (D)
25. (B)

# प्रतिशत (Percentage)

## प्रतिशत (Percentage)

प्रतिशत एक भिन्न है, जिसका हर 100 तथा अंश वही संख्या होती है, जिसका प्रतिशत ज्ञात करना होता है। इसे '%' चिन्ह से निरूपित किया जाता है।

**Example :** 17 प्रतिशत का अर्थ, 17% होता है।

तथा 17% $= \frac{17}{100}$ होगा।

- किसी भी भिन्न को प्रतिशत में बदलने के लिए उसे 100 से गुणा किया जाता है।

**Example:** $\frac{3}{4}$ को प्रतिशत में बदलने पर $\rightarrow \frac{3}{4}\times100=75\%$

- किसी भी प्रतिशत को भिन्न में बदलने के लिए उसे 100 से भाग दिया जाता है-

**Example :** $60\% = \frac{60}{100} = \frac{3}{5}$

**नोट-** यदि भिन्न दशमलव के रूप में रहे या प्रतिशत दशमलव प्रतिशत के रूप में रहे तो सर्वप्रथम दशमलव भिन्न या दशमलव प्रतिशत को साधारण भिन्न या साधारण प्रतिशत भिन्न में बदल लें।

**Example :** 0.45 को $\frac{45}{100}$ या $\frac{9}{20}$ लिखें।

पुन: इसे प्रतिशत में बदलें।

अर्थात् $\frac{9}{20}$ x $100 = 45\%$

अथवा $0.50\% = \frac{50}{100}\% = \frac{1}{2}\% = \frac{1}{2}\text{ x }\frac{1}{100} = \frac{1}{200}$

- यदि a का b% निकालना हो, तो - $\frac{a\text{ x }b}{100}$ होगा।

**Example :** 0.5 का 10% $= \frac{0.5\text{x}10}{100} = \frac{5}{100} = \frac{1}{20}$

- यदि प्रश्न के पूछने का तरीका इस प्रकार हो कि a, b का कितना प्रतिशत है, तो अभीष्ट परिणाम $= \frac{a}{b}\text{x}100\%$ अथवा b, a का कितना प्रतिशत है, तो $= \frac{b}{a}\text{x}100\%$

**Example:** $\frac{5}{2}$ , 10 का कितना प्रतिशत है?

$= \left[\frac{5/2}{2}\right]\text{x}100 = \frac{5}{20}\text{x}100 = 25\%$

### Some Important TRICKS

**Trick (1):** यदि x रु. के समान की कीमत में y% की वृद्धि/कमी हो,

तो सामान की नई कीमत = x x $\frac{100\pm y}{100}$

**नोट:** वृद्धि में "+" और कमी में "-" चिन्ह का प्रयोग करें।

Example- 50 रु. की कलम की कीमत 10% घट जाती है। कलम की वर्तमान कीमत क्या होगी?

Tricky Sol" : वर्तमान कीमत $= \frac{50(100-10)}{100} = 45$ रु.

**Trick (2):** यदि a, b से x% अधिक/कम है, तो b, a से कितना प्रतिशत कम/अधिक होगा?

अभीष्ट परिणाम $= \frac{x\text{ x }100}{100\pm x} = \%$

Example- यदि A, B से 20% अधिक है तो B, A से कितना प्रतिशत कम है?

Tricky Sol" : B की A से % कमी $= \frac{100\text{ x }20}{100+20} = \frac{50}{3} = 16\frac{2}{3}\%$

**नोट-** अधिक वाला में "+" और कम वाला में "-" का प्रयोग करें।

**Trick (3):** यदि किसी राशि को a% और b% बढ़ाया/कम किया जाए,

तो कुल प्रतिशत बढ़ोतरी/ कमी $= \left(a+b\pm\frac{ab}{100}\right)\%$

**नोट-** प्रतिशत वृद्धि में "+" और कम वाला में "-" का प्रयोग करें।

Example- किसी धन को पहले 10% पुन: 20% बढ़ा दिया जाता है। धन की कुल प्रतिशत बढ़ोतरी बतावें।

Tricky Sol": अभीष्ट % बढ़ोतरी $= \left(10+20+\frac{10\text{ x }20}{100}\right) = 32\%$

**Trick (4):** यदि किसी वस्तु की कीमत में पहले a% की वृद्धि फिर b% की कमी की जाए तो कुल प्रतिशत वृद्धि या कमी

$= \left[(a-b)-\frac{ab}{100}\right]\%$

**नोट-** परिणाम ऋणात्मक आने पर प्रतिशत कमी और परिणाम धनात्मक आने पर प्रतिशत वृद्धि होगी।

KOTHARI INSTITUTE

**Example-** किसी व्यक्ति के वेतन में पहले 40 % की कमी कर दी गई, फिर 40% की वृद्धि कर दी गई तो व्यक्ति को प्राप्त वेतन में कितना प्रतिशत का लाभ या हानि होगी?

वेतन में प्रतिशत कमी/ वृद्धि =

$(40-40)-\frac{40 \times 40}{100}=16\%$ अर्थात् 16% कमी

**Trick (5):** यदि किसी वस्तु की कीमत a रु. /kg से बढ़कर b रु./kg हो जाए, तो खपत में प्रतिशत कमी ताकि खर्च पूर्ववत रहे

$=\left(\frac{b-a}{b} \times 100\right)\%$

**Example-** चीनी की कीमत 30 रु. / किलो से बढ़कर 40 रु. / किलो हो जाती है, तो उपभोक्ता खपत में क्या प्रतिशत कमी करें ताकि खर्च पूर्ववत रहे?

Tricky Sol" : खर्च में % कमी = $\frac{40-30}{40} \times 100 = 25\%$ कमी

## EXERCISE

1. नमक की कीमत में 10% की वृद्धि हो जाने पर खपत में कितनी कमी की जाए कि खर्च में वृद्धि ना हो?
(a) $9\frac{3}{7}\%$ (b) $10\frac{1}{11}\%$ (c) $8\frac{1}{11}\%$ (d) $9\frac{1}{11}\%$

2. आलू की कीमत में 25% की कमी हो जाने पर खपत में कितनी वृद्धि की जाए कि खर्च पूर्ववत रहे?
(a) $32\frac{1}{3}\%$ (b) $31\frac{1}{3}\%$ (c) $33\frac{1}{3}\%$ (d) $34\frac{1}{3}\%$

3. यदि राम की आय मोहन की आय से 49% अधिक है, तो मोहन की आय राम की आय से कितने प्रतिशत कम है?
(a) $32\frac{132}{159}\%$ (b) $32\frac{32}{149}\%$ (c) $32\frac{132}{149}\%$ (d) $32\frac{32}{49}\%$

4. यदि राम 40 रु. और श्याम 50 रु. रोजाना कमाता है, तो दोनों की मासिक आय के योग का कितना प्रतिशत दोनों के मासिक आय का अन्तर है?
(a) $11\frac{1}{9}\%$ (b) $9\frac{1}{11}\%$ (c) 11% (d) 9%

5. किसी परीक्षा में राम 40% अंक लाता है और 20 अंक से अनुतीर्ण हो जाता है। उसी परीक्षा में सोहन 60% अंक लाता है, तो उत्तीर्णांक से 20 ज्यादा है।
(a) 150 (b) 200 (c) 300 (d) 250

6. किसी परीक्षा में A, 20% अंक लाने पर भी 20 अंक से अनुत्तीर्ण हो जाता है, जबकि B, 30% अंक लाने पर उत्तीर्णांक से 30 अंक ज्यादा पा जाता है। परीक्षा का उत्तीर्णांक बताएँ।
(A) 24% (B) 42% (c) 32% (d) 34%

7. किसी परीक्षा में समान पूर्णांक वाले 5 पेपर में किसी छात्र ने क्रमशः 6 : 7 : 8 : 9 : 10 के अनुपात में अंक प्राप्त किये। यदि उसका कुल प्राप्तांक 60% है, तो उसने कितने पेपरों में 50% से अधिक अंक पाए?
(a) 1 (b) 2 (c) 3 (d) 4

8. वर्ष 1998 की समाप्ति के समय सेफर्ड 9 दर्जन बकरी खरीदता है। यदि प्रत्येक वर्ष के शुरू में वह P% बकरी खरीदता है और प्रत्येक वर्ष के अंत में q% बकरी बेचता है, तो वर्ष 2002 के अंत में उसके पास 9 दर्जन बकरी बच जाती हैं तो निम्न में से कौनसा कथन सही है-
(a) $p = q$ (a) $p > q$ (c) $p < q$ (d) $p = \frac{q}{2}$

9. किसी धनराशि के 12% का मान 108 रु. है, वह राशि है-
(a) 600 रु. (b) 800 रु. (c) 900 रु. (d) 9000 रु.

10. किसी राशि में 10% घटाव करके और फिर शेष में से 20% घटाव करके 360 रुपए बच गए, मूल राशि क्या थी?
(a) 600 रु. (b) 550 रु. (c) 500 रु. (d) 450 रु.

11. किसी परीक्षा में एक परीक्षार्थी ने 20% अंक प्राप्त किये और वह 10 अंकों से अनुतीर्ण रह गया। एक दूसरे परीक्षार्थी ने 42% अंक प्राप्त करके न्यूनतम उत्तीर्णांक से एक अंक अधिक प्राप्त किया। न्यूनतम उत्तीर्णांक क्या है?
(a) 20 (b) 22 (c) 24 (d) 25

12. दो संख्याओं के वर्गों का अन्तर उनके वर्गों के योगफल के 80% के बराबर है। बड़ी संख्या का छोटी संख्या से अनुपात है-
(a) 5 : 2 (b) 2 :5 (c) 3 : 1 (d) 1 : 3

13. किसी राज्य में बिजली की खपत में 15% की वृद्धि हुई है, जबकि बिजली के मूल्य में 12% की कमी की गई है। इससे राज्य के राजस्व पर कितना प्रभाव पड़ेगा?
(a) ना वृद्धि ना कमी (b) 3% वृद्धि
(c) $\frac{6}{5}\%$ कमी (d) $\frac{6}{5}\%$ वृद्धि

14. A की आय, B की आय से 10% अधिक है। यदि B की आय A की आय से x% कम हो, तो x का मान होगा-
(a) $9\frac{6}{5}$ (b) $10\frac{1}{11}$ (c) 11 (d) 10

15. खाना पकाने की तेल के कीमत में 25% की वृद्धि की गई है। कोई परिवार खाने के तेल की खपत कितने प्रतिशत कम कर दे कि इस मद में कोई व्यय नहीं बढ़े?
(a) 20 % (b) 25% (c) 18% (d) 16%

## ANSWERS

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. (d) | 2. (c) | 3. (c) | 4. (a) | 5. (b) |
| 6. (a) | 7. (d) | 8. (a) | 9. (c) | 10. (c) |
| 11. (a) | 12. (c) | 13. (d) | 14. (a) | 15. (a) |

# लाभ-हानि एवं बट्टा (Profit-Loss and Discount)

**क्रय-मूल्य ( Cost Price )-** किसी सामग्री को खरीदने पर जिस राशि का भुगता करना होता है सामग्री का क्रय-मूल्य कहलाता है।

**विक्रय-मूल्य ( Selling Price )-** जिस मूल्य पर किसी सामग्री को बेचा जाता है, वही मूल्य उन सामग्री का विक्रय-मूल्य कहलाता है।

**Example:** राम ने एक गाय 400 रु. में खरीदी तथा 576 रु. में बेच दी तो यहाँ
गाय का क्र.मू. = 400 रु. और
गाय का वि.मू. = 576 रु. है।

**किसी भी व्यापार में दो प्रमुख्य शर्ते होती हैं-**

(i) लाभ (Profit) (ii) हानि (Loss)

(i) लाभ (Profit)- जब किसी वस्तु का विक्रय-मूल्य, क्रय-मूल्य से अधिक होता हो, तो ऐसी स्थिति में लाभ होता है और

**लाभ = विक्रय मूल्य - क्रय मूल्य**

**Example :** यदि एक कलम का क्र.मू. 4 रु. और वि.मू. 5 रु. हो तो, यह पाया जाता है कि वि.मू. > क्र.मू.
अतः लाभ होगा और
लाभ = वि.मू. - क्र.मू. = 5 - 4 = 1 रु.

**( ii ) हानि ( Loss )-** जब किसी वस्तु का विक्रय-मूल्य, क्रय-मूल्य से कम होता है तो ऐसी स्थिति में हानि होती है और

**हानि = क्रय मूल्य - विक्रय मूल्य**

**Example :** यदि एक किताब 400 रु. में खरीद कर 300 रु. में बेच दी जाती है तो, यह पाया जाता है कि वि.मू. < क्र.मू.
अतः हानि होगी और हानि
= 400 - 300 = 100 रु.

**प्रतिशत लाभ ( Profit Percent )-** प्रति 100 रु. क्र.मू. पर होने वाला लाभ ही प्रतिशत लाभ है।

**Example :** 400 रु. क्र.मू. की वस्तु 500 रु. में बेची जाए तो
लाभ = 500 - 400 = 100 रु.

$\because$ 400 रु. क्र.मू. पर लाभ = 100 रु.

$\therefore$ 1 ,, ,, $= \frac{100}{400} = \frac{1}{4}$ रु.

$\therefore$ 100 ,, ,, $\frac{1}{4} \times 100 = 25$ रु.

$\therefore$ प्रतिशत लाभ = 25%

$$\text{प्रतिशत लाभ} = \frac{\text{लाभ} \times 100}{\text{क्र.मू.}}$$

**प्रतिशत हानि ( Loss Percent )-** प्रति 100 रु. क्र.मू. पर होने वाली हानि ही प्रतिशत हानि है।

**Example:** 200 रु. क्र.मू. की वस्तु 150 रु. में बेचने पर हानि
= 200 - 1500 = 50 रु.

$\because$ 200 क्र.मू. पर हानि = 50 रु.

$\therefore$ 1 ,, ,, $= \frac{50}{200} = \frac{1}{4}$ रु.

$\therefore$ 100 ,, ,, $= \frac{1}{4} \times 100 = 25$ रु.

$\therefore$ प्रतिशत लाभ = 25%

$$\text{प्रतिशत हानि} = \frac{\text{हानि} \times 100}{\text{क्र.मू.}}$$

**ऊपरी व्यय ( Overhead Expenditure )-** किसी सामग्री को खरीदने के बाद और बेचने से पहले यदि अतिरिक्त खर्च होता है तो ये खर्च परीव्यय कहलाता है।

* ऊपरीव्यय के अंतर्गत मुख्यतः ढुलाई, मरम्मती, सफाई आदि पर होने वाले खर्च शामिल हैं।

**Note :** वस्तु का वास्तविक क्र.मू., क्र.मू. के साथ ऊपरीव्यय को जोड़ने देने पर प्राप्त होता है।

**Example:** यदि 120 रु. में कुर्सी खरीदकर लाने पर किराये के मद में 10 रु. लग जाता है, तो
कुर्सी का वास्तविक क्र.मू. = 120 + 10 = 130 रु.
वास्तविक क्र.मू. = क्र.मू. + ऊपरी व्यय

**Example:** यदि राम ने एक टेबुल 500 रु. में खरीद कर उसकी मरम्मती पर 50 रु. खर्च करता है। अपने दुकान तक ले जाने के लिए उसे रिक्शा वाले को 25 रु. देना पड़ता है। 450 रु. में बेच देने पर राम को कितना लाभ या हानि होगा?

**Sol$^n$. :** टेबुल का क्र.मू. = 500 रु.
टेबुल का वास्तविक क्र.मू. = क्र.मू. + ऊपरी व्यय

$\because$ ऊपरी व्यय = मरम्मती पर खर्च + रिक्शा किराया
= 50 + 25 = 75 रु.

$\therefore$ टेबुल का वास्तविक क्र.मू. = 500 + 75 = 575 रु.

$\therefore$ हानि = वास्तविक क्र.मू. - वि.मू. = 575 - 450
= 125 रु.

KOTHARI INSTITUTE

## SOME IMPORTANT FORMULAE

### लाभ की स्थिति में

1. लाभ = विक्रय मूल्य- क्रय मूल्य
   (a) वि.मू. = क्र.मू. + लाभ
   (b) क्र.मू. = वि.मू. - लाभ

2. प्रतिशत लाभ = $\frac{\text{लाभ x 100}}{\text{क्र.मू.}}$

   (a) क्र.मू. = $\frac{\text{लाभ x 100}}{\text{प्रतिशत लाभ}}$

   (b) लाभ = $\frac{\text{क्र. मू. x प्रतिशत लाभ}}{100}$

3. वि.मू. = क्र.मू. $\left(1+\frac{\text{\% लाभ}}{100}\right)$

   (a) वि.मू. = क्र.मू. $\left(\frac{100+\text{\% लाभ}}{100}\right)$

   (b) क्र.मू. = $\left(\frac{\text{100 x वि.मू.}}{\text{100+\% लाभ}}\right)$

   (c) % लाभ = $\frac{\text{100 x वि.मू.}}{\text{क्र. मू.}}-100$

   (d) % लाभ = $\frac{\text{100 x वि.मू.-100 x क्र.मू.}}{\text{क्र. मू.}}$

   (e) % लाभ = $\frac{\text{100 (वि.मू.- क्र.मू.)}}{\text{क्र. मू.}}$

### हानि की स्थिति में

1. हानि = क्रय मूल्य- विक्रय मूल्य
   (a) वि.मू. = क्र.मू. - हानि
   (b) क्र.मू. = वि.मू. + हानि

2. प्रतिशत हानि = $\frac{\text{हानि x 100}}{\text{क्र. मू.}}$

   (a) क्र.मू. = $\frac{\text{हानि x 100}}{\text{प्रतिशत हानि}}$

   (b) हानि = $\frac{\text{क्र. मू. x प्रतिशत हानि}}{100}$

3. वि.मू. = क्र.मू. $\left(1+\frac{\text{\% हानि}}{100}\right)$

   (a) वि.मू. = क्र.मू. $\left(\frac{100-\text{\% हानि}}{100}\right)$

   (b) क्र.मू. = $\left(\frac{\text{100x वि.मू.}}{\text{100-\% हानि}}\right)$

   (c) % हानि = $\frac{\text{100x क्र.मू.}}{\text{वि.मू.}}-100$

   (d) % हानि = $\frac{\text{100x क्र.मू.- 100x वि.मू.}}{\text{वि.मू.}}$

   (e) % हानि = $\frac{\text{100x क्र.मू.- वि.मू.}}{\text{वि.मू.}}$

**अकित मूल्य ( Face-Value )-** जिस मूल्य पर वस्तु प्रारंभ में बेची जाती है उसे ''सूची मूल्य'' या ''अंकित मूल्य'' कहते हैं।

बट्टा (Discount)- किसी वस्तु के अंकित मूल्य पर जो छूट दी जाती है उसे बट्टा कहते हैं।

**व्यापारिक बट्टा ( Trading Discount )-** जब थोक विक्रेता खुदरा विक्रेता को कोई सामान देता है तो वह उसके साथ एक सूची देता है जिस पर सामान का मूल्य और बट्टा अंकित रहता है। सामान पर उसी हिसाब से बट्टा दिया जाता है।

**नगद बट्टा ( Cash Discount )-** जब व्यापारी किसी सामान पर कुछ शर्त के साथ बट्टा देता है अर्थात् नगद भुगताननपर अधिक छूट, कुछ समय बाद थोड़ी कम छूट, फिर कुछ समय बाद और कम छूट और अंत में छूट समाप्त कर देता है, फिर भी भुगतान न करन पर ब्याज लेता है, तो ऐसा बट्टा नगद बट्टा है।

**Example :** यदि दुकानदार के सूची पर, 4, $\frac{3}{10}, \frac{n}{25}$ अंकित है, तो इसका अर्थ है कि

KOTHARI INSTITUTE

नगद भुगतान पर 4% छूट

10 दिन तक भुगतान पर 3% छूट

25 दिन तक भुगतान पर कोई छूट नहीं और

25 दिन के बाद भुगतान करने पर ब्याज लगेगा।

ब्याज की शर्त सूची पर अंकित रहता है।

**फुटकर बट्टा ( Retail Discount )-** यदा-कदा व्यापारी को कुछ कम दाम पर सामान बेचना पड़ता है, जिसके लिए वह अतिरिक्त बट्टा देता है, तो ऐसा बट्टा फुटकर बट्टा है।

मौसम परिवर्तन, माल पुराना होना, माल खराब होना, प्रतियोगिता अधिक होना आदि ऐसा करने काप्रमुख कारण होता है।

**क्रमिक बट्टा ( Successive Discount )-** जब किसी वस्तु के अंकित मूल्य पर पहले a%, फिर शेष पर b%, फिर शेष पर c%, ... का बट्टा दिया जाता है तो इस प्रकार का बट्टा क्रमिक बट्टा कहलाता है।

**समतुल्य बट्टा ( Equivalent Discount )-** जब क्रमिक बट्टा को मिलाकर एक पूर्ण बट्टा (छूट) दिया जाता है तो इस प्रकार का बट्टा समतुल्य बट्टा कहलाता है।

**Example:** यदि 100 रु. अंकित मूल्य के वस्तु पर क्रमशः 20%, 10% और 2% का बट्टा दिया जा रहा है तो-

20% बट्टा के बाद वास्तविक अंकित मूल्य

$= 100 - 100 \times \frac{20}{100} = 80$ रु.

अब 10% बट्टा के बाद वास्तविक अंकित मूल्य

$= 80 - 80 \times \frac{10}{100} = 72$ रु.

अब 2% बट्टा के बाद वास्तविक अंकित मूल्य

$= 72 - 72 \times \frac{2}{100} = 70.56$ रु.

$\therefore$ उपभोक्ता (क्रेता) का क्र.मू. = 70.56 रु.

$\therefore$ क्रेता को प्राप्त बट्टा = 100 - 70.56 = 29.44%

अर्थात् 20%, 10%, और 2% का समतुल्य बट्टा = 29.244%

Note : (i) ब्याज मूलधन पर जबकि बट्टा अंकित मूल्य पर दिया जाता है।

(ii) बट्टा हमेशा अंकित मूल्य पर दिया जाता है।

(iii) जब बट्टा न दिया जाए तो अंकित मूल्य ही वि.मू. होता है।

## Some Important FORMULAE

1. वि.मू. = अंकित मूल्य - बट्टा

(a) अंकित मूल्य = विक्रय मूल्य + बट्टा

(b) बट्टा = अंकित मूल्य - विक्रय मूल्य

2. छूट या बट्टा की दर = $\frac{\text{अंकित मूल्य - वि. मू.}}{\text{अंकित मूल्य}} \times 100$

(a) छूट की दर = $\frac{\text{बट्टा}}{\text{अंकित मूल्य}} \times 100$

(b) अंकित मूल्य = $\frac{\text{बट्टा}}{\text{बट्टा की दर}} \times 100$

(c) बट्टा = $\frac{\text{बट्टा की दर} \times \text{अंकित मूल्य}}{100}$

## Some Important TRICKS

**Trick-( 1 ):** यदि किसी वस्तु को x रु. में बेचने पर उतना ही लाभ मिलता है जितनी y रु. में बेचने पर हानि होती है, तो

वस्तु का क्र.मू. $\frac{x+y}{2}$

**Example -** एक वस्तु को 50 रु. में बेचने पर जितना लाभ मिलता, 30 रु. में बेचने पर उतना ही हानि होती है, तो वस्तु का क्रय मूल्य क्या था?

**Tricky Sol$^n$** : क्र.मू. $= \frac{50+30}{2} = 40$

**Trick-( 2 ):** यदि दो वस्तुओं का वि.मू. समान हो और एक को x% लाभ तथा दूसरे को x% हानि पर बेचा जाता हो, तो हमेशा हानि ही होगी।

% हानि $= \frac{x^2}{100}\%$

**Example-** दो मोटरकार में से प्रत्येक को 9900 रु. बेच दिया जाता है। यदि पहले पर 10% का लाभ और दूसरे पर 10% की हानि होती है, तो व्यापार में होने वाला कुल प्रतिशत लाभ या हानि बतावें।

**Tricky Sol$^n$ :** अभीष्ट प्रतिशत हानि $= \frac{(10)^2}{100} = \frac{10 \times 10}{100} = 1\%$

**Trick -( 3 ):** किसी वस्तु को x% हानि के बनिस्पत y% लाभ पर बेचा जाता है, तो z रु. अधिक प्राप्त होता है, तो

वस्तु का क्र.मू. $= \frac{z}{x+y} \times 100$

**Example -** एक व्यापारी ने एक वस्तु $2\frac{1}{2}\%$ की हानि पर बेची। यदि वह इसे 100 रु. अधिक में बेचता, तो उस पर उसे $7\frac{1}{2}\%$ का लाभ होता। वस्तु का क्र.मू. क्या है?



KOTHARI INSTITUTE

**Tricky Sol$^n$:**

$$\text{वस्तु का क्र.मू.} = \frac{\frac{100}{2\frac{1}{2}+7\frac{1}{2}}}{} = \frac{100\times100}{10} = 1000 \text{ रु.}$$

**Trick-( 4 ):** किसी वस्तु को x % लाभ पर बेचा जाता है। यदि a रु. अधिक में बेचा जाता तो y% का लाभ होता, तो

$$\text{वस्तु का क्र.मू.} = \frac{a}{y-x}\times 100$$

**Example -** एक वस्तु को 10% लाभ पर बेचा जाता है। यदि वस्तु को 40 रु. अधिक में बेचा जाता है, तो लाभ 5% होता है। वस्तु का क्र.मू. क्या था?

**Tricky Sol$^n$ :** $\text{क्र.मू.} = \frac{40}{15-10}\times 100 = 800$ रु.

**Trick-( 5 ):** यदि किसी वस्तु को x रु. में बेचने पर प्राप्त लाभ y रु. में बेचने पर प्राप्त हानि का n गुना हो, तो

(a) $\text{वस्तु का क्र.मू.} = \frac{x+ny}{n+1}$

(b) $\text{हानि} = n\left(\frac{x-y}{n+1}\right)$

**Example -** एक वस्तु 570 रु. में बेचने पर प्राप्त लाभ 490 रु. में बेचने पर प्राप्त हानि का 3 गुना है। वस्तु का क्र. मूल्य क्या था?

**Tricky sol$^n$ :** $\text{क्र.मू.} = \frac{570+3\times490}{3+1} = \frac{2040}{4} = 510$ रु.

**Trick-( 6 ):** यदि किसी वस्तु को a रु. में बेचने पर x% की हानि होती है, तो y% लाभ के लिए वस्तु का विक्रय-मूल्य

$$= \frac{100+y}{100-x}\times a$$

**Example -** एक वस्तु को 931 रु. में बेचने पर 5% की हानि होती है, यदि इसे 3.5% लाभ पर बेचा जाए, तो इसके संभावित विक्रय मूल्य की गणना कीजिए।

**Tricky Sol$^n$ :** $\text{वस्तु का वि.मू.} = \frac{100+3.5}{100-5}\times 931 = 1014.30$ रु.

**Trick - ( 7 ) :** यदि किसी वस्तु को a रु. में बेचने पर x% का लाभ होता है, तो y% लाभ के लिए वस्तु का विक्रय मूल्य

$$= \frac{100+y}{100+x}\times a$$

**Example-** एक वस्तु अपने क्र.मू. के 5% लाभ पर 12600 रु. में बेची गई। लाभ प्रतिशत क्या होता यदि इसे 13200 रु. में बेचा जाता है?

**Tricky Sol$^n$ :** $13200 = \frac{100+y}{100+5}\times 12600, \Rightarrow y = 10\%$

**Trick-( 8 ):** यदि A वस्तु का क्र.मू. B वस्तु के वि.मू. के बराबर हो,

(a) $\% \text{ लाभ} = \frac{A-B}{B}\times 100$ (यदि $A > B$)

(b) $\% \text{ हानि} = \frac{B-A}{B}\times 100$

**Example-** यदि 12 संतरों का क्र.मू. 10 संतरों के वि.मू. के बराबर हैं, तो लाभ प्रतिशत है-

**Tricky sol$^n$:** $\text{प्रतिशत लाभ} = \frac{12-10}{10}\times 100 = \frac{200}{10} = 20\%$

**Trick-( 9 ):** यदि a वस्तु को बेचने पर b वस्तु के वि.मू. के बराबर लाभ हो, तो-

$$\text{प्रतिशत लाभ} = \frac{b}{a-b}\times 100$$

**Example -** 14 वस्तु को बेचने पर 2 वस्तु के वि.मू. के समान लाभ होता है, तो व्यापार की प्रतिशत लाभ बतावें।

**Tricky sol$^n$ :** $\%\text{ लाभ} = \frac{2}{14-2}\times 100 = \frac{200}{12} = \frac{50}{3} = 16\frac{2}{3}\%$

**Tricky-( 10 ):** यदि वस्तु की कीमत x% घटने से बिक्री y% बढ़ जाती है, तो बिक्री पर प्रभाव

$$= \left[-x+y\frac{x\times y}{100}\right]\%$$

**Example -** फिल्म का टिकट मूल्य में 10% की कमी होने से दर्शक की संख्या में 12% की वृद्धि हो जाती है। राजस्व पर पड़ने वाला प्रभाव क्या होगा?

**Tricky sol$^n$ :** $\text{प्रभाव}\left[-10+12-\frac{10\times12}{100}\right]$

$= 2 - 1.2 = 0.8\%$ वृद्धि

**Trick-( 11 ):** यदि वस्तु की कीमत x% घटने से बिक्री x% बढ़ जाती है, तो बिक्री पर प्रभाव $= \left[\frac{y^2}{100}\right]\%$ कमी

**Example-** फिल्म के टिकट मूल्य में 205 की कमी होने से दर्शक के आगमन में 20% की वृद्धि हो जाती है, तो बिक्री पर क्या प्रभाव पड़ेगा?

**Tricky Sol$^n$ :** $\text{बिक्री पर प्रभाव} = \frac{(20)^2}{100}\%$ कमी $= 4\%$ कमी

**Trick-( 12 ):** यदि किसी वस्तु को x रु. में बेचने पर y% का लाभ या हानि हो, तो वस्तु का क्रय मूल्य-

(a) क्र.मू. $= \frac{x \times 100}{100 + y}$ (जब y% लाभ हो)

(b) क्र.मू. $= \frac{x \times 100}{100 - y}$ (जब y% हानि हो)

**Example-** किसी वस्तु को 900 रु. में बेचने पर 10% हानि होती है। वस्तु का क्र.मू. बतावें।

**Tricky Sol$^n$ :** क्र.मू. $= \frac{900 \times 100}{100 - 10} = 1000$ रु.

**Trick-( 13 ):** यदि किसी वस्तु को x रु. और y रु. में बेचने पर क्रमशः a% लाभ/हानि तथा b% लाभ/हानि होता है, तो-

$$\frac{x}{y} = \frac{100 \pm a}{100 \pm b}$$

**Note:** हानि में (-) और लाभ में (+) का प्रयोग करें।

**Example-** किसी वस्तु को 50 रु. में बेचने पर हानि की प्रतिशतता वही है, जो उसे 70 रु. में बेचने पर लाभ की प्रतिशतता है। उस वस्तु पर परोक्त लाभ या हानि की प्रतिशतता क्या है?

**Tricky Sol$^n$ :** $\frac{50}{70} = \frac{100 - y}{100 + y} \Rightarrow 7(100 - y) = 5(100 + y)$

$\Rightarrow y = 16\frac{2}{3}\%$

**Trick-( 14 ):** यदि a वस्तु b रु. में खरीदकर b वस्तु a रु. में बेचा जाता है, तब

(a) प्रतिशत लाभ $= \frac{a^2 - b^2}{b^2} \times 100$

(b) प्रतिशत हानि $= \frac{b^2 - a^2}{b^2} \times 100$

**Example-** 80 वस्तु 120 रुपये में खरीद कर 120 वस्तु 80 रु. में बेचने पर कितना प्रतिशत लाभ/हानि होगा?

**Tricky Sol$^n$ :** अभीष्ट प्रतिशत हानि $= \frac{(120)^2 - (80)^2}{(120)^2} \times 100$

$= \frac{800000}{14400} = 55.55\%$

**Trick-( 15 ):** यदि a वस्तु को x रु. में खरीदकर b वस्तु को y रु. में बेचा जाता है, तो-

(a) प्रतिशत लाभ $= \frac{ya - xb}{xb} \times 100$

(b) प्रतिशत हानि $= \frac{xb - ya}{xb} \times 100$

**Example-** 4 वस्तु को 500 रु. में खरीद कर 5 वस्तु को 555 रु. में बेचा जाता है। होने वाला प्रतिशत लाभ/हानि बतावें।

**Tricky Sol$^n$ :** अभीष्ट लाभ $= \frac{500 \times 5 - 4 \times 555}{500 \times 5} \times 100$

$= \frac{280}{25} = 11.2\%$

**Trick-( 16 ):** अगर दुकानदार a ग्राम के बाट के जगह b ग्राम के वाट का प्रयोग करता है, तो (जहाँ a > b)

उसका प्रतिशत लाभ $= \frac{a - b}{b} \times 100$

**Example-** एक विक्रेता अपने सामान को क्र.मू. पर ही बेचता है परन्तु 1 kg की जगह 800gm ही बेचता है। उसका प्रतिशत लाभ ज्ञात करें।

Tricky sol$^n$: दुकानदार का प्रतिशत लाभ

$= \frac{1000 - 800}{800} \times 100$

$= \frac{200 \times 100}{800} = 25\%$

**Note : ∵ 1 kg = 1000gm**

**Trick-( 17 ):** यदि दो वस्तुओं का कुल क्र.मू. x रु. हो। इनमें से एक को a% लाभ पर तथा दूसरे को b% हानि पर बेचा जाता है यदि दोनों का विक्रय-मूल्य समान हो, तो-

(a) लाभ पर बिके वस्तु का क्र.मू.$= \frac{x(100 - b)}{(200 + a - b)}$

(b) हानि पर बिक वस्तु का क्र.मू. $= \frac{x(100 + a)}{(200 + a - b)}$

**Example -** दो घड़ियों का कुल क्र.मू. 3000 रु. है। एक घड़ी को 15% लाभ पर तथा दूसरी को 10% हानि पर बेचने पर पूरे माल पर न लाभ है न हानि। इन घड़ियों का क्र.मू. क्रमशः होगा-

**Tricky Sol$^n$:** पहली का क्र.मू. $= \frac{10}{15 + 10} \times 3000 = 1200$ रु.

दूसरी का क्र.मू. $= \frac{15}{15 + 10} \times 3000 = 1800$ रु.

KOTHARI INSTITUTE

**Trick-( 18 ):** यदि A किसी वस्तु को x% लाभ/हानि पर B को, तथा B उसी वस्तु को y% लाभ/हानि पर C को बेच देता है, तो C का क्र.मू.

$$= \text{A का क्र.मू.} \times \left(\frac{100+x}{100}\right)\left(\frac{100\pm y}{100}\right)$$

**Note :** **लाभ की स्थिति में ( + ) और हानि की स्थिति में ( - ) का प्रयोग करें।**

**Example-** राम ने 120 रु. की अपनी घड़ी 10%+ के लाभ पर श्याम को बेच दिया। श्याम ने उसे मोहन को 20% लाभ पर बेचा। मोहन ने वह घड़ी कितने रूपये में खरीदी?

**Tricky Sol$^n$ :** मोहन का क्र.मू. $= 120\left(\frac{100+10}{100}\right)\left(\frac{100+20}{100}\right)$

$$= \frac{12\times11\times6}{5} = 158.4$$

**Trick-( 19 ):** यदि किसी वस्तु को बेचने पर a% लाभ होता है। इसी वस्तु को b% कम में खरीदकर c रु. कम या अधिक में बेचने पर d% लाभ होता है तो-

$$\text{वस्तु का क्र.मू.} = \frac{10000c}{100(d+a-b)+bd} \text{ रु.}$$

**Example-** एक दुकानदार धूप का चश्मा 25% लाभ पर बेचता है। यदि वह उसको 25% कम मूल्य पर खरीदता और 10 रु. कम पर बेचता है, तो उसे 40% लाभ होता तो चश्में का क्र.मू. ज्ञात करें।

**Tricky Sol$^n$ :** क्र.मू. $= \frac{10000\times10}{100[25+25-40]+25\times40} = 50$ रु.

**Trick-( 20 ):** यदि किसी वस्तु को a रु. के स्थान पर b रु. में बेचने पर लाभ/हानि में c% की वृद्धि/कमी हो जाती है तो-

$$\text{वस्तु का क्र.मू.} = \frac{100(a-b)}{c} \text{ रु.}$$

<u>**Note:**</u> जब a > b तो a -b, जब b > a तो b-a का प्रयोग करें।

**Example-** किसी मेज को 400 रु. के स्थान पर 350 रु. में बेचने से हानि में 5% की वृद्धि हो जाती है। उस मेज का क्र.मू. है-

**Tricky Sol$^n$ :** क्र.मू. $= \frac{100(400-35)}{5} = \frac{100\times50}{5} = 1000$ रु.

## EXERCISE

1. एक सामान को 84 रु. में बेचने पर दुकानदार को 20% हानि होती है। यदि वह उसे 126 रु. में बेचे तब उसे कितना प्रतिशत लाभ होगा?
   (A) 10% (B) 20% (C) 30% (D) 40%

2. किसी भूखण्ड को 45000 रु. में बेचने पर एक व्यक्ति को 10% की हानि होती है। 15% का लाभ प्राप्त करने के लिए वह उसे किस मूल्य पर बेचे?
   (A) 55500 रु. (B) 57500 रु.
   (C) 58500 रु. (D) 56500 रु.

3. एक सिलाई मशीन 7% बिक्री कर सहित 1391 रु. में मिलती है। यदि बिक्री कर बढ़कर 10% हो जाता है, तो सिलाई मशीन का वि.मू. क्या है?
   (A) 1430 रु. (B) 1440 रु.
   (C) 1530 रु. (D) इनमें से कोई नहीं

4. यदि 21 वस्तुओं का क्र.मू. 18 वस्तुओं के वि.मू. के बराबर है, तो लाभ प्रतिशत है-
   (A) $16\frac{2}{3}\%$ (B) $15\frac{2}{3}\%$ (C) $18\frac{2}{3}\%$ (D) $18\frac{3}{2}\%$

5. एक व्यक्ति ने 4 रु. की 6 की दर से पेंसिलें खरीदी और उन्हें 6 रु. में 4 की दर से बेच दिया। इस सौदे में उसको कितना लाभ मिला?
   (A) 25% (B) 50% (C) 100% (D) 125%

6. 400 कलमों में से 320 को बेचने पर राज ने पाया कि उसे 400 कलमों की कुल लागत प्राप्त हो गई। प्रतिशत में उसका लाभ कितना है?
   (A) 20% (B) 25%
   (C) 50% (D) इनमें से कोई नहीं

7. 5 कलमों का मूल्य 8 पेन्सिल के बराबर है और 30 पेन्सिलों का मूल्य तीन पाठ्य पुस्तकों के बराबर है। 50 कलमों के बदले में कितनी पाठ्य-पुस्तकें प्राप्त की जा सकती है?
   (A) 4 (B) 5 (C) 8 (D) 10

8. एक दुकादनर 30 रुपये प्रति वस्तु की दर से 245 वस्तु खरीदता है तथा उस पर 980 रु. भाड़ा पर खर्च करता है और 1470 रु. वस्तु के पैकिंग पर खर्च करता है। वह 50 रु. प्रति वस्तु की दर से सामान को बेचता है, तो लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।
   (A) 20% (B) 30% (C) 25% (D) 50%

## ANSWERS

1. (B) 2. (B) 3. (A) 4. (A) 5. (D)
6. (B) 7. (C) 8. (C)

●●●●



KOTHARI INSTITUTE

# अनुपात - समानुपात (Ratio & Proportion)

## अनुपात (Ratio)

जब दो सजातीय राशियों के संबंध को इस प्रकार प्रकट किया जाए कि एक राशि, दूसरे राशि का कितना गुणा या कौनसा भाग है, तो राशियों का यह संबंध अनुपात कहलाता है।

**Example :** 9 रु. और 6 रु. के बीच का अनुपात है-

**Sol''.** : $\frac{9\text{ rs.}}{6\text{ rs.}} = \frac{3}{2}$, अर्थात् 3 : 2

### अनुपात के गुण-

(i) दो सजातीय राशियों के बीच की तुलना को " : " चिन्ह द्वारा दिखाया जाता है।

(ii) अनुपात में पहला पद को पूर्व पद (anecedent) तथा दूसरे पद को अन्तिम पद (consequent) कहते हैं।

(iii) दो राशियों का अनुपात एक भिन्न होता है।

(iv) अनुपात में पूर्व पद अंश तथा अंतिम पद हर होता है।

(v) अनुपात की कोई इकाई नहीं होती है।

## समानुपात (Proportion)

यदि दो अनुपात आपस में एक-दूसरे के समान हो, तो एक अनुपात, दूसरे अनुपात का समानुपाती होता है। समानुपात को (: :) चिन्ह के द्वारा सूचित किया जाता है।

**Example :** यदि पहला अनुपात a : b के रूप में रहे तथा दूसरा c : d के रूप में हो, और दोनों अनुपात आपस में समान हो, तो हम लिख सकते हैं कि - a : b :: c : d

**नोट-** : a : b और c : d को समानुपात के रूप में दर्शाने के पूर्व दोनों अनुपात को जाँच कर पता करें कि वो आपस में समान है या नहीं।

**Example :** 1 : 2 :: 2 : 4 लिखने के पूर्व देखें कि

$$\frac{1}{2} = \frac{2}{4}, \Rightarrow \frac{1}{2} = \frac{1}{2}$$

अत: हम लिख सकते हैं कि 1 : 2 :: 2 : 4

परन्तु 1 : 2 :: 2 : 3 में

$\frac{1}{2} = \frac{2}{3}$ अत: इन दोनों के बीच समानुपात चिन्ह लिखना गलत होगा।

## अनुपात के प्रकार

1. **प्रतिलोमानुपात (Inverse Ratio)-** किसी दो अनुपात में पहले अनुपात का पहला पद तथा दूसरे अनुपात का दूसरा पद एवं पहले अनुपात का दूसरा पद तथा दूसरे अनुपात का पहला पद आपस में समान हो, तो वे अनुपात एक-दूसरे के प्रतिलोम होते हैं।

   **Example :** यदि पहला अनुपात = 2 : 3 और दूसरा अनुपात 3:2 हो तो दोनों अनुपात एक-दूसरे के प्रतिलोम है

2. **वर्गानुपात (Duplicate Ratio)-** यदि किसी अनुपात के दोनों पदों को अलग-अलग वर्ग करके नया अनुपात बनाया गया हो, तो ऐसा अनुपात पहले अनुपात का वर्गानुपात कहलाता है।

   **Example :** यदि पहला अनुपात = 1 : 3 और दूसरा अनुपात 1 : 9 हो तो देखा जाता है कि - $(1)^2, (3)^2 = 1:9$ है

3. **वर्गानुलानुपात (Sub-Duplicate Ratio)-** यदि किसी अनुपात के दोनों को अलग-अलग घन (Cube) करके नया अनुपात बना हो, तो ऐसा अनुपात पहले अनुपात का घनानुपात कहलाता है

   **Example :** यदि पहला अनुपात = 1 : 4 और दूसरा अनुपात 1 : 2 हो, तो देखा जाता है कि -

   $\sqrt{1} : \sqrt{4} = 1:2$

   अत: दूसरा अनुपात पहले अनुपात का वर्गमूलानुपात है।

4. **घनानुपात (Triplicate Ratio)-** यदि किसी अनुपात के दोनों पदों के अलग-अलग घन (Cube) करके नया अनुपात बना हो, तो ऐसा अनुपात पहले अनुपात का घनानुपात कहलाता है।

   **Example :** यदि पहला अनुपात = 1 : 2, दूसरा अनुपात 1 : 8 हो, तो यह देखा जाता है कि -

   $(1)^3, : (2)^3 = 1:8$ है।

   अत: दूसरा अनुपात पहले अनुपात का घनानुपात है।

5. **घनमूलानुपात (Sub-Triplicate Ratio)-** यदि किसी अनुपात के दोनों पदों को अलग-अलग घनमूल (Cube-Root) करके नया अनुपात बना हो, तो ऐसा अनुपात पहले अनुपात का घनमूलानुपात कहलाता है।

   **Example :** यदि पहला अनुपात = 8 : 27, दूसरा अनुपात = 2 : 3 हो, तो यह देखा जाता है कि -

   $\left(\sqrt[3]{8} : \sqrt[3]{27}\right) = 2:3$ है।

   अत: दूसरा अनुपात पहले अनुपात का घनमूलानुपात है।

6. **मिश्र या मिश्रित अनुपात (Compound Ratio)-** दो या दो से अधिक अनुपात के प्रथम पदों को गुणा कर नवनिर्मित अनुपात के पहले के पहले पद तथा अनुपात के प्रथम पदों को गुणा कर नवनिर्मित अनुपात

KOTHARI INSTITUTE

के पहले पद तथा दूसरे पदों को गुणा कर नवनिर्मित अनुपात के दूसरे पद के रूप में दर्शाने की प्रक्रिया ही उन अनुपातों का मिश्र या मिश्रित अनुपात है।

**Example :** पहला अनुपात = 1 : 2, दूसरा अनुपात 2 : 3 हो, तीसरा अनुपात = 3 : 4 हो, तो इनका मिश्र अनुपात

$$= \frac{1 \times 2 \times 3}{2 \times 3 \times 4}$$

$$= \frac{6}{24} = 6:24 \text{ होगा।}$$

**नोट-** किसी भी अनुपात को उसके सरलतम रूप में लिखा जाता है।

$$\therefore \quad 6:24 = \frac{6}{24} = \frac{1}{4} \text{ अर्थात् } 1:4$$

(i) यदि a : b : c : d हो, तो $\frac{a}{b} = \frac{c}{d}$ होता है।

अर्थात् a x d = b x c अवलोकन से ज्ञात होता है कि बाह्य पदों का गुणनफल (a+d) = अन्त: पदों का गुणनफल (b x c)

## समानुपात के प्रकार

**प्रथम समानुपाती (First Proportional) -** यदि दो अनुपात इस प्रकार समानुपाती हों कि पहले अनुपात का दूसरा पद और दूसरे अनुपात का पहला पद आपस में समान हो, तो पहले अनुपात का पहला पद प्रथम समानुपाती कहलाता है।

**Example :** यदि 3 : 6 :: 6 : 12 हो, तो यहाँ (6) → प्रथम समानुपाती है।

**मध्य समानुपाती (Middle Proportional) -** यदि दो अनुपात इस प्रकार समानुपाती हों कि पहले अनुपात का दूसरा पद और दूसरे अनुपात का पहला पद आपस में समान हो, तो पहले अनुपात के दूसरे अथवा दूसरे अनुपात के पहले पद को मध्य समानुपाती कहा जाता है।

**Example :** यदि 2 : 4 :: 4 : 8 हो, तो यहाँ (6) → मध्य समानुपाती है।

**तृतीय समानुपाती (Third Proportional) -** यदि दो अनुपात इस प्रकार समानुपाती हों कि पहले अनुपात का दूसरा पद और दूसरे अनुपात का पहला पद आपस में समान हो, तो दूसरे अनुपात का दूसरा पद तृतीय समानुपाती कहलाता है।

**Example :** यदि 1 : 2 :: 2 : 4 हो, तो यहाँ (6) → तृतीय समानुपाती है।

**चतुर्थ समानुपाती (Fourth Proportional) -** यदि दो अनुपात एक-दूसरे के समानुपाती हों, तो दूसरे अनुपात का दूसरा पद चतुर्थ समानुपाती कहलाता है।

**Example :** यदि 2 : 3 :: 4 : 6 हो, तो यहाँ (6) → चतुर्थ समानुपाती है।

## Some Important FORMULAE

1. यदि a : b :: c : d हो, तो $\frac{a}{b} = \frac{c}{d}$ या ad = bc

$$\therefore a = \frac{bc}{d},\ b = \frac{ad}{c},\ c = \frac{ad}{b},\ d = \frac{bc}{a}$$

2. $a : b = \frac{a}{b}$

3. यदि a : b :: b : c हो तो -

प्रथम समानुपाती $a \frac{b^2}{c}$

मध्य समानुपाती $b = \sqrt{ac}$

तृतीय समानुपाती $c = \frac{b^2}{a}$

**नोट-** (i) यदि अनुपात में राशियाँ सजातीय न हो, तो सर्वप्रथम उन्हें सजातीय बना लें।

(ii) चूँकि अनुपात एक भिन्न है। अत: इसका कोई इकाई नहीं होता है।

**Example :** यदि 2m और 25cm के बीच अनुपात जानना हो, तो सर्वप्रथम या तो 2m को cm में बदल लें अथवा 25cm को m में बदल लें, पुन: हल करें।

2m = 200 cm, $\therefore \frac{200cm}{25cm} = 8:1$

अथवा, $25cm = \frac{25}{100} m = \frac{1}{4} m$, $\therefore \frac{2m}{\frac{1}{4}m} = \frac{8}{1} = 8:1$

## Some Important TRICKS

**Trick-(1):** यदि a : b = x : y, और b = m : n हो, तो

$a : c \frac{xm}{yn}$ होगा।

**Example :** तीन संख्याओं A, B और C में से, A दोगुना B के तीन गुने के समान है और B का चार गुना C के 5 गुने के समान है, तो A तथा C का अनुपात क्या होगा?

**Tricky Sol"** $A:C = \frac{3 \times 5}{2 \times 4} = 15:8$

**Trick-(2):** यदि A : B = x : y, और B : C = m : n हो, तो A : B : C = mx : my : yn होगा।

**Example :** राम और श्याम की आय का अनुपात 7 : 17 है तथा श्याम और सोहन की आय का अनुपात 7 : 17 है। यदि राम की आय 490 रु. है, तो सोहन की आय कितनी है?

**Tricky Sol'':**

A : B : C = 7 x 7 : 7 x 17 : 17 x 17 = 49 : 119 : 289

$\therefore$ सोहन (C) की आय = $\frac{289 \times 490}{49} = 2890$ रु.

**Trick-(3) :**

यदि A : B = x : y, B : C = m : n, C : D = r : s हो, तो A : D = xmr : yns होगा।

**Example:** यदि A : B = 2 : 3, B : C = 4 : 5, C : D = 6 : 7, तो A एवं D के बीच का अनुपात क्या होगा?

**Tricky Sol'':** A : D = 2 x 4 x 6 : 3 x 5 x 7 = 48 : 105 = 16 : 35

**Trick-(4):** यदि A : D = 2 : 3, B : C = 3 : 4, C : D = 4 : 5 हो, तो A : B : C : D का मान बतावें।

A : B : C : D = 2 x 3 x 4 : 3 x 3 x 4 : 3 x 4 x 4 : 3 x 4 x 5 = 2 : 3 : 4 : 5

**Trick-(5):** यदि किसी राशि R को A और B के बीच x : y के अनुपात में बाँटा जाता है, तो -

(a) A का हिस्सा = $\frac{x}{x+y} \times R$ (b) का हिस्सा $\frac{y}{x+y} \times R$

(c) A और B के हिस्से का अन्तर = $\frac{x-y}{x+y} \times R$

**नोट-** जब हम x > y तो x - y, और जब y > x तो y - x

**Example :** 5400 रु. को x और y के बीच 3 : 2 के अनुपात में बांटे जाने पर दोनों के हिस्से का अंतर क्या होगा?

**Tricky Sol'':** अभीष्ट अन्तर = $\frac{3-2}{3+2} \times 5400 = \frac{5400}{5} = 1080$ रु.

**Trick - (6) :** यदि A : B = x : y है, और A का हिस्सा R हो, तो-

(a) B का हिस्सा $\frac{y}{x} \times R$ (b) कुल राशि = $\frac{x+y}{x} \times R$

**Example :** किसी धन को A और B के बीच 3 : 4 के अनुपात में बाँटने पर A को 900 रु. मिलता है। वह धन बतावें जिसका बँटवारा हुआ था

**Tricky Sol''** वह धन $\frac{3+4}{3} \times 900 = 2100$ रु.

# EXERCISE

1. किसी वस्तु के निर्माण करने में सामग्री, श्रम तथा ऊपरी व्यय 3 : 4 : 1 के अनुपात में विभाजित है। यदि सामग्री की लागत 22.50 रु. है, तो उस वस्तु की लागत क्या होगी?
(a) 60 रु. (b) 62 रु. (c) 36 रु. (d) 65 रु.

2. यदि A : B = 2 : 5, B : C = 6 : 7 तो A : B : C = ?
(a) 12 : 35 : 30 (b) 6 : 15 : 35
(c) 12 : 30 : 35 (d) 35 : 30 : 12

3. एक दुकान में कलम, किताब और कॉपी 4 : 5 : 6 के अनुपात में है। यदि कलम की कुल संख्या 360 हो, तो किताब और कॉपी की संख्या का योगफल बतावें।
(a) 409 (b) 490 (c) 909 (d) 990

4. यदि राम और श्याम की आय का अनुपात श्याम और सीता की आय के अनुपात के बराबर (3:2) है, तो राम और सीता के आय का अनुपात बताएँ।
(a) 9 : 4 (b) 4 : 9 (c) 2 : 3 (d) 3 : 2

5. यदि A और B के मासिक आय का अनुपात 2 : 3 और उनके मासिक व्यय का अनुपात 1 : 2 हो, और वर्ष के अन्त में वे दोनों 840 रुपए बचा लेते हैं, तो B की वार्षिक आय क्या होगी?
(a) 2025 रु. (b) 2520 रु. (c) 210 रु. (d) 2525 रु

6. यदि $x^2+1 : x^2-1 = 5:4$ तो x = ?
(a) 9 (b) $\frac{1}{3}$ (c) 3 (d) 4

7. यदि $\frac{x}{y} = 2$, तो $\frac{y^2}{x^2} = ?$
(a) $\frac{1}{4}$ (b) $\frac{1}{5}$ (c) $\frac{1}{2}$ (d) 2

8. तीन कारों की चाल 2 : 3 : 4 के अनुपात में है। समान दूरी तय करने में इन कारों द्वारा क्रमशः लिए गे समय में अनुपात होगा-
(a) 6 : 4 : 3 (b) 3 : 4 : 6 (c) 6 : 3 : 4 (d) 4 : 3 : 6

9. वर्ष 2000 में A और B कॉलेज में बच्चों की संख्या का अनुपात क्रमशः 3 : 4 था। यदि वर्ष 2001 में A कॉलेज में बच्चों में 16 प्रतिशत की वृद्धि हुई और B कॉलेज में बच्चों में 12 प्रतिशत की वृद्धि हुई, तो वर्ष 2001 में उनके बच्चों में क्या अनुपात था?
(a) 87 : 112 (b) 112 : 87 (c) 84 : 84 (d) 84 : 83

## ANSWERS

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. (a) | 2. (c) | 3. (d) | 4. (a) | 5. (b) |
| 6. (c) | 7. (a) | 8. (a) | 9. (a) | |

KOTHARI INSTITUTE

# मिश्र-समानुपात (Compound Proportion)

ऐसे समानुपात जिनमें दो या दो से अधिक अनुपात हो मिश्र समानुपात कहलाते हैं। मिश्र समानुपात के प्रश्नों को सामान्य विधि से हल करना थोड़ा-सा कठिन होता है। क्योंकि कुछ चीजों में अनुकूलानुपात होता है जबकि कुछ चीजों में विलोमानुपात होता है तो ये चीजें कई बार हमें भ्रमित कर देती हैं।

**तो इस प्रकार के प्रश्नों को शीघ्र हल करने के लिए एक MDH सूत्र का प्रयोग करते हैं-**

$$\frac{Man_1 \times Day_1 \times Hour_1}{Work_1} = \frac{Man_2 \times Day_2 \times Hour_2}{Work_2}$$

यहाँ 1 पहली शर्त को 2 दूसरी शर्त को बताता है। जिस प्रश्न में हमको जितनी चीजों की आवश्यकता हो तो सूत्र में से हम उतनी ही चीजों का उपयोग कर सकते हैं।

## Example :

**Q1. 20 व्यक्ति किसी कार्य को 10 दिन में पूरा कर सकते हैं तो बताओ 25 व्यक्ति उसे कितने दिन में पूरा कर सकते हैं।**

(a) 8 दिन (b) 10 दिन (c) 9 दिन (d) 6 दिन

**व्याख्या-**

$$Man_1 \times Day_1 = Man_2 \times Day_2$$
$$20 \times 10 = 25 \times x$$
$$x = \frac{20 \times 10}{25} = 8 \text{ दिन}$$

**Q2. 40 आदमी 5 घण्टे कार्य करके किसी कार्य को 10 दिन में समाप्त कर सकते हैं तो बताओ 50 आदमी 4 घण्टे कार्य करके उसे कितने दिन में पूरा कर सकते हैं।**

(a) 4 दिन (b) 10 दिन (c) 20 दिन (d) 13 दिन

**व्याख्या-**

$$Man_1 \times Day_1 \times Hour_1 = Man_2 \times Day_2 \times Hour_2$$
$$40 \times 10 \times 5 = 50 \times x \times 4$$
$$x = \frac{40 \times 10 \times 5}{50 \times 4} = 10 \text{ दिन}$$

**Q3. 200 अध्यापक 8 घण्टे कार्य करके 15 दिन में 1000 कॉपियाँ जाँच सकते हैं तो बताओ 500 अध्यापक 6 घण्टे कार्य करके कितने दिन में 2,000 कॉपियाँ जाँच सकते हैं?**

(a) 12 दिन (b) 13 दिन (c) 14 दिन (d) 16 दिन

**व्याख्या-**

$$\frac{Man_1 \times Day_1 \times Hour_1}{Work_1} = \frac{Man_2 \times Day_2 \times Hour_2}{Work_2}$$
$$\frac{200 \times 15 \times 8}{1000} = \frac{500 \times x \times 6}{2000}$$
$$x = 16 \text{ दिन}$$

**Q4. 50 आदमी 4 घण्टे कार्य करके 20 दिन में 100 मीटर लम्बी, 20 मीटर ऊंची व 1 मीटर चौड़ी दीवार बना सकते हैं तो बताओ कितने व्यक्ति 5 घण्टे कार्य करके 10 दिन में 200 मीटर लम्बी, 30 मीटर ऊंची व 1 मीटर चौड़ी दीवार बना सकते हैं?**

(a) 240 दिन (b) 220 दिन (c) 226 दिन (d) 241 दिन

**व्याख्या-**

$$\frac{Man_1 \times Day_1 \times Hour_1}{Work_1} = \frac{Man_2 \times Day_2 \times Hour_2}{Work_2}$$
$$\frac{50 \times 20 \times 4}{100 \times 20 \times 1} = \frac{x \times 10 \times 5}{20 \times 30 \times 1}$$
$$x = 240 \text{ दिन}$$

**Q5. 3 आदमी अथवा 5 औरतें 8 घण्टे प्रतिदिन कार्य करके उसे 30 दिन में पूरा कर सकती हैं तो बताओ 6 आदमी तथा 5 औरतें 4 घण्टे कार्य करके उसे कितने दिनों में पूरा करेंगी?**

(a) 15 दिन (b) 17 दिन (c) 20 दिन (d) 36 दिन

**व्याख्या-**

$$3\,M = 5W$$
$$3M \times 8 \times 30 = (6M + 5W) \times 4 \times x$$
$$3.5M \times 8 \times 30 = (6.5 + 5.3) \times 4 \times x$$
$$15 \times 8 \times 30 = 45 \times 4 \times x$$
$$x = 20 \text{ दिन}$$

**Q6. किसी किले में 800 व्यक्तियों के लिए 50 दिन की खाद्य सामग्री थी। परन्तु 20 दिन के बाद 200 व्यक्ति और आ गये। तो बताओ अब शेष खाद्य सामग्री कितने दिनों के लिए पर्याप्त होगी?**

(a) 12 दिन (b) 18 दिन (c) 24 दिन (d) 22 दिन

KOTHARI INSTITUTE

**व्याख्या-**

$$\text{शेष खाद्य सामग्री} = \frac{Man_1(Day_1 - Day_2)}{Man_1 \pm Man_2}$$

$$\frac{800(50-20)}{800+200} = \frac{800 \times 30}{1000} = 24 \text{ दिन}$$

**Q7. एक लिफ्ट में 12 वयस्कों अथवा 20 बच्चों का स्थान है तो बताओ 15 बच्चों के साथ लिफ्ट में कितने व्यक्ति चढ़ सकते हैं?**

(a) 2 व्यक्ति (b) 3 व्यक्ति (c) 9 व्यक्ति (d) 12 व्यक्ति

**व्याख्या-**

$12 : 20 :: x : 15$

$$x = \frac{12 \times 15}{20} = 9$$

**तो अतिरिक्त = 12 - 9 = 3 वयस्क व्यक्ति**

**Q8. 10 व्यक्ति 8 घंटे कार्य करके किसी कार्य को 40 दिन में पूरा कर सकते हैं तो 20 व्यक्ति 5घंटे कार्य करके उसे कितने दिन में पूरा कर सकते हैं। यदि पहली प्रकार के 2 व्यक्ति उतना कार्य करते हैं जितना कि दूसरे प्रकार के 3 व्यक्ति।**

(a) 15 दिन (b) 10 दिन (c) 48 दिन (d) 45 दिन

**व्याख्या-**

पहली प्रकार के 2 व्यक्ति = दूसरी प्रकार के 3 व्यक्ति

तो पहली प्रकार के 10 व्यक्ति =

दूसरी प्रकार के $\frac{3}{2} \times 10 =$ 15 व्यक्ति

$$Man_1 \times Day_1 \times Hour_1 = Man_2 \times Day_2 \times Hour_2$$
$$15 \times 40 \times 8 = 20 \times x \times 5$$
$$x = 48 \text{ दिन}$$

**Q9. 90 व्यक्तियों ने किसी कार्य को पूरा करने के लिए 45 दिन का ठेका लिया। परन्तु किसी कारणवश 24 दिन के बाद 20 व्यक्ति बाहर चजले गये तो बताओ अब शेष कार्य कुल कितने दिनों में समाप्त होगा।**

(a) 70 दिन (b) 21 दिन (c) 21 दिन (d) 27 दिन

**व्याख्या-**

| व्यक्ति | दिन |
|---|---|
| 90 | 45 |

**24 दिन के बाद**

**(90 - 20) = 70**

**(45 - 24) = 21 दिन**

$$Man_1 \times Day_1 = Man_2 \times Day_2$$
$$90 \times 21 = 70 \times x$$
$$x = \frac{90 \times 21}{70} = 27 \text{ दिन}$$

**Q10. 60 व्यक्तियों ने किसी कार्य को करने के लिए 36 दिन का ठेका लिया परन्तु 16 दिन के बाद कुछ व्यक्ति और आ जाते हैं तो शेष कार्य 15 दिन में समाप्त हो जाता है तो बताओ कुल कितने व्यक्ति नये आए-**

(a) 36 दिन (b) 20 दिन (c) 18 दिन (d) 16 दिन

**व्याख्या-**

$$\text{शेष कार्य} = \frac{Man_1(Day_1 - Day_2)}{Man_1 \pm Man_2}$$

$$15 = \frac{60(36-16)}{(60+x)}$$
$$900 + 15x = 1200$$
$$15x = 300$$
$$x = 20$$

**Q11. यदि एक आदमी अथवा 2 औरतें अथवा 3 लड़के किसी कार्य को पूरा करने में 88 दिन लेते हों तो एक आदमी, एक औरत तथा एक लड़का मिलकर उस कार्य को कितने समय में पूरा करेंगे।**

(a) 40 दिन (b) 42 दिन (c) 48 दिन (d) 54 दिन

**व्याख्या-**

$1M = 2W = 3B$

$M : W : B$

$6 : 3 : 2$

$1M \times 88 = (1.6 + 1.3 + 1.2) \times x$

$6 \times 88 = 11 \times x, \; x = 48$

●●●●●

# साझेदारी (Partnership)

**साझेदारी एक प्रकार की पद्धति है, जिसमें दो या दो से अधिक व्यक्ति अपनी पूँजी लगाकर कोई व्यापार प्रारम्भ करते हैं और इस व्यापार से प्राप्त लाभ को आपस में बांटते हैं।**

## साझेदारी के प्रकार (Type of Partnership)

यह दो प्रकार का होता है- (i) साधारण साझा (i) जटिल साझा

**(i) साधारण साझेदारी -** इसमें सभी साझेदारों की पूँजियाँ अलग-अलग अवधि के लिए लगी रहती हैं। इसमें लाभ को साझेदारों की पूँजियों के अनुपात में विभाजित किया जाता है।

**नोट-** कभी-कभी कोई साझेदार पूँजी के अतिरिक्त व्यापार की देखभाल भी करता है। इस देख भाल के लिए उसे मालिक भत्ता भी मिलता है। ऐसे साझेदार को **क्रियाशील साझेदार** कहते हैं।

## Example

**Q1. विपिन और फैज़ान क्रमशः 10,000 रू और 20,000 रू. लगाकर व्यापार शुरु करते हैं तथा वर्ष के अंत में 6000 रू का लाभ हुआ अतः वे किस प्रकार लाभांश को विभाजित करेंगे। तथा फ़ैजान का लभा क्या होगा?**

**व्याख्या-**

नोट- लाभ का विभाजन पूँजियों के अनुपात में किया जाता है।

| **विपिन** | : | **फैज़ान** |
|---|---|---|
| 10,000 | : | 20,0000 |
| 1 | : | 2 |

**आनुपातिक योग** = 1 + 2 = 3

**कुल लाभ** = 6000

**अतः विपिन का लाभ** = $6000 \times \frac{1}{3} = 2000$

**फैज़ान का लाभ** = $\overset{2}{6000} \times \frac{2}{3} = 4000$

अर्थात फैज़ान का लाभ 4000 रु. होगा।

**Q2. A ने एक व्यापार 4000 रू. से प्रारम्भ किया, 6 महीने बाद 6000 रू. लगाकर B इसमें शामिल हो गया तथा C ने 12000 रू. केवल 5 माह के लिए लगाए। यदि वर्ष के अंत में 5800 रू. का लाभ मिला हो, तो प्रत्येक को लाभ के रूप में कितना प्राप्त हुआ।**

**स्पष्ट है पूरा व्यापार 12 माह तक चला-**

(i) A ने 4000 रू 12 माह तक लगाए।

(ii) B ने 6000 रू. 6 माह बाद अर्थात 6 माह तक लगाए।

(iii) C ने 12000 रू 5 माह तक लगाए।

**व्याख्याः -** पूँजी का अनुपात

| **A** | : | **B** | : | **C** |
|---|---|---|---|---|
| 4000 | : | 6000 | : | 12000 |
| × 12 | : | × 6 | : | × 5 |
| 48 | : | 36 | : | 60 |
| 8 | : | 6 | : | 10 |

अनुपात का योग - 8 + 6 + 10 = 24

कुल लाभ = 58000 रु.

**अतः** A का लाभ = $5800 \times \frac{8}{24} = 1933.33$

B का लाभ = $5800 \times \frac{6}{24} = 1450$

C का लाभ = $5800 \times \frac{10}{24} = 2416.66$

अर्थात् A,B और C को साल के अंत में क्रमशः 1933.33 रू, 1450 रू, 2416.66 का लभा प्राप्त हुआ।

**Q3. A एवं B ने साझा में व्यापार प्रारम्भ किया। A ने 1500 रू तथा B ने 2,000 रू लगाए। 4 माह बाद C 2250 रू. लगाकर उसमें शामिल हो जाता है। यदि B ने 9 माह बाद अपना धन निकाल लिया हो, तो वर्ष के अंत में 900 रू. के लाभ में प्रत्येक को कितना मिलेगा।**

**व्याख्या- पूरा व्यापार 12 माह तक चला**

A ने 1500 रू 12 माह तक लगाए।

B ने 2000 र 9 माह तक लगाए

C ने 2250 रू 4 माह बाद अर्थात् 8 माह तक लगाए।

**अर्थात् पूँजी का अनुपात -**

| **A** | : | **B** | : | **C** |
|---|---|---|---|---|
| 1500 | : | 2000 | : | 2250 |
| × 12 | : | × 9 | : | × 8 |
| 18000 | : | 18000 | : | 18000 |
| 1 | : | 1 | : | 1 |

अतः स्पष्ट है कि तीनों को लाभ में से बराबर-बराबर धन की प्राप्ति हुई।

चूँकि कुल लाभ = 900 रू. है

**चूँकि प्रत्येक का लाभ** = $\frac{900}{3} = 3000$

**अतः** A का लाभ = 300

B का लाभ = 300

C का लाभ = 300

अत: A का लाभ = 300 रू. B का लाभ = 300 रू. तथा C का लाभ = 300 रू. प्राप्त होगा।

**Q4. A, B तथा C एक साझेदार के व्यापार में सम्मिलित हुए। A ने $\frac{1}{4}$ धन, $\frac{1}{4}$ समय के लिए लगाया। B ने $\frac{1}{5}$ धन, $\frac{1}{2}$ समय के लिए लगाया तथा C ने शेष धन पूरे समय के लिए लगाया 1140 रू के लाभ में प्रत्येक को क्या मिलेगा?**

**व्याख्या: - पूँजी का अनुपात-**

| | A | : | B | : | C |
|---|---|---|---|---|---|
| | $\frac{1}{4}$ | : | $\frac{1}{5}$ | : | शेष अर्थात् |

**पूँजी : -** $\left[1-\left(\frac{1}{4}+\frac{1}{5}\right)\right]=\frac{11}{20}$

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **समय : -** | $\frac{1}{4}$ | : | $\frac{1}{5}$ | : | $\frac{11}{20}$ |
| | $\times\frac{1}{4}$ | : | $\times\frac{1}{2}$ | : | $\times 1$ |
| | $\times\frac{1}{16}$ | : | $\times\frac{1}{10}$ | : | $\times\frac{11}{20}$ |
| **या** | 5 | : | 8 | : | 44 |

**अनुपाततिक योग** = 5 + 8 + 44 = 57

**कुल लाभ** = 1140 रू.

**अतः** : A का लाभ = $1140\times\frac{5}{57}=100$ रू.

: B का लाभ = $1140\times\frac{8}{57}=160$ रू. तथा

: C का लाभ = $1140\times\frac{44}{57}=880$ रू.

अर्थात् A, B, C का लाभ क्रमश: 100 रू., 160 रू., 180 रु. होगा।

**Q5. A ने एक व्यापार 450 रू. लगाकर प्रारंभ किया कुछ समय बाद B 300 रू. के साथ व्यापार में शामिल हो गया। वर्ष के अंत में यदि दोनों ने 2:1 के अनुपात में लाभ विभाजित किया हो, तो B कितने माह बाद शामिल हुआ।**

**व्याख्या:-**

$$\frac{\text{A की पूँजी} \times \text{का समय}}{\text{B की पूँजी} \times \text{का समय}}=\frac{\text{A का लाभ}}{\text{B का लाभ}}$$

$$\frac{450\times12}{300\times x}=\frac{2}{1}$$

B का समय $x$ मान लेने पर

$$x=\frac{450\times12}{300\times2}=9 \text{ माह}$$

इस प्रकार B, 9 माह बाद व्यापार में शामिल हुआ।

अत: स्पष्ट है कि B व्यापार में 12 - 9 = 3 माह बाद शामिल हुआ।

**Q6. जयंत ने 27000 रू. लगाकर एक व्यापार प्रारम्भ किया। कुछ समय पश्चात नेहा 20,250 रू. लगाकर इस व्यापार में साझेदार हो गयी। वर्ष के अंत में लाभ 2:1 के अनुपात में विपरीत हुआ। ज्ञात कीजिए नेहा कितने समय बाद व्यापार में सम्मिलित हुआ।**

**व्याख्या:-**

$$\frac{\text{जयंत की पूँजी} \times \text{दीपक का समय}}{\text{नेहा की पूँजी} \times \text{नेहा का समय}}=\frac{\text{दीपक का लाभ}}{\text{नेहा का लाभ}}$$

$$\frac{27000\times12}{20,250\times\text{नेहा का समय}}=\frac{2}{1}$$

$$(27000\times12)=2\times(20,250\times\text{नेहा का समय})$$

$$\text{नेहा का समय}=\frac{27000\times12}{2\times20,250}=8 \text{ माह}$$

अत: नेहा अपनी पूँजी 8 माह के लिए लगाती है। यानी नेहा व्यापार आरम्भ होने के 4 माह (12-8) बाद सम्मिलित हुआ।

**Q7. A और B क्रमश: 3,000 रू. और 4,000 रू लगाकर एक व्यापार प्रारंभ करते हैं। एक वर्ष के बाद उनको 2,800 रू. का लाभ हुआ A ने अपने लाभ का हिस्सा पुन: व्यापार में लगा दिया परंतु B ने नहीं। दूसरे वर्ष के लाभ में A और B के हिस्सों में क्या अनुपात होगा?**

**व्याख्या:-** अनुपात समझ पर

| A | : | B | |
|---|---|---|---|
| 3,000 | : | 4,000 | पूँजी |
| या 3 | : | 4 - | पूँजी का अनुपात |

KOTHARI INSTITUTE

**पूँजी के अनुपात में ही लाभ का अनुपात होगा।**

A का लाभ = कुल लाभ × $\frac{\text{A का अनुपात}}{\text{अनुपाती योग}}$

$2,800 \times \frac{3}{7} = 1,200$ रू.

तथा B के लाभ $= 2,800 \times \frac{4}{7} = 1,600$ रू. होगा।

तथा B के लाभ का अनुपात = 1,200 : 1,600

- A ने अपने लाभ का हिस्सा पुन: व्यापार में लगा दिया अर्थात् दूसरे वर्ष के लिए A की पूँजी = (3,000 + 12,00) रू. = 4,200 रू.

अत: दूसरे वर्ष के लाभ में A और B के हिस्सों का

अनुपात = 4,200 : 4,000
= 42 : 40
= 21 : 20

अर्थात् A और B के हिस्सों में 21:20 अनुपात होगा?

**Q8. श्याम, सुंदर और विरेन्द्र ने एक व्यवसाय 4700 रू. में आरंभ किया। श्याम ने सुंदर से 500 रू. अधिक लगाए और सुंदर ने विरेन्द्र से 300 रू. अधिक लगाए। यदि लाभ 1410 रू. हो, तो श्याम को कितना लाभ अंश मिलेगा?**

**व्याख्या-** माना विरेन्द्र ने व्यवसाय में $x$ रूपये लगाए।

∴ सुंदर द्वारा व्यवसाय में लगाए गए रूपये = ($x$ +300)

श्याम द्वारा व्यवसाय में लगाए गए रूपये

= $x$ +300+500= ($x$ + 800)

**प्रश्न के अनुसार**

$x + (x + 300) + (x + 800) = 4700$

$3x = 4700 - 1100$

$x = \frac{3600}{3} = 1200$ रू.

∴ सुंदर तथा श्याम द्वारा व्यवसाय में लगाए गए रुपये क्रमश: 1500 एवं 2000 होंगे।

तीनों द्वारा लगाए गए धन का अनुपात = 1200 : 1500 : 2000
= 12 : 15 : 20

**आनुपातिक योग** = 12 + 15 + 20 = 47

अब 1410 रूपये लाभ में श्याम को प्राप्त लाभ = $1410 \times \frac{20}{47}$

= 30 × 20 = 600 रूपये

अर्थात् श्याम को 600 रूपये का लाभांश मिला।

**Q9. किसी पूँजी के साथ A,B और C ने साझेदारी बनाई जिसमें A का अंशदान 10,000 रू. है। यदि 1,000 के कुल लाभ में से A को 500 रू. मिलता है और B को 300 रू. मिलता है, तो C की पूँजी है-**

**व्याख्या- 10,000 रूपये में**

A का लाभ = 500 रूपये,
B का लाभ = 300 रूपये
C का लाभ = (1000-500-300) = 200 रूपये

∴ **500 रू. लाभ पर पूँजी =** 10,000

200 रु. के लाभ पर पूँजी = $\frac{200}{500} \times 10,000 = 4,000$ रू.

अत: C की पूँजी 4000 रू. होगी।

**Q10. एक व्यापार में दो व्यक्ति पवन और रोहित क्रमश: 15,000 रूपये और 25,000 रूपये लगाकर व्यवसाय प्रारंभ करते हैं। वर्ष के अंत में दोनों को 10,000 रूपये का लाभ होता है। वे अपने लाभ का 12% फिर से व्यापार में लगाते हैं। बची हुई राशि में से प्रत्येक 1,000 रूपये लेते हैं तथा फिर बची हुई राशि उनके मूल निवेश के अनुपात के अनुसार बांट लेते हैं। तो बताइये कि पवन का हिस्सा कितना होगा?**

**व्याख्या-**

व्यापार में फिर लगाई गई धनराशि = $\frac{10000 \times 12}{100} = 1200$ रू.

शेष लाभ = 10000 - 1200 = 8800 रुपये

1000 रू. प्रत्येक द्वारा लेने के बाद लाभ = 8800-2000 = 6800 रू.

निवेश की गई राशियों में अनुपात = 15000 : 25000 = 3 : 5

∴ पवन को मिला हिस्सा $= 1000 + \frac{6800 \times 3}{8}$

= 1000 + 2550 = 3550

**Q11. A,B, C साझेदारी में शामिल होते हैं। A, B के निवेश का 3 गुना ज्यादा निवेश करता है तथा B,C के निवेश का दो-तिहाई निवेश करता है। वर्ष के अंत में 6600 रूपये का लाभ कमाया जाता है। लाभ में B का हिस्सा कितना होगा?**

**व्याख्या-** माना C द्वारा निवेश का हिस्सा $x$ है।

B का निवेश = $\frac{2x}{3}$

A का निवेश = $\frac{2x}{3} \times 3 = 2x$

A, B तथा C के निवेश का अनुपात =

$2x : \frac{2x}{3} : 2x = 6x : 2x : 3x$

लाभ में B का हिस्सा = $\frac{2x}{11x} \times 6600 = 1200$ रू.

अत: B का हिस्सा 1200 रू. होगा।

●●●●●



KOTHARI INSTITUTE

# ब्याज (Interest)

## साधारण ब्याज (Simple Intrest)

किसी भी मूल राशि पर निश्चित समय में निश्चित दर पर अतिरिक्त राशि ही साधारण ब्याज कहलाता है। इसे प्रायः S.I. से सूचित किया जाता हैं।

**मूल राशि या मूलधन ( Principal )-** जिस राशि को निश्चित दर और निश्चित समय पर लगाया जाता है, मूलधन कहलाता है। इसे प्रायः P से सूचित किया जाता है।

**मिश्रधन ( Amount )-** निश्चित समय और दर पर ब्याज सहित प्राप्त राशि मिश्रधन कहलाती है। इसे प्रायः A से सूचित किया जाता है।

अर्थात् A = P + S.I.

**Example-** यदि 200 रु. 2% ब्याज दर पर 2 वर्ष के लिए साधारण ब्याज पर लगाया जाता हैं, तो-

मूलधन = 200 रु, दर = 2% वार्षिक, समय = 2वर्ष हुआ।

अब इससे प्राप्त ब्याज ज्ञात करने के लिए, सूत्र-

$$\text{साधारण ब्याज} = \frac{\text{मूलधन x समय x दर}}{100}$$

$$\text{या S.I} = \frac{200\times2\times2}{100} = 8 \text{ रु.}$$

अतः ऊपर के प्रश्न में प्राप्त ब्याज 8 रु. होगा।

∴ मिश्रधन = मूलधन + ब्याज = 200 + 8 = 208 रु.

अर्थात् व्यक्ति जो 200 रु. 2 वर्ष के लिए 2% वार्षिक ब्याज दर पर लगाता है को समय के अन्त में 208 रु. मिलेगा।

**समय ( Time )-** धन ब्याज पर देने और लेने के बीच का अन्तराल समय कहलाता है। इसे प्रायः T या N से सूचित किया जाता है।

[**Note-** समय की यह परिभाषा इसी जगह (S.I & C.I) तक मान्य है]

**Example-** यदि राम ने जनवरी 2006 में कुछ धन दिया तथा ब्याज साहित वह जनवरी 2008 में पाया, तो समय = 2008-2006 = 2 वर्ष

**दर ( Rate )-** प्रति सैकड़ा पर रुपये में मिलने वाला ब्याज, दर कहलाता है। इसे प्रायः R या r से सूचित किया जाता हैं।

**Example-** राम को 2% वार्षिक ब्याज मिलता हैं इसका अर्थ है कि राम को प्रति सैकड़ा 2 रु. वार्षिक अतिरिक्त धन मिलता हैं।

**Note-** साधारण ब्याज (छमाही, तिमाही या वार्षिक) किसी भी रूप में संयोजित हो प्रश्न में कोई परिवर्तन किए बगैर हल करें।

### Some Important FORMULAE

(1) $S.I. = \frac{P\times t\times r}{100}$

(a) $P = \frac{S.I.\times100}{t\times r}$ (b) $t = \frac{S.I.\times100}{P\times r}$ (c) $r = \frac{S.I.\times100}{p\times t}$

(2) A = P + S.I. (a) P = A-S.I. (b) S.I. = A-P

## चक्रवृद्धि ब्याज (Compound Interest)

किसी धन पर निश्चित समय के बीच-बीच में किसी शर्त पर (छमाही, तिमाही, नमाही, वार्षिक आदि) ब्याज प्राप्त कर मूलधन में जोड़कर उसे नया मूलधन बनाते हुए फिर शर्त जारी उसे नया मूलधन बनाते हुए फिर शर्त जारी रहे, तो इस प्रकार प्राप्त ब्याज चक्रवृद्धि ब्याज कहलाता हैं

**अथवा,**

निश्चित समय अंतराल पर ब्याज की गणना कर उसे मूलधन में जोड़कर नया मूलधन बनाते हुए पुनः ब्याज प्राप्त करना ही चक्रवृद्धि ब्याज हैं।

**Example-** राम ने श्याम को 100 रु. 2 वर्ष के लिए चक्रवृद्धि ब्याज पर 5% वार्षिक दर पर दिया तो-

∴ ब्याज की दर 2% वार्षिक हैं।

जब ब्याज का संयोजन प्रति वर्ष हो, तो-

$$\text{पहले वर्ष के अन्त में प्राप्त ब्याज} = \frac{100\times5\times2}{100} = 10 \text{ रु.}$$

∴ अगले वर्ष के लिए मूलधन ब्याज = 100 + 10 = 110 रु.

$$\text{अब अगले वर्ष का ब्याज} = \frac{110\times5\times2}{100} = 11 \text{ रु.}$$

∴ 2 वर्ष के बाद मिश्रधन = 100 + 11 = 21 रु.

∴ प्राप्त ब्याज = 121 - 100 = 21 रु.

इस प्रकार प्राप्त ब्याज ही चक्रवृद्धि ब्याज कहलाता हैं।

$$C.I. = P\left[\left(1+\frac{r}{100}\right)^1 - 1\right]$$

जहाँ, C.I.→ चक्रवृद्धि ब्याज, P → मूलधन, r = ब्याज दर, t → समय है।

### Some Important FORMULAE

जब ब्याज प्रति वर्ष संयोजित हो।

**(1)** $A = P\times\left(1+\frac{r}{100}\right)^t$ **(2)** A = P + C.I.

( 3 ) C.I. = $P\left[\left(1+\frac{r}{100}\right)^{t}-1\right]$

**Note-** जब ब्याज का संयोजन प्रति छमाही हो, तो-

समय $\rightarrow 2 \times t$, दर $\rightarrow \frac{r}{2}$

जब ब्याज का संयोजन प्रति तिमाही हो, तो-

समय $\rightarrow 4 \times t$, दर $\rightarrow \frac{r}{4}$

जब ब्याज का संयोजन प्रति नौमाही हो, तो-

समय $\rightarrow \frac{4}{3} \times t$, दर $\rightarrow$ का प्रयोग करें।

Note: किसी भी धन पर 1 वर्ष का x% वार्षिक दर से ब्याज के वार्षिक संयोजन से प्राप्त साधारण और चक्रवृद्धि ब्याज के वार्षिक संयोजन से प्राप्त साधारण और चक्रवृद्धि ब्याज समान होता है।

## Some Important TRICKS

**TRICK-( 1 ):** यदि कोई राशि a वर्ष में b गुनी हो जाती हो, तो-

ब्याज की वार्षिक दर = $\left(\frac{b-1}{a} \times 100\right)\%$

**Example -** एक राशि साधारण ब्याज पर निवेश करने पर 6 वर्ष आठ माह में दोगुनी हो जाती है, तो ब्याज की दर प्रतिशत प्रतिवर्ष क्या होगी?

**Tricky Solⁿ :** $r \times \frac{2-1}{6+\frac{8}{12}} \times 100 = 15\%$

$\because$ समय 6 वर्ष 8 माह $= 6 + \frac{8}{12}$ वर्ष

**Tricky-2) :** यदि कोई राशि साधारण ब्याज दर a% वार्षिक दर से मूलधन की b गुनी हो जाती है, तो-

समय अवधि + $\left(\frac{b}{a} \times 100\right)$ वर्ष

**Example -** कोई धन 10% वार्षिक ब्याज दर पर कितने समय में मूलधन का 4 गुना हो जाएगी?

**Tricky Solⁿ:** अभीष्ट समय = $\frac{4-1}{10} \times 100 = 30$ वर्ष

**TRICk-3):** यदि किसी राशि का साधारण ब्याज a% दर से मूलधन का b गुना हो जाता है, तो-

समय अवधि = $\left(\frac{b}{a} \times 100\right)$ वर्ष

**Example-** किसी धन पर साधारण ब्याज मूलधन का $\frac{4}{9}$ है तथा वर्षों की संख्या वार्षिक प्रतिशत दर के समान है तो वार्षिक दर क्या है?

**Tricky Solⁿ :** $t = \frac{4}{9} / t \times 100, \Rightarrow 9t^2 = 400, \Rightarrow t = \frac{20}{3} = 6\frac{2}{3}\%$

**Tricky-4 :** यदि किसी राशि का साधारण ब्याज a वर्ष में राशि का b गुना हो जाता है, तो-

ब्याज दर = $\left(\frac{b}{a} \times 100\right)\%$

**Example-** किसी धन का साधारण ब्याज 24 वर्ष में धन का 3 गुना हो जाता है, तो ब्याज की दर क्या होगी?

**Tricky Solⁿ :** अभीष्ट दर = $\frac{3}{24} \times 100 = \frac{25}{2}\% = 12\frac{1}{2}\%$

**Trick- 5):** यदि कोई धन साधारण ब्याज पर $t_1$ वर्ष में $n_1$ गुना हो जाता हो, तो वही धन $n_2$ गुना होगा-

$t_2 = \left(\frac{n_2 - 1}{n_1 - 1}\right) \times t_1$

(NOTE-Trick ( 5 ) सहायता से 4 में से कोई भी एक हिस्सा लुप्त कहने पर ज्ञात किया जाता है।)

**Example** कोई राशि 7 वर्ष में साधारण ब्याज पर 2 गुनी हो जाती हैं। वह कितने वर्षों में 4 गुना हो जाएगी?

**Tricky Solⁿ :** $t_2 = \frac{4-1}{2-1} \times 7 = \frac{3 \times 7}{1} = 21$ वर्ष

**Trick-6) :** कोई धन a% ब्याज दर से पहले $t_1$ फिर $t_2$ फिर $t_3$........ वर्ष के लिए बलाए जाने पर यदि साधारण ब्याज b रु. देता हो, तो-

मूलधन = $\frac{b \times 100}{a(t_1 + t_2 + t_3 + ........)}$

**Example-** 10% वार्षिक ब्याज दर पर राम नो अपना धन पहले 2 वर्ष के लिए, पुनः 3 वर्ष के बिए श्याम को दिया। यदि उसने श्याम से ब्याज के रूप में 714 रु. पाया, तो राम का धन क्या था?

**Tricky Solⁿ :** राम का धन = $\frac{714 \times 100}{10(2+3)} = 714 \times 2 = 1428$ रु.

**Trick-7 ):** यदि राशि a को $b_1\%$ दर से $t_1$ समय, $b_2\%$ दर से अगले $t_2$ समय, ...... लगाया जाता हो, तो-

(a) साधारण ब्याज = $\frac{a}{100}(b_1t_1 + b_2t_2 + .....)$

**NOTE-** जब राशि की जगह ब्याज a हो, तो-

(b) मूलधन = $\frac{a \times 100}{(b_1t_1 + b_1t_2 + ........)}$

**Example -** किसी धन पर पहले 2 वर्षों तक 3% वार्षिक ब्याज लिया जाता है। अगले 3 वर्षों तक 4% और 5 वर्ष के बाद के वर्षों के लिए 6% वार्षिक ब्याज लिया जाता हैं 2000 रु. की धनराशि पर 10 वर्षों के साधारण ब्याज क्या होगा?

KOTHARI INSTITUTE

**Tricky Sol$^n$:** कुल प्राप्त साधारण ब्याज

$$= \frac{2000}{100}(2 \times 3 + \times 4 + 5 \times 6)$$

$= 20 \times 48 = 960$ रु.

**TRICK-8 ):** यदि कोई धन a वर्ष में साधारण ब्याज की दर से $n_1$ गुनी हो जाती है तो a वर्ष में ही $n_2$ गुनी हो जाने के लिए-

$$\text{दर} = \frac{(n_2 - 1)100}{a}\%$$

**Example-** एक धन 7 वर्ष में साधारण ब्याज पर 2 गुनी हो जाती है। धन 3 गुनी हो जाए, तो इसके लिए दर क्या रखना होगा?

**Tricky Sol$^n$ :** अभीष्ट दर $= \frac{(3-1)\times 100}{7} = \frac{200}{7} = 28\frac{4}{7}\%$

: धन को a वर्ष के लिए क्रमशः $b_1\%$ और $b_2\%$ दर पर देने पर ब्याज में c रु. का अन्तर जाता हो, तो-

$$\text{मूलधन} = \frac{c}{b_2 - b_1} \times \frac{100}{a} \text{ होगा।}$$

**Trick-9:** एक व्यक्ति 5000 रु. 2 वर्ष के लिए 4३ वार्षिक साधारण ब्याज पर उधार होता है। वह तत्काल उसे किसी दूसरे व्यक्ति को $6\frac{1}{4}\%$ साधारण ब्याज की दर पर 2 वर्ष के लिए उधार दे देता है। इस सौदे का लाभ क्या होगा?

**Tricky sol$^n$ :** व्यक्ति का लाभ $= \frac{5000 \times 2}{100}\left[\frac{25}{4} - 4\right] = 225$ रु.

**Trick-10:** धन का a% ब्याज से $t_1$ और $t_2$ समय के साधारण ब्याज में अन्तर हो तो-

$$\text{मूलधन} = \frac{c}{t_2 - t_1} \times \frac{100}{a}$$

**NOTE-** अथवा समय a और दर $t_1, t_2$ रहने पर भी मूलधन वही होगा।

**Example -** किसी धनराशि को दो बराबर हिस्से में बाँट कर एक हिस्से को 4% तथा दूसरे हिस्से का $4\frac{1}{2}\%$ वार्षिक ब्याज दर पर 7 वर्षा तक रखा गया।

यदि समय पूरा होने पर दोनों के ब्याज का अन्तर 31.30 रु. आता हो, तो बराबर हिस्से में से प्रत्येक हिस्सा था।

**Tricky Sol$^n$:** माना धन का प्रत्येक हिस्सा .. था।

$$\therefore x = \frac{31.50}{4\frac{1}{2} - 4} \times \frac{100}{7} = \frac{63 \times 100}{7}, \quad \therefore = 900 \text{ रु.}$$

**Trick-11 ):** यदि अलग-अलग राशि का अलग अलग दर से, अलग-अलग समय का साधारण ब्याज समान हो, तो-

$$p_1 \times t_1 \times r_1 = p_2 \times t_2 \times r_1$$

जहाँ- P - मूलधन, r-दर t-समय (1.2 क्रमशः पहला दूसरा है)

**NOTE-** इस Trick से 6 में से कोई एक लुप्त हिस्सा ज्ञात किया जा सकता है।

**Example -** यदि किसी निश्चित समय में 45% वार्षिक ब्याज की दर से 1200 रु. का साधारण ब्याज, 1800 रु. के साधारण ब्याज से 135 रु. कम है, तो समय ज्ञात कीजिए।

**Tricky Sol$^n$ :** $1800 \times x \times x\, 4.5 - 1200 \times x \times 4.5 = 135 \times 100$

$\Rightarrow 27x = 135, \quad \Rightarrow x = 5$ रु.

**Trick-12 ):** यदि कोई धन साधारण ब्याज दर पर $t_1$ वर्ष में $a_1$ गुना तथा $t_2$ वर्ष में $a_2$ गुना हो जाता है, तो-

$$\text{मूलधन} = \frac{a_1 t_2 - a_2 t_1}{t_2 - t_1}$$

**Example-** किसी धन पर एक निश्चित दर पर एक निश्चित दर पर एक निश्चित समय के लिए साधारण ब्याज मूलधन का $\frac{1}{4}$ है। यदि दर और समय संख्यात्मक रूप से समान हो, तो दर प्रतिशत क्या होगा?

**Tricky Soln :** $r = \frac{1}{4r} \times 100, \Rightarrow r^2 = \frac{100}{4}, r = \sqrt{25} = 5\%$

**Trick-13 ):** किसी धन का निश्चित दर से साधारण ब्याज $t_2$ वर्ष में धन की $a_1$ गुना हो जाती है, तो $a_2$ गुना होने में- लगा समय $(t_2) = t_1(a_2 - 1)\,(a_1 - 1)$

**Example-** एक धन निश्चित साधारण ब्याज की दर पर 5 वर्ष में दुगनी हो जाती है। उसी पर 3 गुनी होने में राशि को कितना समय लगेगा?

**Tricky Sol$^n$ :** अभीष्ट समय = 5 (3-1) (2-1) = 10 वर्ष

- जिस त्रिभुज में एक कोण $90^0$ का होता है उसे समकोण त्रिभुज कहते हैं।
- $90^0$ के सामने वाली भुजा को कर्ण (Hypstenuse) कहते हैं, जो त्रिभुज की सबसे लंबी भुजा होती है।
- अन्य दो भुजाओ को त्रिभुज के पाद (Legs) या भुज (Cathetus) कहा जाता है।
- समकोण त्रिभुज, पाइथागोरियन प्रेमय का पालन करते हैं - दो भुजों (आधार और लम्ब) की लम्बाई के वर्गों का योग, कर्ण की लम्बाई के बराबर होता है।

## पाइथागोरस प्रेमय

- यह ज्यामिति में किसी समकोण त्रिभुज की तीनों भुजाओं के बीच एक सम्बन्ध बताने वाली प्रेमय है।
- इस प्रेमय को आमतौर पर एक समीकरण के रूप में व्यक्त किया जाता है।

## समीकरण रूप

- हम जब कर्ण की लम्बाई को c और अन्य दो भुजाओं की लम्बाई को a और b लेते हैं तो प्रेमय को निम्नलिखित समीकरण के रूप में व्यक्त करते हैं-

**समीकरण -**

$a^2 + b^2 = c^2$ या $c = \sqrt{a^2 + b^2}$




- यदि C पहले से दिया गया है और एक भुजा की लम्बाई निकालना हो निम्नलिखित समीकरण का उपयोग करते है-

**समीकरण-**

$c^2 - a^2 = b^2$ **या** $c^2 - b^2 = a^2$

- समकोण त्रिभुज का क्षेत्रफल $= \frac{1}{2} \times$ लम्ब $\times$ आधार




आयत ABCD का क्षेत्रफल = लम्ब × आधार

- चूँकि त्रिभुज ABC का क्षेत्रफल आयत ABCD के क्षेत्रफल का आधा है।

नोट- आयत का विकर्ण आयत के क्षेत्रफल को दो बराबर भागों में विभाजित करता है।

- त्रिभुज ABC का क्षेत्रफल $= \frac{1}{2} \times$ आयत ABCD का क्षेत्रफल

अत: समकोण त्रिभुज ABC का क्षेत्रफल $= \frac{1}{2}$ लम्ब × आधार

- समकोण त्रिभुज में, $(\text{कर्ण})^2 = (\text{लम्ब})^2 + (\text{आधार})^2$
- समकोण त्रिभुज में कर्ण का मध्य बिन्दु तीनों शीर्षों से समदूरस्थ होता है अर्थात् AD = BD = CD




- **समकोण त्रिभुज का परिमाप-** किसी आकृति का परिमाप उसकी सभी भुजओं का योग होता है।

**अतः समकोण का परिमाप** = लम्ब + आधार + कर्ण

KOTHARI INSTITUTE

## EXERCISE

**Q.1 किसी समकोण त्रिभुज का आधार 3 मीटर तथा कर्ण 4 मीटर हो, तो इस त्रिभुज का परिमाप एवं क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए तथा साथ ही इसकी ऊंचाई ज्ञात करें?**




**व्याख्या-**

- **समकोण त्रिभुज में,**

$(\text{कर्ण})^2 = (\text{लम्ब या ऊंचाई})^2 + (\text{आधार})^2$

$(4)^2 = (\text{ऊंचाई})^2 + (3)^2$

$\text{ऊंचाई} = (4)^2 = \sqrt{(4)^2 + (3)^2}$

$= \sqrt{16+9}$

$= \sqrt{25} = 5$ मीटर

## समबाहु त्रिभुज (Equilateral Triangle)

- जिस त्रिभुज की तीनों भुजाओं की लंबाई आपस में समान होती है उसे समबाहु त्रिभुज कहते हैं।




- समबाहु त्रिभुज के प्रत्येक कोण $60^0$ के होते हैं।

**नोट-** त्रिभुज के अंत: कोणों का योग = $180^0$ होता है चूँकि समबाहु त्रिभुज में तीनों भुजाएं समान हैं, इसलिए प्रत्येक कोण समान अर्थात् = $\frac{180^0}{3} = 60^0$ के होते हैं।




- समबाहु त्रिभुज के शीर्ष से आधार पर डाला गया लम्ब आधार को समद्विभाजित करता है।




- अर्थात् उपर्युक्त चित्र में $BD = CD = \frac{BC}{2}$ होगा।
- समबाहु त्रिभुज का शीर्ष लम्ब ही माध्यिका भी होती है।
- माध्यिका = $\frac{\sqrt{3}}{2} \times$ भुजा
- माना कि समबाहु त्रिभुज की भुजा की लंबाई a है, पाइथोगोरस प्रेमय का उपयोग करने पर

समबाहु त्रिभुज का क्षेत्रफल $\frac{\sqrt{3}}{4} \times (\text{भुजा})^2$

समबाहु त्रिभुज का परिमाप = $P = 3a$

परिवृत्त की त्रिज्या = $R = \frac{a}{\sqrt{3}}$

अंतर्वृत की त्रिज्या = $R = \frac{a}{2\sqrt{3}}$

त्रिभुज का ज्यामितिय केन्द्र (केन्द्रक) परिवृत्त और अंतर्वृत का केन्द्र होगा।

तथा किसी भी दिशा से लम्बा (ऊंचाई) का मान $H = \frac{\sqrt{3}}{2} a$ होगा।

- समबाहु त्रिभुज में लम्ब, कोण समद्विभाजक, भुज समद्विभाजक और माध्यिकाएं सभी सम्मिलित होते हैं।

## समान प्रतिच्छेदी-

त्रिभुज में तीन प्रकार की प्रतिच्छेदी रेखायें होती हैं तो समबाहु त्रिभुज में समान होती है।

- तीनों **ऊंचाईयाँ** की लम्बाई समान होती है।
- तीनों **माध्यिकाओं** की लम्बाई समान होती है।
- तीनों कोण **समद्विभाजकों** की लम्बाई समान होती है।

KOTHARI INSTITUTE

## समद्विबाहु त्रिभुज (ISOSCELES TRIANGLE)

जिस त्रिभुज की काई दो भुजाएं आपस में बराबर होती हैं उसे समद्विबाहु त्रिभुज कहते हैं।




समद्विबाहु त्रिभुज के शीर्ष से आधार पर डाला गया लम्ब, भुजा, BC को अर्थात आधार को अर्धित करता है।

अत: $BD = \mathbf{CD} = \frac{BC}{2}$ होगा।

- **समद्विबाहु त्रिभुज का क्षेत्रफल =** $\frac{1}{2}$ × आधार × ऊँचाई

$$= \frac{1}{2} \times BC \times AD$$




- समद्विबाहु त्रिभुज का परिमाप = तीनों भुजाओं का योग
  चूँकि AB + AC + BC = AB + AB + BC (चूँकि AB = AC है)
  = 2 AB + BC या 2 AC + BC

## विषमबाहु त्रिभुज (Scalene Triangle)

**जिस त्रिभुज की तीनों भुजाएं परस्पर असमान और तीनों कोण भी भिन्न हो, उसे विषयबाहु त्रिभुज कहते हैं।**




किसी भी त्रिभुज में $\angle A$ के सामने की भुजा का संकेत 'A', $\angle B$ के सामने की भुजा का संकेत 'B' तथा $\angle C$ के सामने की भुजा का संकेत 'C' होता है।

**इस प्रकार-**

त्रिभुज का परिमाप $= a + b + c$

- त्रिभुज का अर्ध परिमाप (s) $= \frac{a+b+c}{2}$
- त्रिभुज का क्षेत्रफल $= \sqrt{s(s-a)(s-b)(s-c)}$

## चतुर्भुज (Quadrilateral)

चार सरल रेखाओ से घिरी बन्द आकृति को चतुर्भुज कहते है यूकिलडियन समतल ज्यामिति मे, चतुर्भुज एक बहुभुज है जिसमे चार किनारे (या भुजा) और चार शीर्ष (या कोने) होते है।




- चतुर्भुज सरल या जटिल होते है। सरल चतुर्भुज उत्तल या अवतल होते है।
- एक साधारण चतुर्भुज ABCD के आंतरिक कोणों का योग $360^0$ होता है, अर्थात् -
  $\angle A + \angle B + \angle C + \angle D = 360^0$
- यह आन्तरिक कोण योग सूत्र $(n\text{-}2) \times 180^0$ द्वारा प्राप्त होता है। (यहाँ n बहुभुज की भुजाओं की संख्या है)

## समलम्ब चतुर्भुज (Trapezium)

**ऐसा चतुर्भुज जिसमें दो समान्तर भुजाऐं, आधार के साथ समकोण बनाए। समांतर चतुर्भुज एक समलंब चतुर्भुज कहलाता है।**



**समलम्ब चतुर्भुज आकृति**

KOTHARI INSTITUTE

- समलम्ब चतुर्भुज का क्षेत्रफल = $\frac{1}{2}$ × समांतर चतुर्भुज भुजाओं का योग × उनके बीच की दूरी (ऊंचाई)

## समानान्तर चतुर्भुज (Parallelogram)

- ऐसा चतुर्भुज जिसमें आमने-सामने की भुजाऐं समान होने के साथ-साथ समानान्तर भी हो।




- एक आयात को समानान्तर चतुर्भुज तो कह सकते हैं। परन्तु समानान्तर चतुर्भुज को आयात नहीं कह सकते हैं।
- समानान्तर चतुर्भुज का क्षेत्रफल = आधार × ऊंचाई
- समानान्तर चतुर्भुज का प्रत्येक विकर्ण उसे दो समान भागों में विभाजित करता है।

**नोट-** यहाँ स्थिति के अनुसार क्षेत्रफल निकालने के लिए हीरा का सूत्र भी काम में ले सकते हैं.

## समचतुर्भुज (Rhombus)

- ऐसा चतुर्भुज जिसकी सभी भुजाऐं तथा सम्मुख कोण समान हों।
- समचतुर्भुज का क्षेत्रफल = $\frac{1}{2}$ × विकर्णों का गुणनफल

(**नोट-**समचतुर्भुज के विकर्ण एक-दूसरे को ज्यामिति पर समद्विभाजित करते हैं।)

समचतुर्भुज की भुजा = $\frac{\text{परिमाप}}{4}$

## आयात (Rectangle)

- ऐसा चतुर्भुज जिसके चारों अंत: कोण समकोण हो उसे आयत (Rectangle) कहते हैं। और इसमें विकर्ण भी बराबर हो




- आयात की आमने-सामने की भुजाएं समान और समानान्तर होती हैं।
- आयात के दोनों विकर्ण समान होते हैं।
- आयात के विकर्ण एक दूसरे को समद्विभाजित करते हैं।
- आयत का क्षेत्रफल = लम्बाई × चौड़ाई
- आयात का परिमाप = 2 (लम्बाई + चौड़ाई)
- आयत का विकर्ण = $\sqrt{(\text{लम्बाई})^2 + (\text{चौड़ाई})^2}$

## वर्ग (Square)

ज्यामिति की एक आकृति है। यदि किसी चतुर्भुज की चारों भुजाएं बराबर हों और चारों कोण समकोण हो तो उसे चतुर्भुज वर्ग कहते हैं।



- वर्ग की चारों भुजाएं समान होती हैं।
- चारों कोण समकोण होते हैं।
- वर्ग के दोनों विकर्ण समान होते हैं।
- दोनों विकर्ण एक-दूसरे को समकोण पर समद्विभाजित करते हैं।
- आमने-सामने की भुजाएं बराबर और समांन्तर होती हैं।
- वर्ग एक चक्रीय चतुर्भुज होता है।
- वर्ग एक आयात भी होता है।
- वर्ग एक समांतर चतुर्भुज भी होता है।
- वर्ग का क्षेत्रफल = $(\text{भुजा})^2$
- वर्ग का क्षेत्रफल = $\frac{(\text{विकर्ण})^2}{2}$

**नोट-** क्योंकि विकर्ण पर बने वर्ग का क्षेत्रफल पहले का दुगुना होता है।

- वर्ग का परिमाप = 4 × भुजा
- वर्ग का विकर्ण $= \sqrt{(\text{लम्बाई})^2 + (\text{चौड़ाई})^2}$

$$= \sqrt{(\text{भुजा})^2 + (\text{भुजा})^2}$$

$$= \sqrt{2(\text{भुजा})^2}$$

**नोट-** क्योंकि वर्ग की लम्बाई व चौड़ाई समान होती है। तो वर्ग का



KOTHARI INSTITUTE

विकर्ण = $\sqrt{2}$ × भुजा

अर्थात् वर्ग का विकर्ण उसकी भुजा × $\sqrt{2}$ गुना है।

- आयताकार मैदान / वर्गाकार मैदान के बाहर या भीतर बने रास्ते का क्षेत्रफल = 20 × (लम्बाई + चौड़ाई $\pm$ $2x$) बाहर है, तो (+) भीतर है तो (–) ।

## वृत्त (Circle)

**एक तल के उन बिन्दुओं का समूह होता है जो एक नियत बिन्दू (केन्द्र) से अंचर दूरी (त्रिज्या पर होते हैं।**




आकृति

- जब किसी भी वृत्त को उसके केन्द्र से किसी भी नियत कोण पर घुमाया जाता है तो भी वृत्त नहीं बदलता है।
- जब एक सीधी रेखा खींची जाती है जो केन्द्र से गुजरती है तो ये एक वृत्त को दो बराबर भागों में बांट देती है।

## वृत्त का व्यास (Diameter of Circle)

- एक वृत्त को दो बराबर भागों में बांटने वाली रेखा व्यास कहलाती है।
- ऊपर दी गयी आकृति में D वृत्त का व्यास है।
- ऊपर दी गयी आकृति में R उस वृत्त की त्रिज्या है।

## वृत्त की परिधि (Circumference of Circle)

- वृत्त के चारों और का परिमाप ही परिधि कहलाता है।
- ऊपर दी गयी आकृति में C उस वृत्त की परिधि है।

## वृत्त की जीवा (Chord of Circle)

- वृत्त की जीवा एक रेखा खण्ड है जिसमें दोनों अंतबिन्दू वृत्त की परिध पर होते हैं।
- व्यास वृत्त की सबसे बड़ी जीवा होती है एवं यह वृत्त के केन्द्र से होकर गुजरती है।
- ऊपर दी गयी आकृति 2 में जीवा Chord के नाम से दी गयी है।

## वृत्त की स्पर्श रेखा (Tangent of Circle)

- स्पर्श रेखा वह सीदी रेखा होती है जो एक वृत्त की परिधि को बाहर से किसी एक बिन्दु पर छूती है।

## वृत्त की छेदन रेखा (Secant of Circle)

- छेदन रेखा वह रेखा होती है जो वृत्त के कि.. नहीं दो बिन्दुओं को छूती है।

## वृत्त की चाप (Arc of Circle)

- वृत्त चाप (Arc) की परिधि का एक हिस्सा होता है-




चाप

## वृत्त की त्रिज्यखंड (Sector of Circle)

- त्रिज्यखंड एक ऐसा क्षेत्र होता है जो किन्ही दो त्रिज्यखंडों एवं एक चाप के अन्दर होता है।

## वृत्त खण्ड (Segment of Circle)

- वृत्तखंड वह क्षेत्र होता है जो किन्ही दो त्रिज्याखण्डों एवं एक चाप के अन्दर होता है।

## अन्य तथ्य

- जब आयत का परिमाप और वर्ग का परिमाप समान हो तो वर्ग का क्षेत्रफल अधिक होगा।
- जब ायत व वर्ग का क्षेत्रफल समान हो तो आयत का परिमाप अधिक होगा।
- जब आयत, वृत्त, चतुर्भुज व त्रिबुज की परिमितियां समान हों तो इनमें वृत्त का क्षेत्रफल सबसे अधिक होगा।
- जब वृत्त की परिधि और वर्ग का परिमाप समान हो तो उनकी त्रिज्या व भुजाओं के मध्य 7 : 11 का अनुपात होगा।
- जब वृत्त की परिधि और वर्ग का परिमाप समान हो तो उनके क्षेत्रफलों के मध्य 14 : 11 का अनुपात होगा।
- जब वृत्त का क्षेत्रफल और वर्ग का क्षेत्रफल समान हो तो उनके परिमाप के मध्य 11 : 14 या $\sqrt{\pi : 2}$ का अनुपात होगा।

KOTHARI INSTITUTE

## Some Important TRICKS

**Trick-1:** यदि किसी चतुर्भुज की एक ओर की भुजा x% बढ़ा दी जाए और दूसरी ओर की x% घटा दी जाए तो क्षेत्रफल में

$$\% \text{ कमी} = \frac{x^2}{100}$$

Example- किसी चतुर्भुज की एक-एक भुजा 10% बढ़ा दी जाती है। जबकि दूसरे को 10% घटा दी जाती है, तो क्षेत्रफल पर क्या प्रभाव पड़ेगा।

Trick Sol: क्षेत्रफल पर प्रभाव = $\frac{10^2}{100}$% कमी = 1% कमी।

**Trick-2:** x मी. लम्बाई और y मी. चौड़ाई वाले आयत के चारो ओर z मी. चौड़े बाहर से बनाए गए, रास्ते का क्षेत्रफल

**= 2z (x+y+2z)**

Example- 4 मीटर लम्बाई और 3 मीटर चौड़ाई वाले आयातकार खेत के चारों ओर 1 मीटर चौड़ा बाहर से सटाकर रास्ता बनाया गया है, तो रास्ते का क्षेत्रफल कितना होगा?

Trick Sol: रास्ते का क्षेत्रफल = 2 x 1 (4+3+2x1) = 2 x 9 = 18 $m^2$

**Trick-3:** x मी.लम्बाई और y मीटर चौड़ाई वाले आयत के चारों ओर z मी. चौड़ा अन्दर से बनाए गए रास्ते का क्षेत्रफल

= 2z (x + y - 2z)

Example- 22 मीटर लम्बे और 10 मीटर चौड़े एक आयातकार खेत के चारों ओर 2 मीटर चौड़ा रास्ता अन्दर से सटा कर बनाया जाता है, तो रास्ते का क्षेत्रफल बताएँ।

Trick Sol: रास्ते का क्षेत्रफल = 2 x 2 (22+10-2x2) = 4 x 28=112$m^2$

**Trick-4:** x मी.भुजा वाले किस वर्गाकार खेत के चारों ओर बाहर से सटाकर y मीटर चौड़ा रास्ता बनाना है, तो रास्ते का क्षेत्रफल

= 4y (x + y)

Example- 5 मीटर भुजा वाले किसी वर्गाकार खेत के चारों ओर 1 मीटर चौड़े बाहर से बने रास्ते का क्षेत्रफल क्या होगा?

Trick Sol: रास्ते का क्षेत्रफल = 4 x 1 (5 + 1) = 24$m^2$

**Trick-5:** x मीटर भुजा वाले किसी वर्गाकार खेत के चारो ओर अन्दर से सटाकर y मीटर चौड़ा रास्ता बनाना है, तो रास्ते का क्षेत्रफल 4y (x-y)

Example- 100 मीटर भुजा वाले वर्गाकार खेत में अन्दर से सटाकर चारों ओर 2m चौड़ा रास्ता बनाया जाता है। रास्ते का क्षेत्रफल क्या होगा?

Trick Sol: रास्ते का क्षेत्रफल = 4 x 2 (100-2) = 784 $m^2$

**Trick-6:** x मीटर त्रिज्या वाले वृत्ताकार भूखण्ड के चारों ओर बाहर से सटाकर y मीटर चौड़ा रास्ता बनाना है, तो रास्ते का क्षेत्रफल = πy (y+2x)

Example- 10 मीटर व्यास वाले वृत्ताकार प्लाट के बाहर बने 40cm चौड़े रास्ते का क्षेत्रफल बताएं।

Trick Sol: रास्ते का क्षेत्रफल = $\frac{22}{7} \times 40\ (40+2x500)$ = 130743$cm^2$

**Trick-7:** x मीटर त्रिज्या वाले वृत्ताकार भूखण्ड के चारों ओर अंदर से सटाकर y मीटर चौड़ा रास्ता बनाना है, तो रास्ते का क्षेत्रफल = πy (2x+y)

Example- 25 cm त्रिज्या वाले वृत्ताकार भूभाग में अन्दर से सटाकर 5 cm का रास्ता बनाया गया है। रास्ते का क्षेत्रफल बताएं।

Trick Sol: रास्ते का क्षेत्रफल = π x 5 (2 x 25 - 5)

$= \frac{22}{7} \times 5 \times 45$

= 707.14 $cm^2$ = 707 $cm^2$

**Trick-7:** यदि किसी चतुर्भुज के दोनों ओर की भुजा x% बढ़ा दी। जाए तो उसके क्षेत्रफल में प्रतिशत वृद्धि = $2x + \frac{x^2}{100}$

Example- यदि किसी वर्ग की भुजा को 25% बढ़ाया जाए, तो उसका क्षेत्रफल कितना प्रतिशत बढ़ जाएगा?

Trick Sol: क्षेत्रफल में % वृद्धि =

$$2 \times 25 + \frac{25 \times 25}{100} = 50 + \frac{625}{100}$$

$$= \frac{25}{4} = 56\frac{1}{4}\%$$

## EXERCISE

1. 14 से.मी. त्रिज्या वाले एक वृत्ताकार तार को काटा जाता है, और उसे वर्गाकार बनाया जाता है, वर्ग का क्षेत्रफल निकालें?
(a) 121 $cm^2$ (b) 500 $cm^2$
(c) 484 $cm^2$ (d) 784 $cm^2$
2. दो संकेन्द्रित वृत्तों के मध्य घेरे का क्षेत्रफल क्या होगा, जिनकी परिधियाँ 88 cm तथा 132 cm है?
(a) 770 $cm^2$ (b) 715 $cm^2$
(c) 660 $cm^{22}$ (d) 778$cm^2$



KOTHARI INSTITUTE

3. एक आयत की लम्बाई 8 से.मी. और इसका विकर्ण 10 से.मी. हो, तो आयत की परिमिति कितनी होगी?
(a) 35 से.मी. (b) 38 से.मी.
(c) 28 से.मी. (d) 18 से.मी.

4. एक वृत्त के क्षेत्रफल और इसके व्यास के बीच का अनुपात क्रमश: 22:1 है, उसके व्यासार्ध का माप कितना होगा?
(a) 770 $cm^2$ (b) 715 $cm^2$
(c) 660 $cm^{22}$ (d) 778 $cm^2$

5. एक वृत्त की परिधि 121 वर्ग सेमी के क्षेत्रफल वाले एक वर्ग की परिधि के समान है, तो वृत्त का क्षेत्रफल क्या हैं?
(a) 44 वर्ग सेमी (b) 154 वर्ग सेमी
(c) 121 वर्ग सेमी (d) निर्धारित नहीं किया जा सकता।

6. 5 मीटर चौड़ाई वाली एक दूसरे को लम्बवत काटकर जाने वाली दो सड़कें एक 80 मी. X 60 मी. साइज के आयातकार क्षेत्र के बीचों बीच बनाई गई है। सड़कों पर 10 रु. प्रति (मीटर) की दर से बजरी डालने का व्यय होगा-
(a) 6075 रु. (b) 670 रु.
(c) 6750 रु. (d) 7560 रु.

7. यदि एक वर्ग के विकर्ण की लम्बाई 20 सेमी हो तो इसका परिमाप होगा।
(a) $40\sqrt{2}$ cm (b) 40 cm
(c) 200 cm (d) $10\sqrt{2}$ cm

8. एक वृत्त का व्यासार्थ एक समकोणीय त्रिभुज की ऊँचाई से 20 प्रतिशत अधिक है। समकोणीय त्रिभुज का आधार 36 सेमी है। यदि समकोणीय त्रिभुज का क्षेत्रफल वृत्त के क्षेत्रफल के बराबर हो, तो वृत्त का क्षेत्रफल लगभग कितना होगा?
(a) 72 वर्ग सेमी (b) 144 वर्ग सेमी
(c) 128 वर्ग सेमी (d) निर्धारित नहीं किया जा सकता

9. एक वृत्त और एक आयत के परिमाप समीन हैं। आयत की भुजाएँ 18 सेमी और 26 सेमी है, वृत्त का क्षेत्रफल कितना है?
(a) 88 $cm^2$ (b) 154 $cm^2$
(c) 1250 $cm^2$ (d) 616 $cm^2$

10. किसी समलम्ब चतुर्भुजकार खेत का क्षेत्रफल 1440 वर्ग मीटर है। समानान्तर भुजाओं के बीच लंबिक दूरी 24 मीटर है । यदि समान्तर भुजाओं में 5:3 का अनुपात है, तो समान्तर भुजाओं में से लम्बी भुजा कितनी है?
(a) 45 वर्गमीटर (b) 60 वर्गमीटर
(c) 75 वर्गमीटर (d) 120 वर्गमीटर

11. एक कमरे की चारों दीवारों का क्षेत्रफल 120 वर्गमीटर है, कमरे की लम्बाई, चौड़ाई की अपेक्षा दोगुनी है। यदि कमरे की ऊँचाई 4 मीटर हो तो कमरे के फर्श का क्षेत्रफल ज्ञात करें।
(a) 48 वर्गमीटर (b) 49 वर्गमीटर
(c) 50 वर्गमीटर (d) 52 वर्गमीटर

12 एक तार 28 सेमी त्रिज्या के वृत्त के रूप में मोड़ा गया है, जब इसको पुन: एक वर्ग के रूप में मोड़ा जाता है, तो वर्ग की एक भुजा की लम्बाई ज्ञात करें।
(a) 44 सेमी (b) 45 सेमी
(c) 46 सेमी (d) 48 सेमी

13. एक वृत्ताकार घास के मैदान का व्यास 42 मीटर है। इसके चारों ओर बाहर 3.5 मीटर चौड़ा एक रास्ता है। इस रास्ते पर 4 रु. प्रति वर्गमीटर की दर से गिट्टी बिछवाने में कितना व्यय होगा?
(a) 2002 रु. (b) 2003 रु.
(c) 2004 रु. (d) 2000 रु.

14. यदि किसी वृत्त की त्रिज्या में 50 प्रतिशत की वृद्धि कर दी जाए तो उसके क्षेत्रफल में कितने प्रतिशत की वृद्धि होगी?
(a) 125% (b) 100%
(c) 75% (d) 50%

15. दो सकेन्द्रीय वृत्तों की परिधियाँ 176 मीटर और 132 मीटर है। तो वृत्तों के क्षेत्रफलों का अन्तर ज्ञात करें।
(a) 125% (b) 100%
(c) 75% (d) 50%

16. यदि एक समबाहु त्रिभुज और एक समष्ट्भुज की भुजा एक ही समान हो तो उनके क्षेत्रफल का अनुपात होगा-
(a) 1 : 2 (b) 2 : 3
(c) 1 : 6 (d) 4 : 5

17. एक आयत तथा एक समान्तर चतुर्भुज का क्षेत्रफल समान है, समान्तर चतुर्भुज का आधार 40 सेमी तथा शीर्षलम्ब 6 सेमी है। निम्नलिखित में कौनसा एक आयत की लम्बाई-चौड़ाई का अनुपात नहीं हो सकता? (विमा के मान पूर्णांक है)
(a) 7 : 5 (b) 40 : 3
(c) 15 : 2 (d) 30 : 1

18. एक आयत तथा एक समान्तर चतुर्भुज के क्षेत्रफल समान हैं। समांतर चतुर्भुज का आधार 20 cm तथा शीर्षलम्ब 6 cm है। निम्नलिखित में कौनसा एक आयत की लम्बाई-चौड़ाई का अनुपात नहीं हो सकता है? (बिमा-के मान पूर्णांक है)
(a) 7 : 5 (b) 2 : 1
(c) 5 : 1 (d) 30 : 1

# आयतन (Volume)

**किसी वस्तु का आयतन वस्तुतः उस वस्तु की धारिता होती है। जैसे- एक गिलास में पानी की जो मात्रा आएगी वह गिलास का आयतन होगा।**

**इसी प्रकार एक ठोस लोहे की गेंद में लोहे की जो मात्रा होगी वही उसका आयतन होगा। आयतन हमेशा त्रिविमीय आकृतियों (Three Dimensional) में ही होता है। त्रिविमीय आकृतियों में आयतन के साथ-साथ इनके सतह का क्षेत्रफल ज्ञात किया जाता है।**

## सतह (Surface)

**त्रिविमीय आकृति (3 Dimensional Figure):** जिन तलों या पृष्ठों द्वारा भी होती होती है उस आकृति की **सतह** कहते हैं। चूँकि सतह तलों का क्षेत्रफल होता है। इसलिए इसकी इकाई **वर्ग से.मी., वर्ग मीटर** आदि होती है। अतः त्रिविमीय आकृति में **घन, घनाभ, बेलन, शंकु, गोला प्रिज्म एवं पिरामिड** होता है।

## घन (Cube)

**एक ऐसी त्रिआयमी आकृति (3-dimensional figure) को कहा जाता है जिसकी लम्बाई, चौड़ाई और ऊँचाई तीनों समान (Comman) होती हैं।**




जैसा कि आप ऊपर दी गयी आकृति में देख सकते हैं यहाँ एक त्रिआयमी (3-dimensional) आकृति दी गयी है जिसकी लम्बाई, चौड़ाई एवं ऊंचाई समान है। ऐसा होने से यह एक घन कहलायेगा।

## घन के गुणधर्म (Properties of Cube)

- **शीर्ष (Properties of Cube):** शीर्ष वह कोना होता है जहाँ तीन रेखाएं जो कि एक घन के किनारे होते हैं वे आकर मिलते हैं। एक घन में आठ किनारे होते हैं।
- **किनारे (Edge):** एक घन में बारह किनारे होते हैं। ये किनारे फलकों की भुजाएँ होती हैं। एक घन के बारह के बारह किनारे समान लम्बाई के होते हैं।
- **फलक विकर्ण (Face diagonal):** फलक विकर्ण वे रेखा खण्ड होते हैं जो विपरीत शीर्षों को जोड़ते हैं। हर एक फलक के किनारे में दो विकर्ण कुल 12 विकर्ण होते हैं।

## घनाभ (Cuboid)

**एक ऐसी त्रिआयामी (3-dimensional) आकृति (figure) है जिसके 6 आयताकार फलक होते हैं इस वजह से ऐसी आकृतियों को बहुफलक भी कहा जाता है।**




ऊपर दी गयी आकृति में जैसा कि आप देख सकते हैं की इसके सभी फलक आयताकार है इस वजह से यह एक घनाभ कहलायेगा।

## घनाभ के गुणधर्म (Properties of Cuboid)

- एक घनाभ के छः फलक होते हैं ।
- एक घनाभ के सभी कोण समकोण होते हैं।
- इसके सभी फलक आयताकार होते हैं।
- सभी फलकों का आयताकार होने से तात्पर्य है कि हर फलक के जो चार आयाम होते हैं उनमें से एक युगम बराबर होना चाहिए।

जैसा अगर हम एक ऊपर वाला फलक लेते हैं जिसके आयाम Width एवं Length होंगे

अब आयताकार होने का मतलब है कि फलक की 2 width बराबर एवं Length बराबर होनी चाहिये। अगर width एवं Length बराबर हो जाए तब यह एक वर्ण हो जाएगा लेकिन तब भी यह एक घनाभ ही कहलायेगा। क्योंकि यह घनाभ होने की शर्तें पूरी कर रहा है।

## सूत्र (Rules)

- घन का आयतन = $a^3$
- घनाभ का आयतन = लम्बाई × चौड़ाई × ऊँचाई
- घन का पूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल = $6a^2$
- घनाभ का पूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल =
  2 × (लम्बाई×चौड़ाई + चौड़ाई×ऊँचाई + ऊँचाई×लम्बाई)
- घन का वक्र पृष्ठीय क्षेत्रफल = $4a^2$
- घनाभ का वक्र पृष्ठीय क्षेत्रफल = 2 × ऊंचाई (लम्बाई + चौड़ाई)
- n निकालने के लिए विधि

$$n = \frac{\text{बड़े घन की संख्या}}{\text{छोटे घन की संख्या}}$$

- जब छोटे घनों की संख्या निकालना हो तो -
  => n × n × n => $n^3$

**Q1. एक 4 सेमी. के घन में से 1 सेमी में कितने छोटे घन बनेंगे?**

=> बड़े घन की संख्या = 4

=> छोटे घन की संख्या = 1

=> $\frac{4}{1} = 4$ => $4^3$ => 64

**अर्थात् 64 छोटे घन बनेंगे।**

**Q2. एक 4 सेमी. के घन में से 2 सेमी के कितने छोटे-छेटे घन बनेंगे?**

=> बड़े घन की संख्या = 4

=> छोटे घन की संख्या = 2

=> $\frac{4}{2}$ => 2 => $2^3$ => 8

**अर्थात् 8 छोटे घन बनेंगे।**

## Type

**यदि 4 सेमी. वाले रंगीन घन को 1 सेमी. के छोटे-छोटे घनों में बाटा जाए तो -**

**Q. ऐसे कितने घन होंगे जिनकी 3 सतह रंगीन है?**

= इसमें हमेशा 8 घन होंगे जिसकी 3 सतह रंगीन है

= बड़े घन की भुजा = 4

= छोटे घन की भुजा = 1

$\frac{4}{1} = 4$ $n = 4^1$

अत: $4^3 = 64$ (छोटे घनों की संख्या निकालना हो तो $n^3$) अर्थात् 64 घन होंगे जिसकी 3 सतह रंगीन है।

**Q. ऐसे कितने घन होंगे जिनकी 2 सतह रंगीन है?**

## Trick

12 (n-2)

12 (4-2) 12 × 2 = 24

अत: 24 घन होंगे जिनकी 2 सतह रंगीन रंगीन है।

**Q. ऐसे कितने घन होंगे जिनकी 1 ही सतह रंगीन है?**

## Trick

$6\,(n-2)^2$

$6\,(4-2)^2$

$6 \times 2^2$

6 × 4 = 24

अत: 24 घन होंगे जिनकी 1 ही सतह रंगी है।

**Q. ऐसे कितने घन होंगे जिनकी 1 भी सतह रंगीन नहीं है?**

## Trick -

$\mathbf{(n-2)^3}$

$(4-2)^3$

$= \mathbf{2^3}$

= 8

अत: 8 घन होंगे जिनकी 1 भी सतह रंगीन नहीं है।

**EXERCISE**

**Q. 25 cm वाले ठोस घन को 5 cm के छोटे-छोटे घन प्राप्त करने के लिए उसे कुल कितनी बार काटना होगा?**

(a) 6 (b) 9 (c) 12 (d) 16

**व्याख्या:**

$$n = \frac{\text{बड़े घन की संख्या}}{\text{छोटे घन की संख्या}} = \frac{25}{5} = 5$$

n घनों को काटने की संख्या = (n-1) × 3

= (5-1) × 3

= 4 × 3 = 12

अत: ठोस घन को कुल 12 बार काटना होगा।

**Q. एक 16 cm वाले बड़े घन को 4 cm वाले छोटे-छोटे घनों में परिवर्तित किया जाता है, जिसकी दो सम्मुख सतहें लाल, दो सम्मुख हरी और दो सम्मुख नीले रंग की है। उन घनों की संख्या बताइये जो दो सतह रंगीन हो और उनकी दोनों सतहें अलग-अलग रंग की हों?**

(a) 24 (b) 36 (c) 48 (d) 56

$$n = \frac{\text{बड़े घन की संख्या}}{\text{छोटे घन की संख्या}} = \frac{16}{4} = 4 \quad \mathbf{(n = 4)}$$




KOTHARI INSTITUTE

आकृति से स्पष्ट है कि लाल रंग दो सम्मुख सतहों पर, हरा रंग दो सम्मुख सतहों पर, काला रंग दो सम्मुख सतहों पर है। इस प्रकार ऐसा कोई भी कोर (Core) नहीं है जहाँ पर दो समान रंग की सतहें एक दूसरे से मिल रही है अर्थात् प्रत्येक कोर पर दो भिन्न रंग की सतहें ही मिलेगी।

= (n - 2) × 12

= (4 - 2) × 12 = 24 घन

अत: उन घनों की संख्या 24 है । जिनकी दो सतह रंगीन है तथा जिनकी दोनों सतहें अलग-अलग रंग की है।

**Q. एक सतह रंगीन बनने वाले घनों की संख्या बताइये?**

20 24 30 34

(a) (b) (c) (d)

**व्याख्या:**

3 सतह रंगीन घन द्ध कोनों पर

2 सतह रंगीन घन द्ध कोनों पर

1 सतह रंगीन घन द्ध सतह पर (बीच में)




एक सतह रंगीन घन केवल लाल वाली सतह पर मिलेंगे, और लाल वाली प्रत्येक सतह पर उनकी संख्या 5 है।

अत: कुल एक सतह रंगीन बनने वाले घन =

15 + 15 = 30 घन

**Q. किसी घन के 2-2 सेमी के 343 टुकड़ों को जोड़कर एक घन बनाया गया। तो बनने वाले घन की भुजा की माप होगी।**

7 सेमी 6 सेमी 21 सेमी 14 सेमी

(a) (b) (c) (d)

**व्याख्या:**

बनने वाले घनों की संख्या $= \sqrt[3]{\text{टुकड़ों}}$

$= \sqrt[3]{343}$

= 7

- प्रत्येक घन 2 सेमी का है तो = 2 × 7 = 14 सेमी.
- अत: बनने वाले घनों की भुजा की माप 14 सेमी होगी।

**Q. बिना रंग के पटल वाले घनों की संख्या कितनी होगी?**

0 18 9 8

(a) (b) (c) (d)

**व्याख्या:**

घन की भुजा $\sqrt[3]{64} = 4$ cm.

बिना रंग के घनों की संख्या $= (X-2)^3$

$= (4-2)^3$

$= (2)^3$

= 8

अत: बिना रंग के पटल वाले घनों की संख्या 8 होगी।

**Q. एक पटल पीला एवं एक पटल नीला वाले घनों की कितनी संख्या होगी?**

**9 8 5 6**

(a) (b) (c) (d)

**व्याख्या:** $= \frac{12(x-2)}{3}$

$= \frac{12(4-2)}{3}$

$= \frac{12 \times 2}{3} = \frac{24}{3} = 8$ घन

अत: एक पटल पीला एवं एक पटल नीले रंग के घनों की संख्या 8 है।

## बेलन (Cylinder)

**किसी आयत को उसकी एक भुजा के परित: घुमाने पर जो आकृति बनीत है, उसे बेलन कहते हैं।**

ड्रम, पाइप त्यािदि बेलन के उदाहरण हैं। बेलन का आधार और ऊपरी सिरा समान क्षेत्रफल के वृत्त होते हैं।




**(a)** बेलन का आयतन = आधार का क्षेत्रफल × ऊंचाई

$= \pi r^2 \times h$

[ क्योंकि आधार वृत्त है इसलिए वृत्त का क्षेत्रफल = $\pi r^2$ ]

KOTHARI INSTITUTE

**(b)** बेलन के सिरे और आधार के क्षेत्रफल को छोड़कर जो शेष पृष्ठ क्षेत्रफल होता है, उसे वक्र पृष्ठ कहा जाता है।

बेलन का वक्र पृष्ठ = आधार का परिमाप × ऊंचाई

$= 2\pi r \times h$

$= 2\pi rh$

(चूंकि आधार एक वृत्त है इसलिए वृत्त की परिधि $= 2\pi r$ )

**(c)** बेलन का सम्पूर्ण पृष्ठ = वक्र पृष्ठ + 2 × आधार का क्षेत्रफल

$= 2\pi rh + 2\pi r^2$

$= 2\pi r(h+r)$

**उदाहरण :**

**Q. एक बेलन का आधार 14 मीटर त्रिज्या वाला एक वृत्त है और उसकी ऊंचाई 5 मीटर है। बेलन का आयतन और संपूर्ण सतह ज्ञात कीजिए।**

**व्याखया-**

- **बेलन का आधार वृत्त है।**




∴ आधार (वृत्त) का क्षेत्रफल $= \pi r^2$

$= \frac{22}{7} \times 14 \times 14 = 616$ वर्ग मीटर

∴ बेलन का आयतन = आधार का क्षेत्रफल × ऊंचाई

= 616 × 5 = 308 घन मीटर

∴ बेलन का वक्र पृष्ठ = आधार का परिमाप/परिधि × ऊंचाई

$= 2\pi r \times h$

**[ चूंकि आधार एक वृत्त है इसलिए आधार (वृत्त) की परिधि =** $2\pi r$ **]**

$= 2 \times \frac{22}{7} \times 14 \times 5 = 440$ वर्ग मीटर

∴ **बेलन का संपूर्ण पृष्ठ** = बेलन का वक्र पृष्ठ +2× आधार का क्षेत्रफल

$= 440 + 2 \times 616$

$= 440 + 1232$

= 1672 वर्ग मीटर ⇒ **(उत्तर)**

## शंकु (Cone)

शंकु सतह आकृति है जिसका पार्श्व पृष्ठ और आधार एक वृत्त हो।




- शंकु की ऊंचाई का संकेत h तथा त्रिज्या का संकेत r होता है। उपर्युक्त चित्र में प्रदर्शित शंकु ABC की ऊंचाई AD = h और आधार की त्रिज्या BD = CD = r है।
- AD को शंकु की लंबवत ऊंचाई और AB या AC तो तिर्यक ऊंचाई या तिरछी ऊंचाई कहते हैं। तिरछी ऊंचाई का संकेत $l$ होता है आधार को छोड़कर जो वक्र पृष्ठ होता है, उसे तिरछा पृष्ठ या तिर्यक पृष्ठ कहते हैं।

**सूत्र-**

(a) तिर्यक ऊंचाई $(l) = \sqrt{(\text{त्रिज्या})^2 + (\text{ऊंचाई})^2}$

$= l = \sqrt{r^2 + h^2}$

(b) तिरछा पृष्ठ (वक्र तल) = π × त्रिज्या × तिर्यक ऊंचाई

$= \pi r l$

(c) संपूर्ण पृष्ठ = तिरछा पृष्ठ (वक्र तल) + आधार का क्षेत्रफल $= \pi r l + \pi r^2$

**[ क्योंकि आधार एक वृत्त है, इसलिए वृत्त का क्षेत्रफल =** $\pi r^2$ **]**

$= \pi r(l + r)$

(d) शंकु का आयतन $= \frac{1}{3} \times$ आधार का क्षेत्रफल × ऊंचाई

$= \frac{1}{3} \times \pi r^2 \times h$

$= \frac{1}{3} \pi r^2 h$

उदाहरणः-

**Q. एक शंकु की त्रिज्या 7 मीटर है और उसकी तिर्यक ऊंचाई 12 मीटर है। शंकु का आयतन तथा संपूर्ण सतह ज्ञात कीजिए।**




शंकु की त्रिज्या (OB = OC) = 7 मी.

शंकु की तिर्यक ऊंचाई = 12 मी.

शंकु की ऊंचाई = ?

शंकु की ऊंचाई =

$$\sqrt{(\text{शंकु की तिर्यक ऊंचाई})^2 - (\text{शंकु की त्रिज्या})^2}$$

$$=\sqrt{(12)^2-(7)^2}=\sqrt{144-49}$$

$$=\sqrt{95}=9.75 \text{ मी.}$$

∴ शंकु का आयतन $= \frac{1}{3}\pi r^2 h$

$= \frac{1}{3} \times \frac{22}{7} \times 7 \times 7 \times 9.75$

$= 500.5$ घन मीटर

तथा शंकु का संपूर्ण सतह $= \pi r l + \pi r^2$

$= \pi r(l + r)$

$= \frac{2}{7} \times 7\,(12+7)$

$= 22 \times 19 = 418$ वर्ग मीटर

⇒ (उत्तर)

## गोल (Sphere)

**अंतरिक्ष में एक निश्चित बिंदु से समदूरस्थ समस्त बिंदुओं से प्राप्त वक्रपृष्ठ से सीमाबद्ध आकृति गोला कहलाती है अर्थात ऐसी सतह से घिरी प्राकृति जिसमें सतह का प्रत्येक बिंदु एक स्थिर बिंदु से समान दूरी पर हो, गोला कहलाती है। प्रत्येक गोले का एक केन्द्र होता है, केन्द्र को पृष्ठ के किसी बिंदु से मिलाने वाली रेखा त्रिज्या कहलाता है। गोले की त्रिज्या का संकेत r होता है।**




(a) गोले का आयतन $= \frac{4\pi}{3}(\text{त्रिज्या})^3$

$V = \frac{4\pi}{3}(r)^3$

(b) गोले का वक्रपृष्ठ = संपूर्ण पृष्ठ

$= 4\pi(\text{त्रिज्या})^2$

$S = 4\pi r^2$ ⇒ उत्तर

उदाहरणः-

**Q. एक गोले का अर्द्धव्यास (त्रिज्या) 14 मीटर है। उसका आयतन तथा सतह या संपूर्ण पृष्ठ ज्ञात कीजिए।**




गोले का आयतन $= \frac{4}{3}\pi r^3$

$= \frac{4}{3} \times \frac{22}{7} \times 14 \times 14 \times 14$

= 11498.666 घन मीटर (लगभग)

⇒ उत्तर

**गोले का संपूर्ण पृष्ठ** $= 4\pi r^2$

$= 4 \times \frac{22}{7} \times 14 \times 14$

= 2464 वर्ग मीटर ⇒ उत्तर

## अर्द्ध गोला (Hemisphere)

गोला के अर्द्धक को अर्द्ध गोला या गोलार्द्ध कहते हैं।




KOTHARI INSTITUTE

यदि अर्द्ध गोले (गोलार्द्ध) की त्रिज्या 'r' इकाई हो, तो

गोला का आयतन $= \frac{4\pi}{3}(\text{त्रिज्या})^3$

$= \frac{2}{3}\pi r^3$ घन इकाई

गोलार्द्ध का कुल पृष्ठ क्षेत्रफल = $3\pi$ (त्रिज्या)$^2$

$= 3\pi^2$ वर्ग इकाई

**उदाहरण:-**

**Q. एक अर्द्ध गोलाकार मेज की त्रिज्या 21 सेमी है, तो अर्द्ध गोले का आयतन ज्ञात कीजिए।**

हल- अर्द्ध गोले का आयतन $= \frac{2}{3}\pi\,(\text{त्रिज्या})^3$

$= \frac{2}{3}\times\frac{22}{7}\times 21\times 21\times 21$

**= 19404 घन सेमी.** $\Rightarrow$ **उत्तर**

## प्रिज्म एवं पिरामिड

### प्रिज्म (Prism)

वह ठोस होता है जिसके ऊपरी और निचले सतह या फलक एक जैसे होते हैं और उसलके पार्श्व फलक आयताकार होते हैं।




**प्रिज्य से संबंधित कुछ महत्वपूर्ण जानकारियां**

- प्रिज्य के आधार पर जो आयताकार फलकें होती हैं, उन्हें पार्श्व फलकें कहते हैं। आधार में जितनी भुजाएं होती हैं, उतनी ही पार्श्व फलकें। उपर्युक्त प्रिज्म में ABMN, BCNO, CDOP, DEPQ एवं EAQM पार्श्व फलकें हैं।
- आधार ABCDE और ऊपरी सिरा (MNOPQ) भी फलकें होती हैं इस प्रकार प्रिज्म में कुल फलकों की संख्या = आधार में भुजाओं की संख्या + 2
- किसी प्रिज्य का आधार त्रिभुज हो, तो फलकों की संख्या = 3 + 2 + = 5 होगी।
- दोनों फलकों को मिलाने वाली रेखा को कोर कहते हैं। प्रिज्म में कोरों की संख्या = प्रिज्म के आधार में भुजाओं की संख्या × 3 । यदि किसी प्रिज्म का आधार चतुर्भुज हो, तो कोरों की संख्या = 4 × 3 = 12 होगी।
- प्रिज्म में शीर्षों की संख्या = प्रिज्म के आधार में भुजाओं की संख्या × 2 यदि किसी प्रिज्म का आधार पंचभुज हो, तो शीर्षों की संख्या = 5 × 2 = 10 होगी।
- प्रिज्म का पार्श्व पृष्ठ का क्षेत्रफल = आधार का परिणाम × ऊंचाई, प्रिज्म के संपूर्ण-पृष्ठ का क्षेत्रफल = 2 × आधार का क्षेत्रफल + पार्श्व पृष्ठ का क्षेत्रफल, प्रिज्म का आयतन = आधार का क्षेत्रफल × ऊंचाई

**उदाहरण-**

**Q. एक त्रिभुजाकार प्रिज्म जिसकी ऊंचाई 30 मीटर है और जिसके आधार की भुजाएं क्रमशः 21 मीटर, 20 मीटर और 13 मीटर है, तो त्रिभुजाकार प्रिज्म का आयतन और संपूर्ण पृष्ठ का क्षेत्रफल क्या है?**




**व्याख्या-**

आधार का परिमाप = 21+20+ 13= 54 मीटर और ऊंचाई = 30 मीटर है।

आधार का क्षेत्रफल $= \sqrt{s(s-a)(s-b)(s-c)}$

(जहाँ a,b,c त्रिभुज की भुजाएं तथा $s = \frac{\text{परिमाप}}{2}$

$= \frac{54}{2} = 27$ मीटर है)

$\therefore$ **आधार का क्षेत्रफल**

$= \sqrt{27(27-21)(27-20)(27-13)}$

$= \sqrt{27\times 6\times 7\times 14} = 126$ वर्ग मीटर

$\therefore$ प्रिज्म का आयतन = आधार का क्षेत्रफल × ऊंचाई

= 126 × 30 = 3780 घन मीटर

प्रिज्म का संपूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल =

2 × आधार का क्षेत्रफल + पार्श्व पृष्ठ का क्षेत्रफल

= 2 × आधार का क्षेत्रफल + (आधार का परिमाप × ऊंचाई)

= 2 × 126 + (54 × 30)

= 252 + 1620

= 1872 वर्ग मीटर $\Rightarrow$ **उत्तर**



KOTHARI INSTITUTE

## पिरामिड (Pyramid)

समतल फलकों से घिरी हुई वह त्रिविमीय आकृति है जिसका एक फलक त्रिभुज या चतुर्भुज या बहुभुज होता है और शेष फलक त्रिभुजीय होते हैं जिनके शीर्ष आधार के बाहर एक सर्वनिष्ठ बिंदु पर मिलते हैं।




चित्र में GABCDEF एक पिरामिड है जिसका शीर्ष G और आधार एक षटभुज ABCDEF है।

यहां तलों की संख्या 7 (ABG, BCG, CDG, DEG, EFG, FAG, ABCDEF) कोरों की संख्या 12 और शीर्षों की संख्या 7 है।

यदि पिरामिड का आधार बहुभुज अर्थात् त्रिभुज, चतुर्भुज, पंचभुज आदि हो और उसके शीर्ष से आधार पर खींचा गया लंब, आधार को इसके केन्द्रीय बिंदु पर प्रतिच्छेद करे, तो ऐसे पिरामिड को लम्ब पिरामिड कहते हैं और लंब की लंबाई पिरामिड की ऊंचाई कहलाती है।

■ **लंब पिरामिड की तिरछी ऊंचाई**

आधार के अतिरिक्त अन्य त्रिभुजाकार फलक पिरामिड के तिरछे फलक कहलाते हैं। लंब पिरामिड के तिरछे फलक समद्विबाहु त्रिभुज होते हैं।

इन त्रिबुजों की ऊंचाई, शीर्ष से आधार की किसी भुजा के मध्य बिंदु तक खींचे जाने वाले रेखा खंड को पिरामिड की तिरछी ऊंचाई कहते हैं। **देखें-**




उपर्युक्त चतुर्भुज पिरामिड में EO पिरामिड की ऊंचाई तथा EM पिरामिड की तिरछी ऊंचाई है। (यहां AB का मध्य बिंदु M है)

उपर्युक्त पिरामिड में चतुर्भुज ABCD आधार है।

जिस पिरामिड का आधार त्रिभुज है, उसे चतुष्फलक (Tetrahedron) कहते हैं। इसमें चार त्रिभुजीय फलक, छह कोर तथा चार शीर्ष होते हैं।

यदि चतुष्फलक की सभी करें लंबाई में बराबर हों, तो उसे समचतुष्फलक कहते हैं।

लंब पिरामिड का क्षेत्रफल $= \frac{1}{2} \times$ आधार का परिमाप $\times$ तिरछी ऊंचाई

लंब पिरामिड का आयतन $= \frac{1}{3} \times$ आधार का क्षेत्रफल $\times$ उंचाई

**सूत्र- लंब पिरामिड का संपूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल =**
**आधार का क्षेत्रफल + तिरछा पृष्ठ**

**उदाहरण:-**

**Q. उस पिरामिड का आयतन ज्ञात कीजिए जिसका आधार 4 सेमी. भुजा का समबाहु त्रिभुज है और उसकी लंबवत ऊंचाई $6\sqrt{3}$ सेमी. है।**

**व्याख्या-**




पिरामिड ABCDO का आधार समबाहु $\Delta$ ABC है और लंबवत ऊंचाई DO है।

$\therefore$ पिरामिड का आयतन $= \frac{1}{3} \times$आधार का क्षेत्रफल $\times$ लंबवत ऊंचाई

$= \frac{1}{3} \times \frac{\sqrt{3}}{4} \times \text{भुजा} \times \text{भुजा} \times 6\sqrt{3}$

(आधार समबाहु त्रिभुज है जिसका क्षेत्रफल $= \frac{\sqrt{3}}{4} \times \text{भुजा} \times \text{भुजा}$ )

$= \frac{1}{3} \times \frac{\sqrt{3}}{4} \times 4 \times 4 \times 6\sqrt{3}$

$= 24$ घन सेमी. $\Rightarrow$ **उत्तर**

●●●●●

# त्रिकोणमिति (Triangle)

**त्रिकोणमिति का मतलब है कि Triangle होता है। इसका उपयोग जहाँ होगा जहाँ Triangle होगा और Triangle भी समकोण त्रिभुज के साथ उपयोग होगा।**

## समकोण त्रिभुज (Right Angled Triangle)

- जिस त्रिभुज में एक कोण $90^0$ का होता है उसे समकोण त्रिभुज कहते हैं।
- $90^0$ के सामने वाली भुजा को कर्ण (Hypstenuse) कहते हैं, जो त्रिभुज की सबसे लंबी भुजा होती है।
- अन्य दो भुजाओ को त्रिभुज के पाद (Legs) या भुज (Cathetus) कहा जाता है।
- समकोण त्रिभुज, पाइथागोरियन प्रेमय का पालन करते हैं - दो भुजों (आधार और लम्ब) की लम्बाई के वर्गों का योग, कर्ण की लम्बाई के बराबर होता है।

## पाइथागोरस प्रेमय

- यह ज्यामिति में किसी समकोण त्रिभुज की तीनों भुजाओं के बीच एक सम्बन्ध बताने वाली प्रेमय है।
- इस प्रेमय को आमतौर पर एक समीकरण के रूप में व्यक्त किया जाता है।

## समीकरण रूप

- हम जब कर्ण की लम्बाई को c और अन्य दो भुजाओं की लम्बाई को a और b लेते हैं तो प्रेमय को निम्नलिखित समीकरण के रूप में व्यक्त करते हैं-

$$a^2 + b^2 = c^2 \quad \text{या} \quad c = \sqrt{a^2 + b^2}$$




- यदि C पहले से दिया गया है और एक भुजा की लम्बाई निकालना हो निम्नलिखित समीकरण का उपयोग करते है-

$$c^2 - a^2 = b^2 \quad \text{या} \quad c^2 - b^2 = a^2$$

- समकोण त्रिभुज का क्षेत्रफल $= \frac{1}{2} \times$ लाख $\times$ आधार




आयत ABCD का क्षेत्रफल = लम्ब × आधार

- चूँकि त्रिभुज ABC का क्षेत्रफल आयत ABCD के क्षेत्रफल का आधा है।

  नोट- आयत का विकर्ण आयत के क्षेत्रफल को दो बराबर भागों में विभाजित करता है।

- त्रिभुज ABC का क्षेत्रफल $\frac{1}{2} \times$ आयत ABCD का क्षेत्रफल अत:

  समकोण त्रिभुज ABC का क्षेत्रफल $= \frac{1}{2}$ लम्ब × आधार

- समकोण त्रिभुज में, $(\text{कर्ण})^2 = (\text{लम्ब})^2 + (\text{आधार})^2$
- समकोण त्रिभुज में कर्ण का मध्य बिन्दु तीनों शीर्षों से समदूरस्थ होता है अर्थात् AD = BD = CD




- **समकोण त्रिभुज का परिमाप-** किसी आकृति का परिमाप उसकी सभी भुजओं का योग होता है।

  अत: समकोण का परिमाप = लम्ब + आधार + कर्ण

**EXERCISE**

**Q.1 किसी समकोण त्रिभुज का आधार 3 मीटर तथा कर्ण 4 मीटर हो, तो इस त्रिभुज का परिमाप एवं क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए तथा साथ ही इसकी ऊंचाई ज्ञात करें?**

KOTHARI INSTITUTE




**व्याख्या-**

- समकोण त्रिभुज में,

$(कर्ण)^2 = (\text{लम्ब या ऊंचाई})^2 + (आधार)^2$

$(4)^2 = (\text{ऊंचाई})^2 + (3)^2$

ऊंचाई $= (4)^2 = \sqrt{(4)^2 + (3)^2}$

$= \sqrt{16+9}$

$= \sqrt{25} = 5$ मीटर

त्रिकोणमिति में 6 प्रकार के $\theta$ होते हैं-

$\sin\theta \rightarrow \text{cosec}\,\theta$
$\cos\theta \rightarrow \sec\theta$
$\tan\theta \rightarrow \cot\theta$

**सूत्र-** $\frac{LAL}{KKA}$

$\sin\theta = \frac{L}{K}$ $\quad \text{cosec}\,\theta = \frac{K}{A}$

$\cos\theta = \frac{A}{K}$ $\quad \sec\theta = \frac{K}{A}$

$\tan\theta = \frac{L}{A}$ $\quad \cot\theta = \frac{A}{K}$

**EXERCISE**

Q. यदि $\sin\theta = \frac{3}{5}$ हो तो $\tan\theta$ का मान क्या होगा?

**व्याख्या-**




K = 5 L = 3 A = ?

पाइथागोरस प्रेमय में मान रखने पर

$(कर्ण) = (लम्ब)^2 + (आधार)^2$

$(5)^2 = (3)^2 + (आधार)^2$

$25 = 9 + (आधार)^2$

$25 - 9 = (आधार)^2$

$16 = (आधार)^2$

$4 =$ आधार

**Q. यदि** $\tan\theta = \frac{12}{5}$ **है तो** $\text{cosec}\,\theta$ **का मान ज्ञात कीजिए?**

**व्याख्या-**




K = ? L = 12 A = 5

पाइथागोरस प्रेमय में मान रखने पर

$(कर्ण)^2 = (लम्ब)^2 + (आधार)^2$

$= (12)^2 + (5)^2$

$= 144 + 25$

$= 169$

$= 13$

अर्थात् $\text{cosec}\,\theta$ का मान $= \left(\frac{K}{L}\right) \frac{13}{12}$ है।

**सूत्र-** $\sin\theta = \frac{1}{\text{cosec}\,\theta}$ $\quad \text{cosec}\,\theta = \frac{1}{\sin\theta}$

$\cos\theta = \frac{1}{\sec\theta}$ $\quad \sec\theta = \frac{1}{\cos\theta}$

$\tan\theta = \frac{1}{\cot\theta}$ $\quad \cot\theta = \frac{1}{\tan\theta}$

$\tan\theta = \frac{\sin\theta}{\cos\theta}$ $\quad \cot\theta = \frac{\cos\theta}{\sin\theta}$

1. $\sin\theta + \cos^2\theta + = 1$
2. $\tan^2\theta + 1 = \sec^2\theta$
3. $1 + \cot^2\theta = \text{cosec}^2\theta$

KOTHARI INSTITUTE

## TABLE

| | $0^0$ | $30^0$ | $45^0$ | $60^0$ | $90^0$ |
|---|---|---|---|---|---|
| sin | 0 | $\frac{1}{2}$ | $\frac{1}{\sqrt{2}}$ | $\frac{\sqrt{3}}{2}$ | 1 |

| | $0^0$ | $30^0$ | $45^0$ | $60^0$ | $90^0$ |
|---|---|---|---|---|---|
| cos | 1 | $\frac{\sqrt{3}}{2}$ | $\frac{1}{\sqrt{2}}$ | $\frac{1}{2}$ | 0 |

| | $0^0$ | $30^0$ | $45^0$ | $60^0$ | $90^0$ |
|---|---|---|---|---|---|
| tan | 0 | $\frac{1}{\sqrt{3}}$ | 1 | $\sqrt{3}$ | $\infty$ |

| | $0^0$ | $30^0$ | $45^0$ | $60^0$ | $90^0$ |
|---|---|---|---|---|---|
| cosec | $\infty$ | 2 | $\sqrt{2}$ | $\frac{2}{\sqrt{3}}$ | 1 |

\

| | $0^0$ | $30^0$ | $45^0$ | $60^0$ | $90^0$ |
|---|---|---|---|---|---|
| sec | 1 | $\frac{2}{\sqrt{3}}$ | $\sqrt{2}$ | 2 | $\infty$ |

| | $0^0$ | $30^0$ | $45^0$ | $60^0$ | $90^0$ |
|---|---|---|---|---|---|
| cot | $\infty$ | $\sqrt{3}$ | 1 | $\frac{1}{\sqrt{3}}$ | 0 |

■ $\tan\theta$ (1). $=\frac{\sin\theta}{\cos\theta}=\frac{0}{1}=0$

(2). $\frac{\frac{1}{2}}{\frac{\sqrt{3}}{2}}=\frac{1}{\sqrt{\ }}$ (3). $\frac{\frac{1}{\sqrt{2}}}{\frac{1}{\sqrt{2}}}$

(4). $\frac{\frac{\sqrt{3}}{2}}{\frac{1}{2}}=\sqrt{3}$ (5). $\frac{1}{0}=\infty$

## EXERCISE

Q. $\sin 30^0 + \cos 60^0 = ?$

$\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=?$ 1 = Ans

Q. $\tan 30^0 \times \tan 45^0 \times \tan 60^0 = ?$

$\frac{1}{\sqrt{3}}\times 1\times\sqrt{3}$ **1 = ans**

Q. $\sin^2 60+\cos^2 60 = ?$

$\left(\frac{\sqrt{3}}{2}\right)^2+\left(\frac{1}{2}\right)^2=?$ $\frac{3}{4}+\frac{1}{4}=?$

$\frac{3+1}{4}=?$ $\frac{4}{4}=1\text{Ans}$

Q. $\tan 30^0\times\cot 30^0 + \tan 60^0 \times \cot 60^0 = ?$

$\frac{1}{\sqrt{3}}\times\sqrt{3}+\sqrt{3}\times\frac{1}{\sqrt{3}}$

$1+1 = 2$ Ans

**Q. अगर $\sin\theta + \text{cosec}\theta = 2$ तो $\sin^{100}\theta + \text{cosec}^{100}\theta$ का मान क्या होगा?**

**व्याख्या-**

सूत्र= $\sin\theta=\frac{1}{\text{cosec}\theta}$ $\text{cosec}\theta=\frac{1}{\sin\theta}$

$\cos\theta=\frac{1}{\sec\theta}$ $\sec\theta=\frac{1}{\cos\theta}$

$\tan\theta=\frac{1}{\cot\theta}=\frac{\sin}{\cos}$ $\cot\theta=\frac{1}{\tan\theta}=\frac{\cos\theta}{1}$

$\sin\theta+\text{cosec}\theta=2$

$\frac{\sin\theta}{1}+\frac{1}{\sin\theta}=2$

$\frac{\sin\theta^2+1}{\sin\theta}=2$

$\sin^2\theta-2\sin\theta+1=0$ यदि एक समीकरण बन गई है

जैसे कि - $x^2-2x+1=0$
$(x-1)^2$ अर्थात् $(\sin-1)^2$

$(\sin-1)^2=0$

$\sin-1=0$

$\sin\theta=11$

$\sin^{100}\theta+\text{cosec}^{100}\theta$ में $\sin\theta$ का मान रखने पर

$1^{100}\theta+\frac{1}{\sin\theta}=1+1=2$ Ans

अर्थात् दूसरा मान 2 होगा।

●●●●●

# ज्यामिति (Geometry)

**ज्यामिति या रेखा रेखागणित (Geometry) गणित की तीन विशाल शाखाओं में से एक है। इसमें बिन्दुओं, रेखाओं, तलों और ठोस चीजों के गुणस्वभाव, मापन और उनके अन्तरिक्ष में सापेक्षिक स्थिति का अध्ययन किया जाता है।**

**आरम्भ में यह अध्ययन रेखाओं तथा रेखों से घिरे क्षेत्रों के गुणों तक ही सीमित रहा जिसके कारण ज्यामिति का नाम रेखागणित भी है।**

## ज्यामिति की निम्न रेखाएँ-

i. बिन्दु ( • )- अंतरिष या सपाट सतह पर एक स्थान

ii. लाईन ( ⟷ )- उन बिन्दुओं का संग्रह जो दोनों दिशाओं में हमेशा के लिए जारी रहता है।

iii. रेखा खण्ड ( •——• ) - दो समापन बिन्दुओं के साथ एक रेखा का एक हिस्सा।

iv. तीर ( ⟶ ) - एक समापन बिन्दु के साथ एक रेखा का एक हिस्सा।

v. कोण ( ⮥ )- समापन बिन्दु साझा करने वाले दो किरणा।

vi. परतच्छेदन लाइनें ( ⤧ )- लाइनें जो एक ही बिन्दुओं से गुजरती है।

vii. लम्बवत रेखा ( ✛ ) - पंक्तियां जो चार सही कोणों को छेदते हैं और बनाते हैं।

viii. समान्तर रेखाएं ( ⇆ )- लाईन्स जो अनदेखी नहीं करते।

■ ज्यामिति में हमें पहले कोण (Angle) ज्ञात करना होता है-

**कोण -** जब दो लाइनों के कोण एक जगह मिलते हैं उनके बीच में एक गेप रहता है। उन्हें नापने के लिए जो राशि दी जाती है उसे कोण कहते हैं।




## कोण के प्रकार-

**1. न्यून कोण =** एक ऐसा कोण जो $90^0$ से कम हो न्यून कोण कहलाता है।




2. **समकोण-** एक ऐसा कोण जो $90^0$ का हो समकोण कहलाता है।




3. **अधिक कोण -** एक ऐसा कोण जो $90^0$ से बड़ा है पर $180^0$ डिग्री से छोटा हो अधिककोण कहलाता है।




4. **सरल कोण-** ऐसा कोण जो पर $180^0$ डिग्री का हो सरल कोण कहलाता है।




5. **बृहत् कोण -** एक ऐसा कोण जो $180^0$ डिग्री से बड़ा हो पर $360^0$ डिग्री से छोटा हो बृहत् कोण कहलाता है।




**6. पूरक कोण -** दो ऐसे कोण जिनका योग $90^0$ डिग्री के बराबर हो पूरक कोण कहलाता है।




**7. संपूरक कोण -** दो ऐसे कोण जिनका योग $180^0$ डिग्री के बराबर हो संपूरक कोण कहलाता है।




**8. शीर्षाभिमुख कोण-** यदि दो रेखाएं एक दूसरे को आपस में काटे तो आमने-सामने बनने वाले कोण बराबर होंगे वह शीर्षाभिमुख कोण कहलाते हैं।

KOTHARI INSTITUTE




1 = 3
2 = 4 बराबर होते हैं।

9. **संगत कोण-** जब दो समांतर रेखाओं को एक तिरछी रेखा काटे तो चार संगत कोण योग बनते हैं।




1 = 5
2 = 6
3 = 7
4 = 8
बराबर होते हैं

10. **एकान्तर कोण-**




3 = 5
4 = 6
1 = 7
2 = 8
अंत: एकांतर

11. **बाहरी कोण / अंत: कोण-**




बाहरी कोण = 1, 2, 7, 8

अंत: कोण = 3, 4, 5, 6

**Note: -** एक ही और के अंत: कोणों का योग $180^0$ डिग्री होता है।

■ 4, 5, $= 180^0$ ■ 3, 6, $= 180^0$

## EXERCISE

**Q1. दिए गई आकृति में $x$ का मान दोनों कोणों में समान हो तो $\angle BOC$ और $\angle AOC$ का मान ज्ञात करो।**

(a) $480^0, 132^0$ (b) $40^0, 132^0$

(a) $58^0, 122^0$ (b) $60^0, 120^0$

**व्याख्या- आकृति $180^0$ का कोण बनाती है तो**




$$(5x-3)+(2x+8)=180$$
$$7x+5=180$$
$$7x=175$$
$$x=25$$

$x$ का मान रखने पर

$(5x-3)^0$ $(2x-8)^0$

$(5\times25-3)^0$ $(2\times25+8)^0$

$(125-3)^0$ $(50+8)^0$

$(122)^0$ $(58)^0$

**Q2. दी गई आकृति में AB || CD, $\lfloor x = 30^0$ और $\lfloor y = 60^0$ है तो $\angle BPD$ का मान ज्ञात करो।**

(a) $180^0$ (b) $90^0$

(a) $135^0$ (b) $270^0$




**Q3. ã ØfÃ aãäã ã1ã x, y का मान ज्ञात करो।**

(a) $46^0, 50^0$ (b) $36^0, 64^0$

(a) $64^0, 42^0$ (b) $64^0, 36^0$




**Q4.** दि गई आकृति में AOB एक सरल रेखा है यदि $\angle AOC = x^0$ और $\angle COD = 50^0$ है तथा $\angle BOD = (20x-2)$ हो तो $\angle AOC$ का मान ज्ञात कीजिये।

(a) $50^0$ (b) $30^0$

(a) $80^0$ (b) $40^0$




$$x+50+(2x-20)=180$$
$$3x+30=180$$
$$3x=150$$
$$x=50$$

■■■■■■■■■■■

KOTHARI INSTITUTE

# प्रायिकता (Probability)

## प्रायिकता (Probability)

**किसी घटना की निश्चितता या अनिश्चितता की माप को संख्याओं में निरूपित करना ही प्रायिकता या सम्भाविता कहलाती है।**

### याद्रिच्छिक प्रयोग (Random Experiment)-

ऐसा प्रयोग जिसके परिणामों के बारे में कोई भविष्यवाणी न की जा सके तो वह यादृच्छिक प्रयोग कहलाता है।

**जैसे-** एक सिक्के को उछालना या पासे को फेंकना।

- वैसे प्रायिकता से जुड़े अधिकांश प्रश्न यादृच्छिक प्रयोगों पर आधारित होते हैं।

### प्रतिदर्श समाष्टि (Sample Space)-

- किसी प्रयोग के बार-बार किऐ जाने पर प्राप्त परिणामों के समुच्चय को प्रतिदर्श समाष्टि या प्रायिकता समष्टि कहते हैं
- इसे S से तथा इसके अवयवों की संख्या को $n(S)$ को से दर्शाते हैं। जैसे- एक सिक्के को पैंका जाऐ तो -
  $S = (H, T) \quad \therefore \; n(S) = 2$
- यदि प्रतिदर्श समष्टि S हो तो किसी घटना E की प्रायिकता

$$P(E) = \frac{n(E)}{n(S)} \quad \text{या प्रायिकता} = \frac{\text{आनुकूल स्थिति}}{\text{कूल स्थिति}}$$

- यहां $n(E)$ = घटना है। $n(S)$ = अवयवों की संख्या।
- यहां ध्यान रखना है कि E कोई घटना है जैसे एक पासे को फेंका जाऐ तो किसी एक अंक आने की घटना है। जबकि (S) उसमें कुल अवयव (6 अंक) हैं।
- प्रायिकता उन सर्वाधिक महत्वपूर्ण गणितीय अवधाराणाओं में से एक है। जिनका प्रयोग हम दैनिक जीवन में करते हैं। वैसे इस अध्याय का प्रयोग मूल अवधारणाओं को पुन: स्मरण करने के साथ-साथ अभ्यास परीक्षण भी करना चाहिए।

### क्रमगुणित (Factorial)

Factorial को आरोही क्रम (Assending order) या अवरोही क्रम (Desending order) में एक से लेकर n तक की प्राकृत संख्याओं के गुणन को क्रमगुणित (Factorial) n या $\underline{|n}$ या n! के रूप में पढ़ा जाता है।

**जैसे-** $\underline{|4} = 4 \times 3 \times 2 \times 1$

यदि n वस्तुओं में p वस्तुओं में एक प्रकार की, q वस्तुओं में एक प्रकार की तथा r वस्तुओं में एक प्रकार हो और शेष वस्तुएं भिन्न हों तो क्रमचयों की संख्या $= \dfrac{\underline{|n}}{\underline{|p}\,\underline{|q}\,\underline{|r}}$

$\underline{|0} = 1$ होता है।

## EXERCISE

**किसी शब्द को हम कितने तरीके से लिख सकते हैं-**

**Q.1 DONE**

**व्याख्या-**

DONE में चार शब्द हैं तो हम इसे $\underline{|4}$ (फैक्टोरियल) के रूप में लिखते हैं।

- फैक्टोरियल का अर्थ है -
  $\underline{|4} = 4 \times 3 \times 2 \times 1$ के रूप में दर्शाते हैं।
- अत: $4 \times 3 \times 2 \times 1$ का गुणनफल 24 होगा।
  अर्थात् DONE को हम 24 तरीके से लिख सकते हैं।

**Q.2 APPLE**

**व्याख्या-**

- APPLE में पाँच शब्द हैं तो हम इसे $\underline{|5}$ (फैक्टोरियल) के रूप में लिखते हैं।
- फैक्टोरियल का अर्थ है -
  $\underline{|5} = 5 \times 4 \times 3 \times 2 \times 1$ के रूप में दर्शाते हैं।
  अत: $5 \times 4 \times 3 \times 2 \times 1$ का गुणनफल 120 होगा।

APPLE $= \dfrac{\underline{|5}}{\underline{|2}}$ (क्योंकि p का दो बार आने से $\angle 2$ लिखा गया है)

- $= \dfrac{\underline{|5}}{\underline{|2}} = \dfrac{5 \times 4 \times 3 \times 2 \times 1}{2} = \dfrac{120}{2} = 60$
- अर्थात् APPLE को हम 60 तरीके से लिख सकते हैं।

KOTHARI INSTITUTE

**Q.3 PRACTICE**

**व्याख्या-**

- PRACTICE में 6 शब्द हैं तो हम इसे $\lfloor 6$ (फैक्टोरियल) के रूप में लिखते हैं।

$$\text{PRACTICE} = \frac{\lfloor 6 \quad 3}{\lfloor 2} = \frac{720 \times 6}{2} = 2160$$

**नोटः-** (क्योंकि $\lfloor 3$ PRACTICE में 3 स्वर आने से लिखा गया है। और PRACTICE में A I E स्वर है इसलिए इन तीनों को हम एक गिनते हैं तथा PRACTICE में C के 2 बार आने से $\lfloor 2$ लिखते हैं।)

- अर्थात् PRACICE को हम 2160 तरीके से लिख सकते हैं।

**Q. यदि दो सिक्के उछाले जाते हैं तो दोनों पर पूंछ (Tail) आने की प्रायिकता क्या होगा?**

**व्याख्या-**

दो सिक्के उछालने पर प्रायिकता आने की संभावना एक बार Tail और Head व एक बार Head और Tail आता है। उसी प्रकार एक बार में दोनों सिक्कों को उछालने पर Tail का आना तथा Head का आने की संभावना है।

**सूत्र-** प्रायिकता $= \frac{\text{आने की संभावना}}{\text{कुल संभावन}} = \frac{1}{4}$ उत्तर

- **क्रमचय (Permutation) :** क्रमचय में दी गई वस्तुओं के ग्रुप में से क्रम को ध्यान में रखते हुए कुछ या सभी वस्तुओं को चुनना ही क्रमचय कहलाता है।
  जैसे- N वस्तुओं में से R वस्तुओं को एक साथ लेकर क्रमचय को P (N, R) संकेत से प्रकट करते हैं।
- **संचय (Combination) :** संचय में दी गई वस्तुओं के ग्रुप में से बिना क्रम को ध्यान में रखते हुए कुछ या सभी वस्तुओं को चुनना संचय कहलाता है।
  जैसे- N वस्तुओं में से R वस्तुओं को एक साथ लेकर संचय को C (N, R) संकेत से प्रकट करते हैं।

## EXERCISE

**Q. 15 खिलाड़ियों में से 11 खिलाड़ियों की एक टीम कितने प्रकार से चुनी जा सकती है। जबकि कप्तान को आवश्यक चुना जाए?**

**व्याख्या-**

- कुल संख्या 15, चुने गए 11
  कप्तान को आवश्यक चुनने के लिए
  n = 14 खिलाड़ी, r = 10 खिलाड़ी,

$$= {}^{14}C_{10} = \frac{\lfloor 14}{\lfloor 10 . \lfloor 14-10} = \frac{\lfloor 14}{\lfloor 10 . \lfloor 4}$$

$$= \frac{\lfloor 14 \times 13 \times 12 \times 11 \times 10}{\lfloor 10 \times 4 \times 3 \times 2} = 1001$$

**Q. एक पासे को एक बार उठाला जाता है। इस घटना से पासे पर प्राप्त संख्या 3 का अपवर्त्य है, को E से और 'पासे से प्राप्त संख्या सम है', को F से निरूपित किया जाए तो बताइये कि इस घटना में E और F स्वतंत्र है?**

**व्याख्या-**

- इससे स्पष्ट होता है कि
  $S = \{1, 2, 3, 4, 5, 6\}$
